सुप्रभात
रांची, रविवार
07.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net चैत, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 263

12 समाज के लिए जो खतरा बनेगा उसका *राम नाम सत्य* निश्चित : योगी

इफ्तार : शाम 6.04 (7 अप्रैल)
सेहरी : भोर 4.15 (8 अप्रैल)
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

### चुटुपालू घाटी में बेकाबू ट्रक ने एक-एक कर बस समेत पांच वाहनों को रौंदा

# एक की मौत, रांची के पांच समेत दर्जन भर घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रामगढ़ के चुटूपालू घाटी में शनिवार को एक बेकाबू ट्रक ने भारी तबाही मचायी। रांची की तरफ से आ रहे उस ट्रक का घाटी में ब्रेक फेल हो गया। इसके बाद ट्रक के सामने जो भी गाड़ियां आईं उसके परखच्चे उड़ा दिये। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। वहीं करीब दो दर्जन लोग घायल हैं। घायलों में पांच लोग रांची के निवासी बताये जा रहे हैं। घटना के बाद रांची-पटना मुख्य मार्ग एनएच 33 पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। करीब आधा दर्जन एंबुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा गया। सविलि सर्जन महालक्ष्मी प्रसाद ने कहा कि डादसे के बाद सदर अस्पताल के सभी डॉक्टर हाइअलर्ट मोड में थे। सभी डॉक्टरों को सदर अस्पताल बुलाया गया। (शेष पेज 11 पर)

## सीसीएल के दो अफसरों की हालत गंभीर



## कैसे हुआ हादसा

हादसे की पुष्टि करते हुए रामगढ़ एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि चुटूपालू घाटी में गड़के मोड़ के पास पहले से ही एक ट्रक (यूपी 14 एक्स 9117) दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। उस ट्रक को सड़क से हटाने के लिए क्रेन लगाये गये थे। इसी दौरान रांची की तरफ से आ रहे ट्रक (यूपी 66 टी 7482) का ब्रेक फेल हो गया। यह ट्रक इतनी तेजी से आ रहा था कि जब तक लोग कुछ समझ पाते उसने क्रेन को ही जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि राहत बचाव कार्य में लगा क्रेन डिवाइडर पर चढ़ गया। अनियंत्रित ट्रक यहीं नहीं रुका। इसके बाद उसने दो बाइक, दो कार, यात्रियों से भरी हेमकुंड बस (जेएच 02 एआर 5737) को भी जोरदार टक्कर मारी। यह टक्कर भी इतनी तेज थी कि यात्रियों से भरी बस भी डिवाइडर पर पलट गयी। इसके बाद एक पिकअप वैन और कार को टक्कर मारकर ट्रक घाटी में पहाड़ी से टकरा गया। इस भीषण दुर्घटना में सभी गाड़ियों के परखच्चे उड़ गये हैं।

## ताकेश्वर के रूप में मृतक की शिनाख्त

**पुलिस ने** मृतक बाइक सवार की पहचान तारकेश्वर महतो (42 ) के रूप में की। वह बाइक (जेएच 01 डीआर 6136) से रांची से रामगढ़ की तरफ आ रहे थे। उन्हें भी ट्रक ने जोरदार टक्कर मारी थी। श्री महतो वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के सारूबेड़ा के रहने वाले थे। घायलों में कमलेश भगत (गुमला), भरत केसरी (रातू, रांची), सीतेश कुमार, सुमित माहेश्वरी (रांची) दीक्षा कुमारी (अरगोड़ा), पंकज कुमार (हटिया), जनार्दन साव, राजेश (गुमला)। दो को रिम्स रेफर कर दिया गया है। रुस्तम अंसारी (लपंगा) लोहरदगा निवासी कुलेश्वर उरांव, चितरपुर निवासी खुदा बख्श, गोमिया निवासी केदारनाथ, उड़ीसा निवासी जलधर और रांची निवासी लक्ष्मण उरांव को इलाज के बाद अस्पताल से घर भेज दिया गया है।

## न्यूज डायरी

### तीन नक्सली ढेर, एके-47 समेत कई हथियार बरामद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर में सुरक्षाबलों के साथ भिड़ंत में तीन नक्सली मारे गये। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जिले के उसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर डोलीगुट्टा गांव के जंगलों में यह मुठभेड़ हुई।

### पलामू में स्कार्पियो से 15 लाख कैश बरामद

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फ्लाइंग स्क्वाड की टीम ने शनिवार को पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर-गढ़वा मार्ग पर मंगरदाहा घाटी में एक वाहन (स्कार्पियो (जेएच 03 एएम 5720) से 15 लाख रूपए नगद बरामद किया है। एफएसटी टीम रूपए को बरामद करने के बाद उसे जब्त कर ट्रेजरी में जमा करा दी है। इस संबंध में आयकर विभाग को जानकारी दी गयी है। बरामदगी के दौरान टीम द्वारा वीडियोग्राफी-फोटोग्राफी सहित अन्य तकनीकी कार्रवाई की है, ताकि पुख्ता प्रमाण रह सके।

### झामुमो बन गया जमीन मारो मोर्चा : भाजपा

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने शनिवार को झामुमो पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों ने बड़ी उम्मीद के साथ हेमंत सोरेन को चुना था। सोचा था कि वे उनकी और उनकी जमीन की रक्षा करेंगे। पर आज स्थिति यह है कि झामुमो जमीन मारो मोर्चा बन चुका है। आदिवासियों के हितों की रक्षा करने के बजाय यह मोर्चा जमीन लूट में शामिल हो गया। उन्होंने कहा कि झारखंड के लिए भाजपा नारा है कि हमने बनाया है, हम ही गढ़ेंगे।

### सोने ने रचा इतिहास, पहली बार 70 हजार पार

**मुंबई।** कीमती धातुओं के लिए यह सप्ताह ऐतिहासिक साबित हुआ। सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को सोने ने नया इतिहास बना दिया। सोने की कीमतें जीवन में पहली बार 70 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार करने में कामयाब हुईं। शुक्रवार को सोना 70,699 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर तक पहुंचा। वहीं चांदी शुक्रवार को 81,030 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक पहुंची।

### राज्यसभा चुनाव से जुड़ा हॉर्स ट्रेडिंग मामला बंद

**रांची।** राज्यसभा चुनाव 2016 से जुड़े हॉर्स ट्रेडिंग मामले को बंद कर दिया गया। रांची पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट पर शिकायतकर्ता ने कोर्ट में सहमति जतायी। इसके बाद कोर्ट ने आज केस बंद करने का आदेश दिया। क्लोजर रिपोर्ट पर एसीबी की अदालत में शिकायतकर्ता गृह विभाग के अपर सचिव अविनाश चंद्र ठाकुर ने शनिवार को अपना पक्ष रखा। उन्होंने पुलिस के अनुसंधान को सही बताया।

## बंगाल में एनआइ की टीम पर हमला, एक घायल

### भीड़ ने किया पथराव दो संदिग्ध गिरफ्तार दोनों टीएमसी के

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में छापेमारी के दौरान एनआइए अधिकारियों पर भी भीड़ ने हमला किया गया। शनिवार को तड़के राष्ट्रीय जांच एजेंसी की एक टीम पर उस समय हमला किया गया, जब अधिकारी तृणमूल कांग्रेस नेता के घर पर 2022 विस्फोट मामले की जांच करने पहुंचे थे। हमले में एनआइए टीम के एक अधिकारी घायल हो गये हैं। उनके वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गये हैं। भूपतिनगर विस्फोट मामले में कथित संलिप्तता के लिए शुक्रवार रात दो टीएमसी नेताओं को गिरफ्तार किए जाने के बाद यह मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक एनआइए ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें कोलकाता के बैंकशाल कोर्ट लाया गया है। गिरफ्तार दोनों की पहचान स्थानीय टीएमसी नेता मोनोब्रता जाना और बलाईलाल मैती के रूप




में की गयी। इससे पहले इडी की जांच जांच टीम पर भी वहां हमला किया गया था। 3 दिसंबर, 2022 को पूर्व मेदिनीपुर के नदुविला गांव के राजकुमार मन्ना के दो मंजिला घर में विस्फोट हुआ, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी थी। घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने जांच शुरू की, लेकिन बाद में एनआईए ने घटना की जांच अपने हाथ में ले ली। 30 मार्च को आठ तृणमूल कांग्रेस नेताओं को विस्फोट के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। हमले को लेकर एनआईए ने जानकारी देते हुए कहा, 'टीम के एक सदस्य को मामूली चोट आई और एजेंसी का आधिकारिक वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया, क्योंकि भीड़ में कुछ उपद्रवियों ने उन पर हमला किया। (शेष पेज 11 पर)

### कल्पना सोरेन ने संभाली 21 अप्रैल की महारैली की कमान, कहा

# रांची की उलगुलान महारैली लोकतंत्र बचाने की लड़ाई है

### झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रह केंद्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन शनिवार को पहली बार झामुमो के हरमू स्थित कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने 21 अप्रैल होनेवाली उलगुलान महारैली की कमान संभाली। साथ ही झामुमो के जिलाध्यक्षों व कार्यकर्ताओं संवाद किया। 21 को धुर्वा के शहीद मैदान में इंडिया गठबंधन की महारैली सभी से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को कहा। उन्होंने कहा कि उलगुलान महारैली लोकतंत्र बचाने की लड़ाई है। बैठक में नौ जिलों रांची, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, चतरा, सिमडेगा और लातेहार के जिलाध्यक्ष पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार, झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार



कर रही है। पूर्व सीएम हेमंत के सपने को केंद्र ने बीच में बाधित कर दिया है। उलगुलान के साथ आगे बढ़कर पूरे देश को बतायेंगे कि किस तरह केंद्र सरकार झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने संवैधानिक पद पर बैठे हेमंत और अरविंद केजरीवाल जैसे नेताओं को जेल में डाला है। उन्होंने कहा कि झारखंड झुकेगा नहीं। हेमंत सोरेन पर हुए ईडी की कार्रवाई और केंद्र की तानाशाही सरकार के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा की 21 अप्रैल को होने वाली उलगुलान महारैली को सफल बनाने की कमान खुद कल्पना सोरेन ने संभाल ली है। (शेष पेज 11 पर)

### केंद्र की तानाशाही को कुचलने का उलगुलान

बैठक के बाद कल्पना सोरेन ने कहा कि 21 अप्रैल को होनेवाली उलगुलान महारैली लोकतंत्र बचाने की लड़ाई का हिस्सा है। झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को झूठे मामले में गिरफ्तार किया गया है। 21 को रांची के प्रभात तारा मैदान में केंद्र की तानाशाही रवैया और संविधान को कुचलने की कोशिश के खिलाफ झारखंड की जनता उलगुलान करेगी। उन्होंने कहा, आपका उत्साह देख कर वह भी उत्साहित हैं। राज्य की जनता कह रही है, झारखंड झुकेगा नहीं, देश झुकेगा नहीं। गांडेय विधानसभा उपचुनाव पर उन्होंने कहा कि जब तक इसकी पार्टी स्तर पर घोषणा नहीं हो जाती तब तक वह कुछ नहीं कहेंगी। कार्यक्रम में हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद पिंटू भी पहुंचे, लेकिन उन्होंने मीडिया से बात नहीं की।

## डबल मर्डर में पूर्व विधायक पौलुस दोषी करार, 10 को सजा के बिंदु पर सुनवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** खूंटी जिले के कर्रा में दो लोगों की हत्या मामले में अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की की कोर्ट ने जेएमएम के पूर्व विधायक पौलुस सुरीन और नक्सली जेठा कच्छप को दोषी करार दिया है। इनकी सजा के बिंदु पर 10 अप्रैल को सुनवाई होगी। झामुमो के पूर्व विधायक पौलुस सुरीन को कोर्ट ने दोषी ठहराया है। वे दो लोगों की हत्या के मामले में ट्रायल फेस कर रहे थे। तमाम सबूतों को देखने के बाद कोर्ट ने उन्हें दोषी पाया है। वर्ष 2013 में तोरपा में पुलिस मुखबिरी के आरोप में भूषण कुमार सिंह और राम गोविंद की हत्या कर दी गयी थी।

इसी मामले में अदालत ने पौलुस सुरीन और नक्सली जेठा कच्छप को दोषी करार दिया है। इससे अब पौलुस सुरीन और नक्सली जेठा कच्छप की मुश्किलें बढ़ सकती है। पौलुस सुरीन दो बार झामुमो के विधायक रह चुके हैं। वहीं, अदालत ने मामले में ट्रायल फेस कर रही तीन महिला और कृष्णा महतो को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। सुनवाई के दौरान नक्सली जेठा कच्छप वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से गोड्डा जेल से कोर्ट के समक्ष उपस्थित था, वहीं, पौलुस सुरीन कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे।

इसी मामले में पीएफएलआई सुप्रीमो दिनेश गोप भी ट्रायल फेस कर रहा है। अभियोजन पक्ष की ओर से 12 गवाह पेश किये गये थे, जबकि बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह पेश किया गया। हत्याकांड की घटना को लेकर कर्रा थाना में कांड संख्या 27/ 2013 के तहत प्राथमिकी दर्ज है। अपराधियों ने इन दोनों को घर के सामने चबूतरा में अंधाधुंध फायरिंग कर हत्या कर दी थी।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर 1.25 लाख रुपये का जुर्माना

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने दायर याचिका में बिना त्रुटि दूर किये मामले को सुनवाई के लिए मेंशन करने पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर 1 लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। दरअसल हाइकोर्ट अर्जुन मुंडा द्वारा 11 अप्रैल 2023 को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान पाया कि याचिका में त्रुटि अब तक दूर नहीं की गयी है। इसके बाद भी मामले को कोर्ट में सुनवाई के लिए मेंशन किया गया। कोर्ट ने याचिका में त्रुटि दूर किए बिना इस याचिका को कोर्ट के समक्ष सुनवाई के लिए मेंशन करने को गंभीरता से लिया। साथ ही अर्जुन मुंडा पर 1 लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। मामले की अगली सुनवाई 8 मई को होनी है। कोर्ट ने जुर्माना की इस राशि को एडवोकेट क्लर्क एसोसिएशन, झारखंड हाई कोर्ट के पास जमा करने का निर्देश दिया है। हालांकि कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए मंत्री अर्जुन मुंडा को तत्काल राहत देते हुए उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगायी थी। कार्यक्रम के तहत सचिवालय की ओर मार्च कर रहे भाजपा कार्यकताओं की पुलिस के साथ झड़प हो गयी थी। (शेष पेज 11 पर)

## खतियान आधारित नीति लाकर रहेंगे : मुख्यमंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि जिस किसी को झारखंड व यहां की मिट्टी से दर्द है, वह कभी भी भाजपा को वोट नहीं दे। भाजपा को यहां की जनता नहीं बल्कि खनिज-संपदा प्यारी है। मुझे पूरा विश्वास है कि आज नहीं तो कल 1932 का खतियान आधारित नीति लाकर रहेंगे। इसके साथ ही सरना धर्म कोड व आरक्षण में वृद्धि को लागू करके रहेंगे। 2024 के चुनाव में लोकतंत्र, संविधान व झारखंड को बचाना है, नहीं तो ये लोग एक दिन सबको नष्ट कर देंगे। सीएम शनिवार को बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड के अलारगो में स्व जगरनाथ महतों की पुण्यतिथि पर उनके समाधि स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बोल रहे थे। सीएम के साथ कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। सीएम ने कहा कि जगरनाथ बाबू ने हर समय अपने संघर्ष को जारी रखा। झारखंड का हित हो ऐसे हर काम के बारे में सोचते रहते थे। उनकी रुमाल से लेकर गाड़ी तक में झारखंडियत झलकती थी। वे अक्सर कहा कहते थे कि शिक्षा विभाग कैसे दुरुस्त होगा? पारा शिक्षकों की समस्याओं का निदान कैसे होगा? कभी भी अपने सुख पर ध्यान नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हेमंत की सरकार उस वक्त आदिवासियों-मूलवासियों की सोच के साथ काम कर रही थी। गरीबों को रोटी-कपड़ा व मकान देने का काम किया।

# सोनिया और मोदी का एक दूसरे पर करारा प्रहार

## लोकतंत्र की मर्यादा का किया जा रहा चीरहरण : सोनिया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के मतदान की तिथि में अब सिर्फ दो हफ्ते बचे हैं। सभी दलों के नेता अपने उम्मीदवारों के चुनाव प्रचार में जोरशोर से जुट गये हैं और एक दूरसे पर जम कर प्रहार कर हे हैं। शनिवार को जयपुर में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा, हमारा देश पिछले दस साल से एक ऐसी सरकार के हवाले है जिसने बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक संकट, असमानता और अत्याचार को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं



छोड़ी है। उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है। लोकतांत्रिक संस्थाओं को बर्बाद किया जा रहा है। संविधान को बदलने का षडयंत्र रचा जा रहा है। मोदी जी खुद को महान मानकर देश, लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चारों तरफ अन्याय का अंधकार कायम कर दिया है। हम इसके खिलाफ लड़ेंगे और न्याय की रोशनी लायेंगे। श्रीमती गांधी शनिवार को जयपुर में एक चुनावी सभा में बोलत रही थीं। वहीं पार्ट अध्यक्ष खड़गे ने कहा, एम्स, आइआइटी, रेलवे आदि कांग्रेस के जमाने में आयी और मोदी कहते हैं कि देश के विकास में काम कर रहा हूं। इस बार नया ड्रामा लाये हैं, वो पार्टी का नाम भी नहीं बोलते और कहते हैं कि मोदी की गारंटी और मोदी है तो मुमकिन है। (शेष पेज 11 पर)

## कांग्रेस के घोषणापत्र में देश के टुकड़े करने की बू : मोदी

एजेंसी

**अजमेर।** पीएम मोदी ने कांग्रेस और विपक्षियों पर कड़ा प्रहार करते करते हुए कहा, तीसरा कार्यकाल बहुत दूर नहीं, भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी की लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा करार दे दिया। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस तो दशकों पहले ही समाप्त हो चुकी है, पर कांग्रेस के घोषणापत्र में पूरी तरह मुस्लिम लीग की छाप है। इस घोषणा पत्र के जरिये कांग्रेस मुस्लिम लीग के उन विचारों को



आज भारत पर थोपना चाहती है। उन्होंने कहा यह कांग्रेस की बड़ी सच्चाई को बेनकाब करने वाला ये घोषणा पत्र है। इसके हर पन्ने पर भारत के टुकड़े करने की 'बू' आ रही है। उन्होंने कहा कि आज की कांग्रेस के पास न सिद्धांत हैं और नीतियां ही, उन्होंने सब कुछ ठेके पर दे दिया है। कांग्रेस जहां रहती है, वहां का विकास हो ही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी गरीबों-वंचितों के लिये नहीं सोचा। कांग्रेस परिवार वाद और भ्रष्टाचार करने वाली पार्टी है, एक तो करेला, दूसरे नीम चढ़ा। पीएम मोदी शनिवार को अजमेर के निकटवर्ती तीर्थराज पुष्कर के मेला मैदान से अजमेर तथा नागौर से पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में विजय शंखनाद रैली को सम्बोधित कर रहे थे। (शेष पेज 11 पर)

### बड़ी नक्सली साजिश विफल, लैंड माइंस बरामद

**मेदिनीनगर।** सुरक्षाबलों ने पलामू में माओवादियों की एक बड़ी साजिस विफल कर दी। सीआरपीएफ एवं पुलिस की टीम ने एक लैंड माइंस को रिकवर किया है जिसे विस्फोट कर नष्ट कर दिया गया। दरअसल, सीआरपीएफ और पुलिस की टीम नक्सल विरोधी अभियान चला रही थी। इसी क्रम में पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के आबुन के इलाके में अभियान में शामिल जवानों को कुछ संदिग्ध वस्तु नजर आयी। जांच की तो पता चला कि पांच किलो का सिलेंडर लैंड माइंस है। बाद में सीआरपीएफ की बम निरोधक दस्ते ने बरामद लैंडमाइंस को विस्फोट कर नष्ट कर दियाष आशंका जताई जा रही है कि माओवादियों ने सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए लैंडमाइंस प्लांट किया था।

तीसरी आंख



# सर्कुलर रोड के रेस्टोरेशन का काम शुरू, डस्ट व धूल से मिलेगी निजात

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सर्कुलर रोड के रेस्टोरेशन का काम शनिवार से शुरू हो गया है। जुडको की एजेंसी नागार्जुना कंस्ट्रक्शन द्वारा इस रोड में पेयजलापूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू किया गया था। पाइप बिछाने के बाद रेस्टोरेशन के लिए मिट्टी बैठने और हाइड्रो परीक्षण का काम तकनीकी रूप से पूरा होने के बाद सड़क को सुधारने का काम शुरू किया गया है। मालूम हो कि पाइप बिछाये जाने के बाद ऊपर डस्ट डालने के कारण आम लोगों को परेशानी हो रही थी। जेल मोड से लालपुर तक 900 मीटर की सड़क पर पहले डीबीएम डाला गया है। तकनीकी आवश्यकताओं के कारण डीबीएम पर बिटुमिनस लेयर अथवा कालीकरण एक सप्ताह बाद शुरू किया जायेगा। इससे डस्ट और धूल से निजात मिलेगी। इस बीच लालपुर से कोकर रोड पर रेस्टोरेशन के लिए प्राथमिक आवश्यकता के अनुरूप डस्ट हटा कर डब्ल्यूएमएम और जीसीबी अथवा गिट्टी बिछाने और उसे भिगाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। जल्द ही इस क्षेत्र में भी डीबीएम का काम शुरू किया जायेगा। जेल मोड से लालपुर के बीच चार दिनों में डीबीएम का काम पूरा हो जायेगा। इसके बाद लालपुर से कोकर के बीच डीबीएम एवं कालीकरण का काम शुरू किया जायेगा। रेस्टोरेशन का काम पूरा होने पर डस्ट से मुक्ति मिलने के साथ ही यातायात भी सुचारू हो जायेगा।

## सरहुल से पहले जुडको सड़क के गड्ढों को भरे



**रांची।** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल ने जुडको कार्यालय में प्रोजेक्ट डायरेक्टर को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गये ज्ञापन में जायसवाल ने कहा कि पाइपालाइन बिछाने के लिए खोदी गयी शहर की प्रमुख सड़कों पर नियमित टैंकर से पानी का छिड़काव करने, सरहुल व रामनवमी त्योहार के पूर्व सड़क का पक्कीकरण कर दुरुस्त करने की मांग की है।

### अगले तीन दिनों के बाद गिरेगा पारा, बंगाल की खाड़ी में बना साइक्लोन

# झारखंड में झुलसाने लगी गर्मी, कई जिलों में पारा 42 डिग्री तक पहुंचा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में गर्मी ने अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है। झारखंड के कई जिलों में पारा 42 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। सरायकेला-खरसावां में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री से. दर्ज किया गया। वहीं राज्य के पूर्वी भागों में सात से आठ अप्रैल को कहीं-कहीं लू चलने की आशंका है। इसका असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ जिलों में पड़ने की संभावना है।



**किस जिला में कितना रहा अधिकतम तापमान**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बोकारो | 38.4 | गोड्डा | 41.8 | सिमडेगा | 39.5 |
| चतरा | 37.3 | खूंटी | 38.6 | सिमडेगा | 39.5 |
| देवघर | 40 | पाकुड़ | 41.2 | प. सिंहभूम | 39.9 |
| गढ़वा | 39.1 | सरायकेला | 42.2 | पलामू | 39.9 |
| गिरिडीह | 38.5 | रांची | 36 | रामगढ़ | 38 |

## अगले तीन दिन बाद गिरेगा पारा, गर्मी से मिलेगी राहत

मौसम विभाग के अनुसार झारखंड के पूर्वी हिस्से में कुछ जगहों पर उष्ण लहर की स्थिति देखी जा रही है लेकिन, बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोन से लोगों को राहत मिलेगी। अगले तीन दिनों में गरज के साथ बारिश होगी, जिससे गर्मी से थोड़ी निजात मिलेगी। कहीं-कहीं वज्रपात, 7 अप्रैल को तेज हवाएं चलेंगी, जिसकी रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर के बीच हो सकती है। वहीं 9 अप्रैल को राज्य के दक्षिणी हिस्से में कहीं-कहीं तेज हवाएं चलेंगी। गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। वज्रपात भी हो सकता है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में अगले 2 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले 3 दिनों के दौरान इसमें 4 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।

## खबर एक नजर में

### थार ने स्कूटी में मारा धक्का, एक की मौत, एक गंभीर

**रांची।** राजधानी रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में करमटोली के पास शनिवार की रात 8.45 बजे एक थार कार ने स्कूटी सवार को धक्का मार दिया। धक्का मारने के बाद थार गाड़ी का ड्राइवर आइएमए के पास गाड़ी को छोड़ कर फरार हो गया। लालपुर इंस्पेक्टर आदिकांत महतो ने बताया कि घटना लोकायुक्त मोड़ पर घटी। स्कूटी पर सवार एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर हो गयी। जबकि, दूसरे गंभीर व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि स्कूटी सवार लोकायुक्त कार्यालय के आगे मोड़ से टर्न कर रही थी। इसी क्रम में यह घटना घटी। मृत व्यक्ति गढ़वा जिले का रहनेवाला है, जबकि जख्मी सीएमपीडीआई के नजदीक रहनेवाला है। पुलिस ने थार गाड़ी को जब्त कर लिया है।

### ग्रामीण कार्य के उप सचिव को निंदन की सजा

**रांची।** ग्रामीण कार्य विभाग के उप सचिव विजय कुमार भगत को निंदन की सजा दी गयी है। विजय कुमार पर वन विभाग में अवर सचिव के पद पर रहते हुए भारतीय वन सेवा के पदाधिकारी व सेवानिवृत पदाधिकारी नरेंद्र मिश्रा के खिलाफ लगे आरोपों की फाइल लगभग ढाई साल तक दबाने का आरोप है। इससे राजस्व की क्षति भी हुई है। हालांकि बाद में उनसे स्पष्टीकरण किया गया, जिसमें उन्होंने बचाव बयान दिया। यह बात सामने आयी कि उन्होंने जानबूझकर फाइल नहीं दबाई थी और राजस्व की क्षति जो हुई उसकी नींव विधि विभाग से ही शुरू की गयी थी। सीधे-सीधे सिर्फ उन पर आरोप प्रमाणित नहीं किया जा सकता।

### झारखंड पार्टी के एनोस एक्का, अशोक भगत होंगे स्टार प्रचारक, आयोग से मांगा पास

**रांची।** झारखंड पार्टी ने लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड को पत्र लिखा है। जिसमें पार्टी के स्टार प्रचारकों की लिस्ट की जानकारी दी गई है। स्टार प्रचारकों में पार्टी के अध्यक्ष सह पूर्व कैबिनेट मंत्री एनोस एक्का और पार्टी के प्रधान महासचिव सह पूर्व राज्य मंत्री अशोक कुमार भगत समेत 12 लोग है। वहीं पार्टी के सदस्यों का पास निर्गत करने का अनुरोध किया गया है। स्टार प्रचारकों में एनोस एक्का, अशोक कुमार भगत, अजीत कुमार, रिजवान अहमद, चित्रसेन सिन्कु, किरण कुमार आइंद, अर्पणा हंस, ऐनुल हक अंसारी, संदेश विभव एक्का, आइरिन एक्का, महेंद्र हांसदा, अतीश कुमार सिंह शामिल है।

### पूर्व सीएम मधु कोड़ा के भाई राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर 16 को सुनवाई

**रांची।** आयकर रिटर्न नहीं भरने के एक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के भाई राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई अपर न्यायुक्त पीके शर्मा की कोर्ट में शनिवार को हुई। मामले में कोर्ट ने अभियोजन पक्ष को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने पैरवी की। बताते चलें कि राजेश कोड़ा पर आयकर रिटर्न नहीं भरने का आरोप लगा है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की शिकायत के अनुसार राजेश कोड़ा ने वर्ष 2004 से 2010 तक आयकर रिटर्न नहीं भरा है। यह भी बता दें कि आयकर रिटर्न नहीं भरने से संबंधित एक अन्य मामले में मधु कोड़ा की पत्नी सह सांसद गीता कोड़ा ने भी जमानत अर्जी रांची सिविल कोर्ट में दायर की थी, इसके बाद उन्हें जमानत मिली थी।

# दवा ने मनाया पोयला बैशाख बंगाली नववर्ष

### पारंपरिक लोकगीत, रविंद्र संगीत, समूह नृत्य का लोगों ने उठाया लुत्फ

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन (दवा) ने शनिवार को धूमधाम से पोयला बोइशाख बंगाली नववर्ष का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत सदस्यों के द्वारा शंखनाद कर की गई। सभी सदस्यों का स्वागत अध्यक्ष श्रीला चौधरी ने किया। चेयरपर्सन विनीता शरण तथा फाउंडर एंड को चेयरपर्सन झूमा सरकार ने बंगाली संस्कृति के संवर्धन एवं पारंपरिक रीति रिवाजों के संरक्षण पर बोलते हुए सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं और बधाई दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्यता देखते बनती थी, मानो पूरा बंगाल आईएमए हॉल में उतर आया हो। पारंपरिक बंगाली लोकगीत, रविंद्र संगीत, समूह नृत्य का लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। पारंपरिक बंगाली शादी का नाट्य रूप प्रस्तुत किया गया ,जिसे सदस्यों द्वारा बहुत वाहवाही मिली। तरह-तरह के बंगाली पकवानों से दस्तरखान सजा था। सचिव अमृता वैद्या ने धन्यवाद ज्ञापन के पहले सदस्यों को चैरिटी के बारे में बताया।

कार्यक्रम में मोनापाल, बैसाखी मांझी, सम्पा चटर्जी, उमा सेनगुप्ता, संयुक्ता चौधरी, रिंकू बनर्जी, रेणु तिवारी, मोनीदीपा सरकार, पिंकी राय, संचिता मुखर्जी, शिप्रा बनर्जी, देवयानी सन्याल, बलाका राय, डॉ निवेदिता चक्रवर्ती, डॉ साक्षी सिंह, डॉ देवयानी पाल, डॉ ब्यूटी बनर्जी, मोनीदीपा दासगुप्ता, मधु गुप्ता, अंजू कुमारी सिंह, शिवानी साहू, दीपा चौहान, बिंदु प्रसाद, रश्मि कुमार, रेखा मिश्रा ,शोभा कुमार, शालिनी गुप्ता, डॉ अनुराधा जायसवाल, रश्मि अग्रवाल, नीता सहाय, श्वेता रंजन, पल्लवी सुनील, सुप्रिया ठाकुर, पल्लवी शरण, सुमिता कुमार, रंजना जैन, कमलेश मिद्धा, डॉ रश्मि कुमार, मंजू सिंह, प्रियंका लांबा, बीना झा, रीना शाह, मंजू खेतान, निर्मला गाड़ोदिया, डॉ उषा सिंह, आरती सिंह, प्रीति नवीन, डॉ शिक्षा लाल, डॉ अनु, मीनाक्षी महतो, डॉ स्मृति नारायण, सुमन बरनवाल, डॉ नेहा प्रिया, नीलम शेखर, रश्मि सिंह ,डॉ अंकिता वर्मा, सुनीता सिन्हा, विभा सिंह, प्रभा दारूका, पुष्पलता ,सुषमा मिश्रा, रश्मि कुमार, डॉ आभा, भारती झा, नीलम तिवारी, मिथिलेश सिंहा, रिद्धिमा मित्तल, निभा मिश्रा, सविता रानी सिंह, तरुणा छाबड़ा, रिंकू चौधरी, जया साहू, पूनम झा थीं।

## रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी मामले में दोनों आरोपियों की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

### कोरोना काल में हुई थी कालाबाजारी, आरोपियों पर होगा आरोप गठित

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** कोरोना काल में राजधानी रांची में रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी मामले में आरोपी राजीव कुमार सिंह और मनीष कुमार सिन्हा के डिस्चार्ज पिटीशन पर साइबर क्राइम एंड ड्रग कॉस्मेटिक मामले की विशेष अदालत ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने राजीव कुमार सिंह एवं मनीष कुमार सिन्हा की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी। अब इन दोनों के खिलाफ आरोप गठन की प्रक्रिया शुरू होगी। पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था।

बताते चलें कि आरोपियों ने देश में कोरोना काल में आपदा में इस दवा की झारखंड में व्यापक मांग को देखते हुए कालाबाजारी कर दवा की अधिक कीमत वसूली की थी। फर्जी दस्तावेज और अनाधिकृत रूप से रेमडेसिविर इंजेक्शन की बिक्री इनके द्वारा की गई थी। इस पर झारखंड हाई कोर्ट ने संज्ञान लिया था। जांच के लिए तत्कालीन एडीजी अनिल पालटा के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। एसआइटी ने जांच पूरी करते हुए अदालत में चार्जशीट कर दिया था। मामले में आरोपी राजीव कुमार और मनीष कुमार सिन्हा के खिलाफ 26 जून 2021 को पहला आरोप पत्र एसआईटी ने दाखिल किया था। मामले को लेकर कोतवाली थाना में कांड संख्या 107/2021 के तहत प्राथमिकी दर्ज हुआ था।

### ब्राउन शुगर बेचने वाला युवक धराया

**रांची।** ब्राउन शुगर की बिक्री करने आये युवक को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए रातू थाना क्षेत्र के नवासोसो में पुलिस ने 22 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ रंजन यादव नामक युवक को पकड़ा है। पुलिस ने उसके पास से एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो बरामद किया। रंजन इसी स्कॉरपियो से ब्राउन शुगर की तस्करी करता था। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान सशस्त्र बल के सहयोग से रंजन यादव गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से 22 पुड़िया कुल वजन (4.86 ग्राम) ब्राउन शुगर बरामद किया गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।

## गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव समेत सात पर आरोप गठित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के साथ उसके सहयोगी खलारी निवासी इजाज अंसारी, मिंकु खान समेत सात पर आपराधिक साजिश रचकर 49.84 लाख रुपए रंगदारी वसूलने समेत अन्य आरोपों में आरोप तय कर दिया गया है। एटीएस की विशेष अदालत ने मामले में अमन श्रीवास्तव, इजाज अंसारी, मिंकु खान, फिरोज खान, जहीर अंसारी, सुरेंद्र कुमार एवं मो. आलम उर्फ नेपाली पर आरोप गठित किया है। सभी आरोपी जेल में बंद हैं। आरोप गठन के बिन्दु पर सुनवाई के दौरान अदालत ने सभी आरोपियों पर लगे आरोपों को पढ़ कर सुनाया। आरोपियों ने आरोप को निराधार बताते हुए खुद को निर्दोष बताया। मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी।

**क्या है मामला :** एटीएस टीम ने रंगदारी वसूली के मामले में एजाज अंसारी को 20 जुलाई 2023 को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के समय उसके पास से 49.84 लाख रुपए जब्त किया गया था। उसकी गिरफ्तारी पतरातू-पिठोरिया से हुई थी। वह अमन श्रीवास्तव के निर्देश पर कारोबारी से रंगदारी वसूल कर वाहन से जा रहा था।

### डीएवी बरियातु ने किया ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

## बच्चों के पालन-पोषण और शैक्षणिक प्रगति में माता-पिता की भूमिका अहम : डॉ. तापस घोष

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में शनिवार को सत्र 2024-2025 में बाल वाटिका में नामांकित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों संग ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। मौके पर डीएवी के उद्देश्य और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अभिभावकों की सजगता और सहभागिता के प्रकार और महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का आरम्भ हवन से हुआ। प्राचार्य डॉ. तापस घोष ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के पालन और उनकी शैक्षणिक प्रगति में माता-पिता के आचार और विचार के समस्त अंशों का सम्पूर्ण प्रभाव उनके शारीरिक और मानसिक विकास को प्रभावित करता है। माता-पिता के व्यवहार और कर्म में पारदर्शिता, नैतिकता और अनुशासन उनके बच्चों के व्यक्तित्व का तदनुसार निर्माण करता है। मूवमेंट कांउसलर पूजा बियानी ने डांस एक्टिविटी माध्यम से बताया कि बच्चे किस तरह अपने माता-पिता का अनुसरण करते हैं। उन्होंने अपील की कि बच्चों को को कहानियां सुनाएं न कि उनसे पीछा छुड़ाने को मोबाइल के प्रलोभन जाल में फंस जाने दें।

### लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने संगठन पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# किसी भी पार्टी का रोड मैप होता है मेनिफेस्टो : मीर

खबर मन्त्र ब्यूरो



### चुनाव उम्मीदवार नहीं लड़ता बल्कि संगठन लड़ता है : राजेश ठाकुर

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में झारखंड के कार्यकारी अध्यक्ष, सभी लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी, लोकसभा उम्मीदवार, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, प्रवक्ता की बैठक प्रेस क्लब सभागार में शनिवार को हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर मौजूद थे।

बैठक में पांच न्याय 25 गारंटी अभियान के संबंध में विस्तृत चर्चा तथा बूथ लेवल एजेंट पंजीकरण की अद्यतन स्थिति की पूरी जानकारी जिला अध्यक्ष एवं लोकसभा प्रभारी से ली गई। इसके पश्चात विस्तृत चर्चा के बाद बचे हुए बीएलए की पंजीकरण के लिए अविलंब दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने लोकसभा उम्मीदवारों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक संसदीय स्तर पर एक केंद्रीय चुनाव कार्यालय खोलना है जो 24/7 खुला रहेगा। कांग्रेस के मेनिफेस्टो का अनुसरण करना है, राहुल गांधी द्वारा जनता को दिए गए वचन का अनुसरण करना है, बूथ स्तर पर गारंटी कार्ड को जनता के बीच वितरित करना है, लोकसभा स्तर पर नेताओं और कार्यकताओं के बीच जिम्मेवारियों का बंटवारा करना है।

गुलाम अहमद मीर ने कहा कि किसी भी पार्टी का मेनिफेस्टो पार्टी का रोड मैप होता है। कांग्रेस का इस बार का मेनिफेस्टो परंपरागत मेनिफेस्टो नहीं है बल्कि जब कई वर्षों से देश के लोगों की बात कोई नहीं सुन रहा था केंद्र सरकार आंखें बंद कर सोई पड़ी थी तब राहुल जी ने सुनने का काम किया। भारत जोड़ो यात्रा और उसके बाद भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और मणिपुर से लेकर मुंबई तक लोगों की बातों को जानने के लिए राहुल गांधी ने एक महा जन संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान मिले लाखों लोगों की बातों को सैकड़ो कैमरों द्वारा रिकॉर्ड की गई। उन्हीं बातों के निचोड़ को कांग्रेस के मेनिफेस्टो में इस बार रखा गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में हमारी पहली लड़ाई संविधान बचाने के लिए है तो दूसरी लड़ाई लोगों के स्वतंत्रता के अधिकार को बचाने के लिए है कि लोग इस देश में अपनी मर्जी से कैसे रहे, क्या खाएं, क्या पहने, क्या बोलें इसकी स्वतंत्रता होनी चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड में चुनावी माहौल अच्छा है। कभी भी चुनाव उम्मीदवार नहीं लड़ता बल्कि संगठन लड़ता है। उम्मीदवार की घोषणा कभी भी हो सकती है लेकिन संगठन की अपनी तैयारी कई महीनो से जारी रहती है और इसी संगठन की बदौलत चुनाव में उम्मीदवारों की हार जीत होती है। उम्मीदवारों की हार जीत उनकी व्यक्तिगत हार जीत नहीं बल्कि संगठन की हार जीत होती है। राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के पांच न्याय 25 गारंटी को हमें जनता के समक्ष पूरी तरह से रखना होगा ताकि आम जनता मोदी द्वारा दी गई झूठी गारंटी और कांग्रेस द्वारा पूर्व में दी गई गारंटी और आगामी चुनाव के लिए दी जा रही गारंटी की तुलना कर सके। उन्होंने कहा कि पूरा देश भाजपा के चंगुल से आजाद होना चाह रहा है। उनके झूठे जुमले को सुन सुन कर जनता के बीच असंतोष बढ़ता जा रहा है। जनता अपने गुस्से को मतदान में तब्दील करना चाहती है। हमें जरूरत है कि हम जनता को यह विश्वास दिला सके कि कांग्रेस और उनके गठबंधन के सहयोगी हमेशा उनके साथ खड़े थे और साथ खड़े रहेंगे।

**कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद :** इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, बन्धु तिर्की, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, मंत्री रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, विधायक दीपिका पांडेय सिंह, उमाशंकर अकेला, नमन विक्सल कोन्गाडी, रामचन्द्र सिंह, राजेश कच्छप, भूषण बाड़ा, शिल्पी नेहा तिर्की, लोकसभा प्रत्याशी सुखदेव भगत, जयप्रकाश भाई पटेल, लोकसभा को-ऑर्डिनेटर- केशव महतो कमलेश, बन्ना गुप्ता, प्रदीप तुलस्यान, सुलतान अहमद, जयशंकर पाठक, रमा खलखो, भीम कुमार, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, प्रवक्ता सोनाल शांति, कमल ठाकुर, ऋषिकेश सिंह, शमशेर आलम, शान्तनू मिश्रा, शकील अहमद, आभा सिन्हा, जगदीश साहू, निरंजन पासवान, जिला प्रभारी- रवीन्द्र वर्मा, अनूकुल मिश्रा, अजय सिंह, विनोद कुशवाहा आदि।

## भाजपा झंडा लगाकर पार्टी ने मनाया स्थापना दिवस समारोह



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा की ओर से गुरुवार को स्थापना दिवस बनाया गया। इस दौरान प्रदेश भर में प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने घर एवं जिला-मंडल पार्टी कार्यालयों में भाजपा का झंडा लगाया। गढ़वा के विश्रामपुर मंडल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का झंडा फहराया। इस अवसर पर श्री मरांडी ने कहा कि देशसेवा एवं जनसेवा में सदैव समर्पित, एकात्म मानववाद और अंत्योदय के मंत्र पर अग्रसर रहने वाली पार्टी है भाजपा। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा का झंडारोहण कर स्थापना दिवस मनाया। उन्होंने कहा कि सेवा ही समर्पण अंत्योदय और एकात्म मानववाद के ध्येय के अनुरूप चलने वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी है।

प्रदेश कार्यालय में स्थापना दिवस पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दिन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यापर्ण किया गया। इस अवसर पर दीपक प्रकाश ने पुष्पार्पण करते हुए कहा कि राष्ट्रहित, अंत्योदय और एकात्म मानववाद के ध्येय को लेकर चलने वाली पार्टी के उन सभी महान विभूतियों को नमन, जिनकी निः स्वार्थ सेवा से भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। इस अवसर पर अशोक बड़ाईक, केके गुप्ता, नीरज सिंह, सीमा पासवान, निशि जायसवाल, बलबीर सलूजा, संजय चौधरी, पीयूष सरकार, अमित चरण, बबिता वर्मा, सोनी हेमरोम आदि थे।

## झारखंड के इस रोपवे हादसे में में तीन यात्रियों की हुई थी मौत

# देवघर में त्रिकूट रोपवे हादसा के दोषी संचालक पर लगेगा ₹9.11 करोड़ दंड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधि विभाग ने देवघर की त्रिकूट रोपवे दुर्घटना की जांच रिपोर्ट के आधार पर इसके संचालक दामोदर रोपवे कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पर 9.11 करोड़ रुपये का अर्थ दंड लगाने और उसे ब्लैक लिस्ट करने के मामले में अपनी सहमति दे दी। दुर्घटना के बारे में उच्चस्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर झारखंड पर्यटन विकास निगम (जेटीडीसी) के निदेशक मंडल ने संचालक पर 9.11 करोड़ रुपये का अर्थदंड लगाने और ब्लैक लिस्ट करने का फैसला किया था। पर्यटन विभाग ने निगम के इस फैसले पर विधि विभाग से राय मांगी थी।

### 26 अक्तूबर को हुई थी जेटीडीसी के निदेशक मंडल की बैठक

विधि विभाग ने इस मामले में सरकार को दी गयी अपनी राय में कहा है कि जेटीडीसी के निदेशक मंडल की बैठक 26 अक्तूबर को हुई थी। इसमें निदेशक मंडल ने रोपवे के संचालक दामोदर रोपवे कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पर 9.11 करोड़ रुपये का अर्थ दंड लगाने और उसे ब्लैक लिस्ट करने का फैसला किया गया। इस फैसले के आलोक में जेटीडीसी द्वारा दामोदर रोपवे से 31 जनवरी 2024 और नौ फरवरी 2024 को स्पष्टीकरण पूछा गया था। जेटीडीसी ने रोपवे के संचालक का जवाब मिलने के बाद उसकी समीक्षा की। इसके बाद संचालक



से दंड की वसूली और उसे ब्लैक लिस्ट करने के अपने फैसले पर विधि विभाग की राय मांगी। इससे संबंधित फाइल पर्यटन एवं खेलकूद विभाग के माध्यम से विधि विभाग को भेजी गयी। विधि विभाग ने उच्चस्तरीय समिति की जांच रिपोर्ट में वर्णित तथ्यों ,जेटीडीसी निदेशक मंडल के फैसले और दामोदर रोपवे के जवाब की समीक्षा कर अपनी राय दी। विधि विभाग ने सरकार को अपनी राय देते हुए लिखा कि दंड लगाने का फैसला निदेशक मंडल ने किया है। कंपनी के नियमों के तहत वह अपने मामले में फैसला लेने के लिए सक्षम है। निदेशक मंडल ने यह फैसला स्वतंत्र जांच रिपोर्ट के आलोक में लिया है। सरकार द्वारा करायी गयी जांच रिपोर्ट में दामोदर रोपवे को प्रथमदृष्टया दोषी पाया गया था। परोक्ष दायित्व के सिद्धांत के अनुसार भी 10 अप्रैल 2022 को हुई दुर्घटना के लिए वह उत्तरदायी है। इसलिए प्रशासी विभाग निगम के निदेशक मंडल द्वारा किये गये फैसले पर विचार कर सकती है।

### 10 अप्रैल 2022 को हुआ था हादसा

बता दें कि 10 अप्रैल 2022 को हुई दुर्घटना में तीन यात्रियों की मौत हो गयी थी। रोपवे में फंसे यात्रियों को बचाने के लिए सरकार ने सेना का सहयोग लिया था। इस दुर्घटना के सिलसिले में हाइकोर्ट में भी एक याचिका विचाराधीन है। राज्य सरकार ने दुर्घटना की जांच के लिए 19 अप्रैल 2022 को एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था। इसमें विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञों को शामिल किया था। इस समिति ने दुर्घटना के दो महत्वपूर्ण कारण बताये थे। इसें शॉफ्ट के निर्माण में निर्धारित मात्रा से अधिक हाइड्रोजन होने और उसमें ग्रीस की कमी का उल्लेख किया गया था।

## डीएवी नीरजा सहाय ने मनाया 22वां स्थापना दिवस समारोह





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डीएवी नीरजा सहाय का शनिवा को 22 वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर छात्रों ने सामुहिक गान, नृत्य, नुक्कड नाटक कर लोगों का मन मोह लिया। मौके पर वरुण सहाय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में एस के सिन्हा, प्राचार्य डी ए वी गांधीनगर, रोशनी वाधवानी, प्राचार्या डी ए वी हेहल, पुनीत पोद्दार शामिल थे । प्राचार्या एस के सिन्हा ने उन दिनों को याद करते हुए विद्यालय के इस यात्रा के दुख - सुख के क्षण याद किए। प्राचार्या किरण कुमारी यादव ने सहाय परिवार के योगदान को रेखांकित करते हुए इसके अनंत सुनहरे कीर्तिमान यात्रा के लिए आश्वासन दिया। मौके पर पिछले सत्र में अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र दे कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया।

## श्री महावीर मंडल की बैठक आयाजित

**रांची।** श्री महावीर मंडल की बैठक शनिवार को महावीर चौक केंद्र कार्यालय में हुई। इसमें संपूर्ण शोभा यात्रा का नेतृत्व अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू मंत्री दीपक ओझा उपाध्यक्ष राज्सेन गुप्ता राजकिशोर सह मंत्री गोपाल सोनी उदय रविदास प्रेमचंद चौधरी कोषाध्यक्ष प्रमोद शाश्वत प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा एवं प्रदीप कुमार गुप्ता करेंगे। बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों की टोली का पदाधिकारीयों की नियुक्ति की गई,जिसमें लंकेश सिंह, धर्मराज यादव, बाबू पाठक, युवराज पासवान, रणधीर रजक, नकुल तिर्की, सुनील रंजन सहाय, राकेश सिंह, पप्पू वर्मा, प्रकाश चंद सिंह, मंतोष सिंह, दीपेश पाठक, बबलू यादव, रोशन लाल यादव, उज्जवल प्रकाश तिवारी, अमरिंदर सिंह, मनीष यादव और अन्य को कार्यकारिणी में शामिल किया गया और और सभी पदाधिकारी को यह निर्देश जारी किया गया है कि सभी अखाड़ों की समस्याएं जानकर उसका समाधान महावीर मंडल द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा ने दी।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का फिट इंडिया क्विज में अनुकरणीय प्रदर्शन




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल की कक्षा दसवीं के मोहम्मद अम्मार अहमद और कक्षा ग्यारहवीं के अभिषेक कुमार आयुष को फिट इंडिया क्विज के प्रारंभिक दौर में अद्भुत प्रदर्शन करने के बाद राज्य स्तरीय दौर के लिए चुना गया। उन्होंने प्रारंभिक दौर में क्रमशः 8वीं और 11वीं रैंक हासिल की। प्रत्येक को 2000 रुपये और स्कूल को 15000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। झारखंड राज्य के 1500 स्कूलों में से 8 स्कूलों का चयन किया गया। राज्य स्तरीय सेमीफाइनल राउंड में सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने प्रथम रैंक प्राप्त किया और फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। राज्य स्तर के फाइनल राउंड में स्कूल ने तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों को 3500 रुपये नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया और स्कूल को 32500 रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्रों का समग्र विकास होता है।

## झारखंड पुलिस अफसरों को प्रतिनियुक्ति पर भेजे

**रांची।** बीएसएफ ने झारखंड पुलिस से आईजी और डीआईजी रैंक के अफसरों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का अनुरोध किया है। बीएसएफ ने झारखंड पुलिस को पत्र लिखा है, पत्र में कहा है कि सीमा सुरक्षा बल दुनिया का सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा बल है। यह पाकिस्तान और बंगलादेश के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की रक्षा भी करता है। इसके अलावा इनको उग्रवाद विरोधी भूमिकाओं, नक्सल विरोधी अभियानों, आपदा प्रबंधन, नागरिक व प्रशासन की सहायता और चुनाव कर्तव्यों के लिए भी तैनात किया जाता है। बीएसएफ ने उत्तर-पूर्व में उग्रवाद को हराने से लेकर 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध और कारगिल संघर्ष के दौरान अपनी प्रभावी भूमिका तक सभी स्थितियों और परिस्थितियों में देश को गौरवान्वित किया है। वर्तमान में हमारे पास आईजी और डीआईजी स्तर पर आईपीएस अधिकारियों की रिक्तियां हैं।

## आज सुबह 6:30 से शाम 4 बजे तक राजधानी के कुछ इलाकों में निषेधाज्ञा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सात अप्रैल 2024 सुबह 6:30 से शाम 4 बजे तक रांची के कई इलाकों में धारा-144 लागू रहेगी। जिन इलाकों में धारा 144 लागू रहेगी, उनमें विवेकानंद विद्या मंदिर, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मनन विद्या मंदिर, संत जॉन हाई स्कूल, संत पॉल कॉलेज, संत अलोईस इंटरमिडिएट कॉलेज, संत अन्ना इंटरमिडिएट कॉलेज और संत अन्ना गर्ल्स हाई स्कूल शामिल है। गौरतलब हो कि झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से रांची में पॉलिटेक्नि प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 7 अप्रैल को आयोजित होगी। इसी के मद्देनजर राजधानी के कई इलाकों में धारा-144 लागू की गई है। परीक्षा पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 1 बजे तक 9 परीक्षा केन्द्रों पर होनी है। इन परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने और विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक के जरिये पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा में शामिल छात्र, उनके अभिभावक और असामाजिक तत्व के जरिये परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा की आशंका को देखते हुए एसडीओ सदर उत्कर्ष कुमार ने परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की है। निषेधाज्ञा में पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने पर पाबंदी होगी। साथ ही किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करने, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर चलने और किसी प्रकार की बैठक एवं आमसभा का आयोजन करने पर रोक रहेगा।

## झारखंड गठन पर भाजपा का बयान झूठा : राजद

**रांची।** भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक द्वारा दिए गए बयान का विरोध करते हुए राजद के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय एवं रामकुमार यादव ने कहा कि भाजपा को जानकारी होनी चाहिए कि एकत्रित बिहार में राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव द्वारा विधानसभा में झारखंड अलग राज्य के लिए प्रस्ताव पारित कर बहुमत के साथ केंद्र सरकार को भेजा गया था तभी केंद्र सरकार द्वारा अलग राज्य का गठन से संबंधित कैबिनेट द्वारा प्रस्ताव पारित हुआ। इसके पश्चात ही अलग झारखंड का गठन 2000 में हुआ। श्री पांडेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से झूठ बोलने वाली एवं जनता को दिगभ्रमित करने वाली पार्टी है। आलोक जी स्वयं पहले कहां थे और किस पार्टी में थे यह भी जनता को बताना चाहिए। झारखंड अलग होने के बाद भारतीय जनता पार्टी इस राज्य में 18 साल तक शासन किया और राज्य को रसातल में भेजने का भी काम किया।

## तरल नैनो यूरिया व नैनो डीएपी प्रयोग आधारित किसान गोष्ठी का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अनगड़ा प्रखंड के सारजमडीह ग्राम में इफको के द्वारा तरल नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी प्रयोग आधारित शनिवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के लगभग 50 महिला एवं पुरुष किसानों ने भाग लिया। इफको के प्रबंधक चंदन कुमार द्वारा तरल नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के लाभ तथा दानेदार डीएपी यूरिया के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विशेष चर्चा की गई। ग्राम के किसानों को सब्जी,मक्का एवं धान फसलों में नैनो उर्वरकों के प्रयोग से मिलने वाले लाभ के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई और उन्हें प्रोत्साहित किया गया, कि कम खर्च कर अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए नैनो उर्वरकों का प्रयोग करें। इनके प्रयोग से न केवल गुणवत्तायुक्त अधिक उत्पादन प्राप्त होता है,बल्कि मिप्ती भी खराब नहीं होता है और फसलों में कीट व्याधि का प्रकोप भी नहीं होता है।

## संस्कृति संवर्द्धन समिति ने किया काव्य गोष्ठी का आयोजन

# प्रकृति करती है नव शृंगार...

खबर मन्त्र संवाददाता



**राँची।** कवियित्री सत्या शर्मा 'कीर्ति' ने जब शनिवार को प्रेस क्लब में अपने सुमधुर आवाज में जिसके आगमन पर प्रकृति होती है तैयार, कोयल गाती है मधुर राग, धरती करती है नव शृंगार. गाकर सुनाई तो एकबारगी पूरा वातावरण नववर्ष के उल्लास में डूबा नजर आने लगा। अवसर था संस्कृति संवर्द्धन समिति झारखंड द्वारा आयोजित काव्य गोष्ठी का ,समिति के अध्यक्ष और राजधानी के प्रख्यात सर्जन डॉ एमपी सिंह ने काव्य गोष्ठी में आए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति के बहुत व्यापक स्वरूप है। उन्होंने कहा कि चैत्र नववर्ष के उपलक्ष्य में समिति ने शहर के गणमान्य कवियों के साथ काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया है। काव्य गोष्ठी का संचालन संगीता कुजारा टॉक और राजीव थेपड़ा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ राजश्री जयंती के गणेश वंदना और संगीता सहाय के हे मॉं करो नमन स्वीकार सरस्वती वंदना से हुई। दीप प्रज्वलन म पंकज वत्सल, कमलेश मिड्ढा, अनुनय मंत्री, राकेश लाल, पवन मंत्री ने किया। कवियित्री रूपा कुमारी ने आंग्ल नववर्ष पर आक्षेप करते हुए अपनी कविता पाठ किया- हम भारतीय पंचांग से जब सबकुछ मनाते हैं तो फिर नववर्ष अंग्रेजी कैलेंडर से क्यों मनाते हैं? काव्य गोष्ठी में डॉ. सुरिन्दर कौर नीलम, चंद्रिका ठाकुर देशदीप, नीरज नीर, डॉ. राजश्री जयंती, शशांक भारद्वाज, नरेश बंका, राजीव थेपड़ा, संगीता कुजारा टॉक, सत्या शर्मा कीर्ति, नंदा पांडे, अजय कुमार, सदानंद सिंह यादव, मनोज कुमार झा, बिंदु प्रसाद रिद्धिमा, सुषमा झा, सीमा चंद्रिका तिवारी, डॉक्टर नन्दनी कुमारी, संध्या चौधरी उर्वशी, सोनल थेपड़ा, रूपा कुमारी और अंशिता सिन्हा ने एक से बढ़कर एक काव्य पाठ कर अंत तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। मौके पर पूनम आनंद ने नौ अप्रैल को सुबह चार बजे बड़ा तालाब पर संस्कृति संवर्द्धन समिति द्वारा आयोजित दीपदान कार्यक्रम में सभी को आमंत्रित किया।

## महिला काव्य मंच की काव्य गोष्ठी

**रांची।** महिला काव्य मंच पूर्वी, पश्चिम दोनों इकाइयों की अप्रेल माह की सम्मिलित गोष्ठी शनिवार को हुई। काव्य गोष्टी का मार्गदर्शन कवी नरेश ने किया। बरियातु चेशायर होम रोड़ में आयोजित काव्य गोष्टी की शुरूआत रेणु मिश्रा द्वारा सरस्वती वंदना और रेणु झा के द्वारा मन्त्रोंचार रेणु झा के साथ हुई। अपने स्वागत संबोधन में मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष सारिका भूषण ने सभी सदस्यों का मंच पर हार्दिक स्वागत करते हुए आने वाले त्योहारों की शुभकामनायें दी। रचनाएं प्रस्तुत करने वालों मे रेणु झा, रेणुका, सुनीता अग्रवाल, कल्याणी झा, प्रतिभा मिश्र, शिप्रा शालिनी, रूपा अनंत, संगीता सहाय, भावना अंबस्थ, बिम्मी प्रसाद, मधुमिता साहा, रश्मि सिन्हा, सुनीता श्रीवास्तव, खुशबू बरनवाल, मंजुला सिन्हा, अर्पणा सिंह, मनीषा सहाय सुमन, उर्मिला सिन्हा, अंशिता, शम्मा, रिम्मी वर्मा, उमा सिन्हा, निर्मला करण, पूनम वर्मा, बिन्दु प्रसाद रिद्धिमा, रंगोली के नाम प्रमुख हैं।

## श्री श्याम मित्र मंडल ने किया श्री श्याम भंडारा का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल ने शनिवार को 106ठा श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में श्याम भक्त यजमानश्री परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्रामजी गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी के लोकप्रिय भजन का गायन करके यजमानश्री परिवार ने खाटूनरेश की मनोहर की। इसके बाद श्री गणेश महाराज की जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमानश्री परिवार ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया।

## ओडीएम सफायर ग्लोबल स्कूल स्टॉकग्रो के साथ वित्तीय साक्षरता को दे रहा बढ़ावा

रांची। ओडीएम सफायर ग्लोबल स्कूल और स्टॉकग्रो ने हाल ही में ओडीएम सफायर ग्लोबल स्कूल के छात्रों के लिए एक विशेष 4-दिवसीय कार्यक्रम का समापन किया। समापन के मौके पर ओडीएम सफायर ग्लोबल स्कूल के प्रिंसिपल अमित सिंह ने कहा कि, हमारे आधिकारिक वित्तीय शिक्षा भागीदार के रूप में स्टॉकग्रो के साथ हमारा सहयोग हमारे छात्रों के लिए परिवर्तनकारी रहा है। इसने उन्हें वित्त में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण मूल्यवान ज्ञान और कौशल से सुसज्जित किया है, जिससे वित्तीय सफलता के लिए एक ठोस आधार तैयार हुआ है। कार्यक्रम को स्टॉकग्रो के संस्थापक, अजय लखोटिया ने भी संबोधित किया।

## बीआइटी मेसरा में तीन उत्कृष्ट लेख सम्मानित



**रांची।** बीआइटी मेसरा के यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग में थर्मो-फ्लूड्स और सिस्टम डिजाइन पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मलेन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रस्तुत किए गए शोधपत्रों में से तीन उत्कृष्ठ लेखों को सम्मानित किया गया। समापन समरोह में सम्मलेन संयोजक डॉ. लखबीर सिंह बराड़ ने कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अपूर्व कुमार रॉय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने डॉ. ओम प्रकाश, सम्मेलन के सचिव डॉ. सौरव चक्रवर्ती, डॉ. अरकादेब मुखोपाध्याय एवं डॉ. सुशांत घुकु के साथ-साथ सम्मलेन सफल बनाने के विभाग के सभी प्रोफेसर, छात्र एवं सभी कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

# समर्पण शाखा ने गौ सेवा कर की नये सत्र की शुरुआत की

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** समर्पण शाखा ने गौ सेवा कर की नए सत्र (2024-25) की शुरूआत। शाखा की नव निर्वाचित अध्यक्षा विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में शनिवार को हरमू रोड़ गौशाला में गौ सेवा कर अपना कार्यभार संभाला। निवर्तमान अध्यक्ष स्वेता भाला ने शाखा की बागडोर नईअध्यक्ष को सौपते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दी।

नई शाखा अध्यक्ष ने कहा कि शाखा सालो से नीत नए कार्य करती आ रही है,आने वाले दिनों में भी सामाजिक एवं धार्मिक कार्य अच्छे से हो, इसके लिए शाखा भरपूर कोशिश करेगी और एक नई कीर्तिमान हाशिल करेगी,हमारे मारवाड़ी समाज में गौ सेवा को सबसे बड़ा धर्म माना जाता है, हम सदियों से गौ सेवा करते आए हैं। गौ माता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। इसलिए इस सत्र की शुरूआत गौ सेवा से की गई। कार्यक्रम में सचिव शुभा अग्रवाल, गो सेवा प्रभारी आशा संथोलिया, संयोजिका डोली बंसल, कविता सोमानी, रितु पोद्दार , सरिता बथवाल, रंजू मालपानी, आशा सराफ, कोमल पोद्दार, स्मिता अग्रवाल, सोनल एवं अन्य सदस्य उपस्थित थीं।

## सीता सोरेन की वजह से जिसका टिकट कटा, उसी से मिलने पहुंच गयी द्वार

# दुमका लोस चुनाव में हो सकता है बड़ा उलटफेर

कुबेर सिंह

**रांची।** गुरुजी की बड़ी बहु और भाजपा नेत्री सीता सोरेन दुमका लोकसभा सीट से सांसद प्रत्याशी हैं। सीता सोरेन के चलते सुनील सोरेन का भाजपा से टिकट कटा। शनिवार की सुबह सीता सोरेन वर्तमान सांसद सुनील सोरेन से मिलने के लिए उनके दुमका स्थित घर पर पहुंच गयी। सूत्रों की मानें तो औपचारिक मुलाकात के बाद सीता ने सांसद सुनील सोरेन से चुनाव में मदद मांगी। हालांकि, सुनील सोरेन सीता का साथ देंगे या सीता के प्रतिद्विंदी नलिन सोरेन का साथ देंगे, यहां संशय की स्थिति बरकरार है। इंडिया महागठबंधन से





प्रत्याशी नलिन सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के शिकारीपाड़ा से 2000 से झारखंड विधान सभा के सदस्य हैं। शिकारीपाड़ा से एसटी सीट पर पांच बार चुने गये।

दुमका के दो बार सांसद रहे सुनील सोरेन का बीजेपी द्वारा जारी सूची में नाम तो था, लेकिन ऐन वक्त पर सीता ने वहां एंट्री ले ली। ऐसे में सुनील समर्थकों का कहना है कि सुनील के टिकट कटने से वे पार्टी से नाराज चल रहे हैं। कयास यह भी लगाया जा रहा है कि सुनील कहीं सीता सोरेन के लिये या तो रामबाण साबित होगें या उनकी भूमिका खलनायक की होगी। क्योंकि, नलिन सोरेन रिश्ते में सुनील सोरेन के सगे फूफेरे भाई हैं। इधर सीता सोरेन पार्टी से सिंबल मिलने के बाद पार्टी के प्रचार- प्रसार में जुट गयी है। सीता सोरेन शनिवार को प्रचार-प्रसार के लिये दुमका पहुंची थी। चुनाव प्रचार के दौरान बार- बार झामुमो पार्टी और खुद अपने श्वसुर के खिलाफ दिये जा रहे बयान भी कहीं उनका चुनाव पर असर न डाल दे। क्योंकि, दुमका झामुमो का गढ़ रहा है। ऐसे में इंडिया महागठबंधन ने नलिन सोरेन ने अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

### कई बार विधायक रहने के बाद भी नहीं मिला उचित सम्मान

सीता प्रचार के दौरान लोगों से कह रही है कि वह कई बार विधायक रही, लेकिन पार्टी से उचित सम्मान नहीं मिला। स्व. दुर्गा सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए बहुत काम किया। बावजूद इसके, पार्टी ने उनके विचारों को आत्मसात नहीं किया। मैंने कई बार उनकी मौत की जांच की गुहार लगाई, जिसे अनसुना कर दिया गया। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां ही ऐसी बन गई थी कि मुझे बीजेपी जैसी विशाल पार्टी में आना पड़ा। ये विकास की पार्टी है। हम सभी 14 लोकसभा सीटें जीतेंगे।

स्पीड न्यूज

## राहे में नये बीडिओ को किया गया अभिनन्दन

**राहे।** बीआरसी राहे में गुरुगोष्ठी सह परिचय सत्र का आयोजन किया गया । इस दौरान नये पदस्थापित बीडिओ शांति मुनि तिर्की को शॉल और बुक के देकर अभिनंदन किया गया। सोनाहातू एक के 39 स्कूल के शिक्षक – शिक्षिकाओं के द्वारा बारी–बारी से अभिनंदन किया गया ।इस दौरान सभी शिक्षक – शिक्षिकाओं ने अपना परिचय दिया और स्कूल से संबंधित प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया। शिक्षकों की समस्या और प्रतिवेदन को सुनने के बाद बीईओ ने स्पष्ट किया कि सभी विषयों को बारी–बारी से समाधान किया जाएगा ।मौके पर बीपीओ प्रवीण कुमार, प्रधानाध्यापक भुवनेश्वर स्वांसी, नागेंद्र कुमार, रमेशचंद्र गोंझु,अनिल कुमार, रविंद्र कुमार, रोहिणी लकड़ा, निशि कुल्लू ,सहित सभी 39 स्कूल के प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

## इटकी में भाजपा का स्थापना दिवस मना

**इटकी।** भाजपा इटकी मंडल द्वारा शनिवार को पार्टी का 44वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। इटकी आनंदपुर स्थित कैम्प कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी की नीति व सिद्घांतों के साथ साथ आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गयी। इससे पूर्व कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपई, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीन दयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगोत्री कुजूर ने की। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की, भोगन सोरेन, राजेश्वर महतो, संजय महतो सहित अन्य शामिल थे।

## मोर्चा ने की थाना प्रभारी से मुलाकात

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा नवाडीह शाखा का प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को मैक्लुस्कीगंज के नए थाना प्रभारी गोविंद कुमार से मुलाकात किया ।शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा के नेतृत्व में मोर्चा के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी गोविंद कुमार का बुके देकर स्वागत किया ।मोर्चा ने आशा व्यक्त किया कि नए थाना के नेतृत्व में मैक्लुस्कीगंज क्षेत्र में पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा ।इस मौके पर कुलदीप साहू,रविन्द्र मुंडा,विनोद मुंडा,ताहिर अंसारी आदि मौजूद थे।

## युवाओं से मिले वनपाल जंगल बचाने की की अपील

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज के लपरा पंचायत के युवाओं को जंगल बचने का मुहिम देख मैक्लुस्कीगंज खलारी बीट के वनपाल अश्फाक अंसारी मिलने पहुँचे। इस दौरान कुछ दिन पहले लपरा के खोलका जंगल में महुआ चुनने के दौरान आग लगा दिया गया था। जिससे आग बुझाने के दौरान कुछ युवा हल्का जख्मी भी हो गए थे। आंशिक रूप से जख्मी हुए युवा को चिकित्सा सहायता राशि दिया गया। वही वनपाल ने बताया कि युवा जंगल बचने के लिये गए आये है। सबसे अच्छा और पुण्य कार्य का शरूआत है। अनजान व्यक्तियों से अपील करते हुए पेड़ नही काटने हिदायत दिया गया। जंगल मे वेवजह आग नही लगाने की बात कही। अथवा इच्छुक लाभुकों को सरकार के तरफ से बागवानी दिलाने का कार्य किया जाएगा। वही जिस जगह पेड़ कट गया है। उस जगहों पर पेड़ लगाने की बात कहा गया। वनपाल ने ये भी कहा कि कोई भी व्यक्ति जंगल मे आग लगाते हुए,या पेड़ काटते हुए पकड़ा जायेगा ।मौके पर जंगल पदीप यादव, आदित्य कुमार,शंकर यादव,अनूप यादव, शिवा पहान सहित अन्य मौजूद थे।

# राहुल ने अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' में जनता को न्याय की गारंटी दी है : कालीचरण मुंडा

खबर मन्त्र संवाददाता



**तमाड़।** खूंटी संसदीय सीट के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और झारखंड मुक्ति मोर्चा के तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा इन दिनों तमाड़ विधानसभा क्षेत्र भ्रमण पर हैं। प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और विधायक विकास कुमार मुंडा एक साथ दर्जनों गांवो में क्षेत्र भ्रमण करते हुये महागठबंधन के पक्ष में मतदान करने के लिये लोगो से अपील किये। महागठबंधन प्रत्याशी और विधायक ने मानकीडीह, लुंगटू, परासी, चालाडीह, चायाडीह, चिरगालडीह, कोकाडीह आदि गांवो में ग्रामीणों के साथ बैठक किये। श्री मुंडा ने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा आम जनता से किये गये झूठे वादे को याद दिलाते हुये महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में वोट देकर भ्रष्ट भाजपा सरकार को जवाब देने की बात कही। महागठबंधन पूरी ताकत से इस चुनाव को लड़ रहे हैं। यह समय बीजेपी के दुष्प्रचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूती से खड़ा रहकर संघर्ष करने का समय है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी का गांव-गांव में लोगो द्वारा विरोध देखा जा रहा है। जनता के बीच बीजेपी को बेनकाब करेंगे और जनहित के हर मुद्दे पर पार्टी की गारंटियों का प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरा देश राहुल गांधी के साथ खड़ा है। पिछले 10 सालों में मोदी सरकार जनता से किए वादे पूरे नहीं कर पाई है। जनता मोदी सरकार के खिलाफ माहौल है। राहुल गांधी ने अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' में जनता को न्याय की गारंटी दी है। भारत की जनता को न्याय के सिवा कुछ नहीं चाहिए। 2024 का यह चुनाव धनतंत्र और गरीब जनता के बीच का चुनाव है। कांग्रेस पार्टी जन तंत्र से लोकतंत्र को बचाना चाहती है। विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहा की सेना में जाने वाले युवाओं के साथ विश्वासघात कर अग्निपथ योजना को लागू कर युवाओं का मनोबल तोड़ने का काम किया है। केंद्र सरकार ने ईडी, सीबीआई और आयकर जैसी जांच एजेंसियों पर नियंत्रण कर विपक्ष को डराना चाहती है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डट कर सामना किया। झारखंड झूकेगा नहीं। महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देना है।

## अफीम के साथ दो युवक गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** सशस्त्र सीमा बल सी कंपनी बासुकोंचा और तमाड़ पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर अफीम की तस्करी कर रहे दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वरीय पदाधिकारियों को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की मारधान क्षेत्र में अफीम की तस्करी होने वाली है। सूचना के आधार पर सशस्त्र सीमा बल बासुकोंचा के इंस्पेक्टर जीडी सामू सरदार, हवलदार दयानंद के नेतृत्व में टीम का गठन कर मुचीडीह के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। तभी काले रंग की मोटरसाइकिल (जेएच01 जे 9658) पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को देख भागने लगे। पुलिस ने दोनों को खदेड़कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर बुंडू कोड़दा निवासी दीगम महतो और तमाड़ मुचीडीह निवासी झरी महतो के पास से 1.2 किलोग्राम अफीम और नगद पचास हजार रुपए, एक किलोग्राम मापी करने वाली मशीन मिला। दोनो ने पूछताछ करने पर बताया की वे लोग इस धंधे में काफी दिनों से सक्रिय है।

# बुजुर्ग महिला को डायन का आरोप लगाकर टांगी से मारकर हत्या

### एक घायल, आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के चेटे कुम्बा टोली में वृद्धा की टांगी से काटकर हत्या कर दी गयी। यह घटना शनिवार सुबह की बतायी जा रही है, वृद्धा की पहचान लगभग 65 वर्षीय बिरसी सागा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गांव के ही भरत सागा लगभग 35 वर्ष नामक व्यक्ति ने अपने पड़ोसी वृद्धा बिरसी सागा को डायन बता कर टांगी से कुच कुच हत्या कर दी। इस घटना में बीच-बचाव करने आयी वृद्धा की पोती तारा सागा घायल हो गयी। घटना को अंजाम देकर आरोपी लोधमा जंगल की ओर भाग गया, लेकिन पुलिस की टीम ने आरोपी को धर दबोचा। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## आज भी कच्ची सड़क है आवागमन का सहारा

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के घाघरा पंचायत के सिंगार सरई व डुमर दोन और हरिहरपुर जाम टोली पंचायत के बंजारा व नदी टोली गांव में सरकार के विकास के दावों की पोल खोल रही है। इन चारों गांवों में आज भी कच्ची सड़क आवागमन का सहारा है। पक्की सड़क के इंतजार में लोगों की आंखे पथरा गई है। धूल उड़ती व कीचड़मय सड़क पर चलना लोगों की मजबूरी बन गई है। कहते हैं कि गांव का विकास होगा तभी देश विकसित होगा। गांव के विकास बिना न तो शहर विकास करेगा न राज्य व देश। इसी उद्देश्य से सरकार ने पंचायती राज व्यवस्था लागू की है। विकास की जवाबदेही पंचायत के मुखिया व अन्य प्रतिनिधियों को दी गई है। वही पंचायती राज व्यवस्था के डेढ़ दशक बाद भी गांवों का अपेक्षित विकास नहीं हो सका है। टूटी फूटी नाली-गली व सड़कों पर बह रहे गंदे पानी, कच्ची सड़कें आज भी कई गांवों की पहचान बनी हुई है। कुछ ऐसा ही तस्वीर पेश करता है दोनों पंचायत के सिंगार सरई डुमर दोन, बंजारा व नदी टोली गांव जो विकास से कोसों दूर है। चारों गांवों की स्थिति बदहाल है गांव के लोग आज भी कच्ची सड़कों से सफर तय करते हैं। गांव के लोग आजादी के सात दशक व पंचायतीराज के डेढ़ दशक बाद भी चारों गांव सड़क पक्कीकरण का बाट जोह रहा है।

## अगलगी से हुआ था घर जलकर राख, पीड़ित परिवार से मिले कमलेश राम

**खलारी।** खलारी प्रखंड अंतर्गत चुरी दक्षिणी पंचायत के अंबा टोंगरी गांव में 75 वर्षीय बंधना उरांव का घर बीते सोमवार की रात जलकर खाक हो गया था। जिससे घर में रखा सारा सामान, आवश्यक कागजात, अनाज, खाट, बिस्तर, कपड़े सभी जल गए? साथ ही बच्चे का स्कूल का किताब, कापी, स्कूल ड्रेस तक जल गया। घटना की सूचना पाकर भाजपा नेता कमलेश राम पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और सूखा अनाज मुहैया कराया साथ ही इस घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की। पीड़ित परिवार ने उन्हें बताया कि इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद भी प्रखंड या जिला के किसी भी पदाधिकारी ने उनकी सूद नहीं ली है। अनाज जल जाने के कारण खाने को भी लाले पड़ गए हैं। इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कमलेश राम ने कहा कि इतनी बड़ी घटना घटने के बावजूद जिला प्रशासन और प्रखण्ड के पदाधिकारियों की असंवेदनशीलता ठीक नहीं है। पीड़ित परिवार की आर्थिक हालत ठीक नहीं है।

# शिक्षा के माहौल के लिए उषा मार्टिन फाउंडेशन कर रहा है आधारभूत संरचनाओं का विकास

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा ।** उषा मार्टिन फॉउंडेशन के माध्यम से टाटीसिलवे स्थित कारखाना के इर्द गिर्द के 18 गांवों में इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में बेहतर शिक्षा के लिए आधारभूत संरचनाओं के विकास की पहल की गयी है। कई गांवों में स्कूल तथा आंगनबाड़ी एवं पुस्तकालय की मरम्मत के पश्चात उसका सौंदर्यीकरण किया गया है ताकि गांवों में युवाओं को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल बनाया जा सके। इन पहल का परिणाम है कि अनगड़ा के मासू मध्य विद्यालय से आठ बच्चे नवोदय विद्यालय के लिए चयनित हुए है। फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने बताया कि ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत मासू आंगनबाड़ी का जीर्णोद्धार कराया गया। छोटे बच्चों के लिए खिलौना किताब एवं खेलने की अन्य सामग्री भी उपलब्ध करायी गयी है। केंद्र मे शुद्ध पेयजल के लिए जलमीनार का मरम्मत कर सौर ऊर्जा से संचालित किया गया है इसी प्रकार मासू गांव के पुस्तकालय का मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है। इस पुस्तकालय को किताबें भी मुहैया करायी गयी है। महिलौंग स्थित मध्य विद्यालय के जर्जर मीटिंग हॉल को भी मरम्मत कराया गया तथा इसमें प्रकाश की समुचित व्यवस्था करायी गयी है उलातू स्कूल की चाहरदिवारी का निर्माण कराया गया । टाटी स्थित गुरूकुल स्कूल में भी विकास कार्य किया गया। विद्यालय में कुर्सी टेबुल एवं अन्य सामग्री मुहैया करायी गयी। विद्यालय के समीप एवं अन्य सभी जगहों पर पेयजल के लिए जलमीनार की टंकी बदलने के अलावा सोलर पैनल एवं प्लंबिंग सिस्टम को नया लगाया गया है ताकि गरमी के दिनों में पेयजल की दिक्कत नहीं हो। मासू के देवराज पाहन कहते है कि पिछले तीन सालों से उषा मार्टिन के माध्यम से इस गांव में बदलाव का बयार चल रही है, गांवों के स्कूल में पुस्तकालय को पुनर्जीवित किया जा रहा है।

# सरहुल पूर्व संध्या समारोह आज, तैयारी पूरी

### रातू : उत्साहित हैं समाज के युवा, मांडर की थाप थिरकेंगे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



नृत्य करती युवतियां।

**रातू।** प्रखंड सरहुल पूजा समिति की ओर से रविवार को पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया है। ऐतिहासिक राजकिला स्थित मैदान में होने वाले कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है। इसमें दर्जनों खोड़हा टीमें भाग लेंगी। यहां सुबह 10 से शाम 7 बजे तक गीत-संगीत और नृत्य का दौर चलेगा। महोत्सव को लेकर समाज के युवक-युवतियों में विशेष उत्साह है। वह मांदर की थाप पर खूब थिरकेंगे। सांस्कृतिक प्रतियोगिता होगी। प्रतिभागी पुरस्कृत भी किये जायेंगे। यह जानकारी अध्यक्ष अमर उरांव ने शनिवार की शाम पत्रकारों को दी।

**राजकुमारी हैं खास मेहमान :** श्री उरांव ने बताया कि कार्यक्रम में राजकुमारी माधुरी मंजरी बतौर मुख्य तथा झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पार्टी के प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव व पंचायत प्रतिनिधि आदि विशिष्ट अतिथि हैं। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से समारोह में हिस्सा लेने की अपील की है।

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय गिरिडीह
### (कार्मिक कोषांग)
ई–मेल :– edcgiridih@gmail.com

**–: आदेश :–**

लोकसभा आम चुनाव 2024 एवं 31–गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव– 2024 के सफल संचालन हेतु पीठासीन पदाधिकारी / प्रथम मतदान पदाधिकारी / द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु कार्यक्रम (दिनांक 06.03.2024, 07.03.2024, 09.03.2024, 11.03.2024 एवं 02.04.2024 को) निर्धारित की गयी थी, जिसमें पत्र के साथ संलग्न सूची में अंकित कर्मी निर्धारित प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं हुए, जो चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही का द्योतक है।

अतः प्रेस विज्ञप्ति निर्गत तिथि से तीन दिनों के अन्दर अपना स्पष्टीकरण कार्यालय प्रधान के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें कि क्यों नहीं आपके विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत् कार्रवाई की जाय ?

भाग–1

Absent List 06.03.2024 TO 09.03.2024, 11.03.2024 and 02.04.2024

| Sl No | Pin No | Duty | Name | Designation | Office Name | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 341900023 | 1st Polling Officer | MANISH KUMAR BHARTI | NAZIR, CIRCLE OFFICER TISRI | Circle Office Tisri | AB |
| 2 | 341900029 | Presiding Officer | RAM NARESH CHOUDHARY | RSI, CIRCLE OFFICE TISRI | Circle Office Tisri | AB |
| 3 | 341900119 | Presiding Officer | SUNIL KR. PANDEY | PS GANDEY | B.D.O Office Gandey | AB |
| 4 | 341900144 | Presiding Officer | BINOD KUMAR SAW | PS GANDEY | B.D.O Office Gandey | AB |
| 5 | 341900159 | Presiding Officer | ABHISHEK KUMAR | TGT UHS DEVRADIH | D.E.O,Giridih(Bagodar) | AB |
| 6 | 341900217 | Presiding Officer | HRISHIKESH KUMAR SINGH | PGT +2HS TISRI BARAHMASIYA | D.E.O,Giridih(Tisri) | AB |
| 7 | 341900283 | 3rd Polling Officer | BALESHWAR DAS 11083466 | ELECTRICIAN IV RR WOWRKSHOP | C.C.L Giridih | AB |
| 8 | 341900319 | Presiding Officer | RAMDEO PRASAD | TGT UHS SOBRANPUR PIRTAND | D.E.O,Giridih(Pirtand) | AB |
| 9 | 341900383 | Presiding Officer | SAMEER KUMAR SEN | TGT UHS POKHARNA | D.E.O,Giridih(Pirtand) | AB |
| 10 | 341900406 | 3rd Polling Officer | BIRENDRA MANJHI 14593586 | Grd.ocp | C.C.L Giridih | AB |
| 11 | 341900451 | 1st Polling Officer | BHUNESHWAR SHARMA 12073797 | SR. CLERK. SPLKABRIBAD MINE | C.C.L Giridih | AB |
| 12 | 341900518 | 3rd Polling Officer | DIGAMBAR DAS 11083615 | MAZDOOR CAT-I C.centre | C.C.L Giridih | AB |
| 13 | 341900558 | 3rd Polling Officer | GOBIND MOHLY 12073722 | DAFTARY GR. F PO OFFICE | C.C.L Giridih | AB |
| 14 | 341900565 | 3rd Polling Officer | DULARCHAND DAS 14186902 | Pump Operator Cat-V Grd.ocp | C.C.L Giridih | AB |
| 15 | 341900579 | Presiding Officer | GOUTAM PAUL 14189435 | MINING SIRDAR GR. C KABRIBAD M | C.C.L Giridih | AB |
| 16 | 341900617 | Presiding Officer | CHANDRA PRAKASH DUBEY | PGT +2PHS PIHRA | D.E.O,Giridih(Gawan) | AB |
| 17 | 341900632 | Presiding Officer | BIPIN KUMAR SINGH | TGT UTKARMIT+2 HIGH SCHOOL PES | D.E.O,Giridih(Birni) | AB |
| 18 | 341900643 | Presiding Officer | BIRENDRA KUMAR | TGT PLUSH 2 DHANWAR | D.E.O,Giridih(Dhanwar) | AB |
| 19 | 341900687 | Presiding Officer | SUJIT KUMAR RAY | TGT UHS SERUA | D.E.O,Giridih(Gawan) | AB |
| 20 | 341900698 | 3rd Polling Officer | TALAT YASMIN | PEON PLUSH 2 DHANWAR | D.E.O,Giridih(Dhanwar) | AB |
| 21 | 341900707 | 3rd Polling Officer | LAXMAN DAS 14192736 | CLERK GR. II PO OFFICE | C.C.L Giridih | AB |
| 22 | 341900741 | 3rd Polling Officer | MD JAMALUDDIN 14192942 | EPG/HELPER CAT E GRD OCP | C.C.L Giridih | AB |
| 23 | 341900764 | Presiding Officer | ARJUN KUMAR CHOUDHARY | TGT GHS SURIYA | D.E.O,Giridih(Suriya) | AB |
| 24 | 341900815 | 3rd Polling Officer | NAKUL DUSHAD 11078664 | DMPER OPERT. CAT C KABRIBAD MI | C.C.L Giridih | AB |
| 25 | 341900881 | 3rd Polling Officer | RAJENDRA KUMAR 14196091 | DRILL OPERATOR CAT -A GRD OCP | C.C.L Giridih | AB |
| 26 | 341900893 | 1st Polling Officer | Hiraman Ravidas | AMEEN | Circle Office Gandey | AB |
| 27 | 341900897 | 3rd Polling Officer | RAMCHANDRA BHUIYA 14552194 | MAZDOOR CAT I C CENTRE | C.C.L Giridih | AB |
| 28 | 341900937 | 3rd Polling Officer | SURENDRA SAW 14197669 | E.P.MAZDOOR CAT -II KABRIBAD MI | C.C.L Giridih | AB |
| 29 | 341900939 | 1st Polling Officer | MD MINHAZ ALAM 12073458 | SR CLERK SPL PO OFFICE | C.C.L Giridih | AB |
| 30 | 341900985 | 3rd Polling Officer | SAHDEO DUSHADH 14193205 | COOK CAT III C CENTRE | C.C.L Giridih | AB |
| 31 | 341900995 | 3rd Polling Officer | PARMESHWAR SAW 14190466 | DOZER OPERATOR CAT D GRD OCP | C.C.L Giridih | AB |
| 32 | 341900999 | 1st Polling Officer | MUSTAFA ANSARI 14192850 | LDC GR. II KABRIBAD MINE | C.C.L Giridih | AB |
| 33 | 341901012 | 3rd Polling Officer | LAKSHMAN MANDAL 14586333 | Grd.ocp | C.C.L Giridih | AB |
| 34 | 341901031 | 3rd Polling Officer | MAHENRA DAS 14193247 | Sweeper Cat-III C.centre | C.C.L Giridih | AB |
| 35 | 341901047 | 3rd Polling Officer | PRADEEP KUMAR BHUIYAN 14555502 | EP MAZDOOR CAT II | C.C.L Giridih | AB |
| 36 | 341901051 | 3rd Polling Officer | TUPLAL SAW 14192199 | E.P.G/HELPER CATE KABRIBAD MI | C.C.L Giridih | AB |
| 37 | 341901072 | 1st Polling Officer | RAJENDRA KUMAR THAPA 12073506 | SR. CLERK GR. SPL. PO OFFICE | C.C.L Giridih | AB |
| 38 | 341901141 | 3rd Polling Officer | MD. TAKBUL | S.A.(P.T.) UPG PS CHATANIPAHRI | B.E.E.O Gandey | AB |
| 39 | 341901335 | 2nd Polling Officer | RAVI RANJAN KUMAR | S.A MS CHAKARDAHA | B.E.E.O Bengabad | AB |
| 40 | 341901433 | 1st Polling Officer | MADAN KUMAR RATNA | A.T GOVT PS MAGHAYA TOLA KAJRO | B.E.E.O Giridih | AB |
| 41 | 341901454 | 1st Polling Officer | OM PRAKASH MANDAL | A.T GOVT PS SADIGAWARO | B.E.E.O Giridih | AB |
| 42 | 341901470 | 1st Polling Officer | ABHISHEK KUMAR SINHA | A.T GOVT PS TIGOJORI | B.E.E.O Giridih | AB |
| 43 | 341901535 | 2nd Polling Officer | MD ZAHIRUDDIN BABAR | SA.A MS GHUTHIYA URDU | B.E.E.O Bengabad | AB |
| 44 | 341901674 | 3rd Polling Officer | VIKASH KUMAR | Sa.A NPS TANDIGHAR JUDPANIYA | B.E.E.O Bengabad | AB |
| 45 | 341904595 | Presiding Officer | MANOJ KUMAR PANDEY | TGT UHS DONDNO | D.E.O,Giridih(Bagodar) | AB |
| 46 | 341904692 | Presiding Officer | ABHEEK ANIMESH | TGT RAMNAM HS SHOOL RAMPUR | D.E.O,Giridih(Deori) | AB |
| 47 | 341904713 | 1st Polling Officer | MIRAJ UDDIN | LAB ASSISTENT +2 A.H.S.TISRI | D.E.O,Giridih(Tisri) | AB |
| 48 | 341904751 | 1st Polling Officer | GAUTAM KUMAR SINGH | CLERK UHS BRAHMORIYA | D.E.O,Giridih(Giridih) | AB |
| 49 | 341904761 | Presiding Officer | MANOJ RAJAK | TGT GIRIDIH+2 H/S GIRIDIH | D.E.O,Giridih(Giridih) | AB |
| 50 | 341904829 | 3rd Polling Officer | VIJAY MAHTO | CHOUKIDAR CO BAGODAR | Circle Office Bagodar | AB |
| 51 | 341904926 | Presiding Officer | BALESHWAR PD KUSHWAHA | AssT. UMS TULSIDIH | B.E.E.O Jamua | AB |
| 52 | 341905118 | 3rd Polling Officer | CHANDO RAJAK | S A UMS JARIDIH | B.E.E.O Jamua | AB |
| 53 | 341905125 | 2nd Polling Officer | SUBODH VERMA | S.ADHYAPAK UPS SUKHNUDIH | B.E.E.O Jamua | AB |
| 54 | 341905246 | 3rd Polling Officer | MD. NAIMUDDIN | S.A UMS FATAHA | B.E.E.O Jamua | AB |
| 55 | 341905268 | 2nd Polling Officer | PAPPU CHOUDHARY | S A KANAYA UMS SIMRABAD | B.E.E.O Jamua | AB |
| 56 | 341905296 | 3rd Polling Officer | MD ISLAM AHMAD | S.A MERGED UPS DAMGI UPS JHARA | B.E.E.O Jamua | AB |
| 57 | 341905307 | 3rd Polling Officer | CHANDO LAL MANJHI | S.A UMS DUBIYABEDA | B.E.E.O Pirtand | AB |
| 58 | 341905363 | Presiding Officer | MAHAVIR PASWAN | Asst. UMS CHILGA | B.E.E.O Jamua | AB |
| 59 | 341905422 | 3rd Polling Officer | DEEPAK KUMAR PANDEY | S.ADHYAPAK UPS PANDEYDIH TOL | B.E.E.O Jamua | AB |
| 60 | 341905469 | 3rd Polling Officer | SUJIT KUMAR | S.A UMS KARANDO | B.E.E.O Pirtand | AB |
| 61 | 341905492 | 3rd Polling Officer | LAXMI KANT DWIVEDI | S.A UMS PATARDIH | B.E.E.O Jamua | AB |
| 62 | 341905672 | Presiding Officer | MANOHJ KUMAR | ASST. UMS PINDRASOT | B.E.E.O Jamua | AB |
| 63 | 341905713 | Presiding Officer | ASHOK KUMAR SHARMA | UMS JARIDIH DUMMA | B.E.E.O Jamua | AB |
| 64 | 341905751 | 3rd Polling Officer | RITALAL MAHLI | S.A UPS DASOUNDHIDIH | B.E.E.O Jamua | AB |
| 65 | 341908939 | Presiding Officer | SHISHIR KUMAR | TGT +2 H.S. ATKA | B.E.E.O Bagodar | AB |
| 66 | 341908946 | Presiding Officer | RAJESH YADAV | TGT +2 H.S. ATKA | B.E.E.O Bagodar | AB |
| 67 | 341908953 | Presiding Officer | RAMPRAWESH KUMAR | PGT +2 H.S. ATKA | B.E.E.O Bagodar | AB |
| 68 | 341908961 | Presiding Officer | JAWED AKHTAR | TGT +2 H.S. ATKA | B.E.E.O Bagodar | AB |
| 69 | 341908967 | Presiding Officer | PRASHANT KRISHNA | TGT +2 H.S. ATKA | B.E.E.O Bagodar | AB |
| 70 | 341908975 | Presiding Officer | NASHIM ANSARI | PEON +2 H.S. ATKA | B.E.E.O Bagodar | AB |
| 71 | 341908985 | Presiding Officer | RANJEET KUMAR | CLERK +2 H.S. ATKA | B.E.E.O Bagodar | AB |
| 72 | 341908990 | Presiding Officer | NIWAS KU PANDEY | TGT +2 H.S. ATKA | B.E.E.O Bagodar | AB |
| 73 | 341908993 | 3rd Polling Officer | AJIT KUMAR SHARMA | S.A. UMS MANJHILADIH | B.E.E.O Bagodar | AB |
| 74 | 341909012 | 3rd Polling Officer | RIYAJUL HUSAN RIJIVI | S A UMS BAGODAR URDU | B.E.E.O Bagodar | AB |
| 75 | 341909023 | 3rd Polling Officer | VINAY KUMAR | S A MS ATKA CHATTI | B.E.E.O Bagodar | AB |
| 76 | 341909085 | 3rd Polling Officer | BINOD KUMAR RAY | S.A UPS KHESNAL | B.E.E.O Dhanwar | AB |
| 77 | 341909163 | 3rd Polling Officer | RAVINDRA KUMAR | S.A. UPS SATUAPAHADI | B.E.E.O Dhanwar | AB |
| 78 | 341909196 | Presiding Officer | ARVIND KUMAR | A.T UMS DEORADIH | B.E.E.O Bagodar | AB |
| 79 | 341909235 | 3rd Polling Officer | BANDHAN MAHTO | S A UMS BANDHTOLA | B.E.E.O Bagodar | AB |
| 80 | 341909292 | 3rd Polling Officer | VINOD TUDU | MPW CHC BIRNI | C.H.C Birni | AB |
| 81 | 341909297 | Presiding Officer | Sri RAMASHRAY Pd SINGH | Demo. ADARSH COLL. RAJDHANWAR | Adarsh College Rajdhanwar | AB |
| 82 | 341909314 | Presiding Officer | MAHENDRA KUMAR SHARMA | HEAD CLERK CO OFF. PIRTAND | Circle Office Pirtand | AB |
| 83 | 341909316 | Presiding Officer | JIBRAIL MURMU | HEAD CLERK CO OFF. PIRTAND | Circle Office Pirtand | AB |
| 84 | 341909320 | 1st Polling Officer | CHANDAN KUMAR MEHTA | LDC CO OFF. PIRTAND | Circle Office Pirtand | AB |
| 85 | 341909321 | Presiding Officer | RAMNARESH SINGH | RSI CO OFF. PIRTAND | Circle Office Pirtand | AB |
| 86 | 341909323 | Presiding Officer | MANZAR HUSSAIN ANSARI | RSI CO OFF. PIRTAND | Circle Office Pirtand | AB |
| 87 | 341909325 | Presiding Officer | DASRATH HEMBROM | RSI CO OFF. PIRTAND | Circle Office Pirtand | AB |
| 88 | 341909327 | Presiding Officer | BIJAN KUMAR HEMBROM | RSI CO OFF. PIRTAND | Circle Office Pirtand | AB |
| 89 | 341909330 | 3rd Polling Officer | PREM KUMAR | DRIVER CO OFF. PIRTAND | Circle Office Pirtand | AB |
| 90 | 341909332 | 3rd Polling Officer | CHAITU HEMBROM | PEON CO OFF. PIRTAND | Circle Office Pirtand | AB |
| 91 | 341909335 | 3rd Polling Officer | RAJU KUMAR | PEON CO OFF. PIRTAND | Circle Office Pirtand | AB |
| 92 | 341909338 | 3rd Polling Officer | MAHESH PRASAD VERMA | DRIVER CO OFF. PIRTAND | Circle Office Pirtand | AB |
| 93 | 341909339 | 2nd Polling Officer | SANJAY KUMAR | CO OFF. PIRTAND | Circle Office Pirtand | AB |

नोडल पदाधिकारी,
कार्मिक कोषांग,गिरिडीह

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
उपायुक्त, गिरिडीह

PR 323620 Election(24-25).D

## समय संवाद

बाजारवाद के आगे आप और हम हारते इसलिए हैं क्योंकि हम अपनी ईगो या अहंकार के गुलाम बने रहते हैं। ऐसा करना सुगम होता है क्योंकि ईगो के बहाव के साथ बहना आसान है। समाज व्यक्तियों से बनता है और जब ज्यादातर लोग उसी बहाव में बहते दिखते हैं तो समाज भी उसी बहाव में बहता दिखता है। और जैसे ही समाज बहता दिखता है बाजारवाद की लहर में, हम अपने बहने को सही मान लेते हैं। लेकिन ध्यान रहे, बहाव के साथ मुर्दा लाशें ही बहती हैं और इसी चाल को भेड़ चाल कहते हैं। बहाव के खिलाफ तैरने के लिए हुनर और हिम्मत चाहिए। नौसेना में तो बाकायदा इसकी ट्रेनिंग होती है, वो भी समुद्र में। खैर, अब कंज्यूमर किंग तो बना दिया गया है। महीने के अंत में मिलना वही बंधी तनख़्वाह है।

# बाजारवाद की आंधी में क्या-क्या बह जायेगा

**निशान्त**



**वहीं** बाजारवाद में सामान पहले बनाया जाता है, और जरूरतें फिर पैदा की जाती हैं।

इसे ऐसे समझिए कि जब आपकी जरूरत साफ पीने योग्य पानी है, तो बाजारवाद आपको बिसलेरी का पानी पीने को बाध्य करेगा। समझाया जाएगा ये प्योर है, सबसे अच्छा है, सबसे साफ है। ऐसे ही, जब आपकी जरूरत तेल, साबुन, मंजन है, तब बाजारवाद आपको समझायेगा कि फलाना ब्रांड का तेल, साबुन, मंजन लेना चाहिए क्योंकि वो सबसे अच्छा है, बेहतरीन क्वालिटी का है। खैर, बात वापस अपने मुद्दे की। चर्चा ईगो पर पहुंची थी। तो फि लहाल बाजारवाद आपकी-हमारी ईगो का मसाज ऐसे कर रहा है कि हमें-आपको कंज्यूमर इज किंग कर राजा घोषित कर रहा है। एक आभासी दुनिया में राजा बना रहा है।

अब आपको राजा घोषित कर दिया गया तो आपको राजा की परिभाषा पर पूरा भी उतरना पड़ेगा। मतलब राजसी तरीके से रहना और खर्चा करना। खर्च करने के लिए बाजारवाद ने आपके लिए सामान पहले ही बना कर रख लिए हैं, मसलन सबसे अच्छा तेल, मंजन, शैम्पू।

तो अब आप राजा बनने के एहसास में राजसी खर्च करने लगे। भले ही आपको जरूरत न हो, आपने नयी जरूरतें बना लीं। मसलन कोई खास क्रीम या कोई स्पेशल फूड। और उन जरूरतों को पूरा करने और राजा सा दिखने के चक्कर में आपने अपने आर्थिक संसाधनों का दोहन शुरू कर दिया। और अब आपके इस किंग होने के एहसास के चलते, आपके परिवार की आदतें भी वैसी बनने लगीं। अब आपके बच्चे भी प्रिंस और प्रिंसेज बन गए। अब राजा साहब और रानी साहिबा सुबह से शाम या रात तक दफ़्तरों में काम करते हैं चुपचाप क्योंकि अब वो राजा सा दिखने के लिए दफ़्तर के गुलाम बन चुके हैं। नौकरी नहीं तो राजसी शौक और जीवनशैली कैसे मैनिज करेंगे? और राजा भी अब अमूमन वीकेंड पर ही बन पाते हैं, या बहुत हुआ तो दफ़्तर के बाद कभी-कभी शामों को जब ईगो मसाज के लिए राजा साहब, क्वीन और प्रिंस और प्रिंसेज के साथ किसी रेस्टोरेंट में राजसी खाने के अनुभव के लिए जाते हैं।

इस सब के बीच वो बाजारवाद का चेहरा खी-खी कर छिप कर हंस रहा होता है। बिल्कुल वैसे ही, जैसे आप हैरत से हंसेंगे अगर आप सड़क पर किसी परिवार को राजसी वेशभूषा में टहलता और नॉर्मल सा बिहेव करता देखेंगे। आपको पता है वो राजा नहीं, न किसी फि ल्म की शूटिंग चल रही है, और न कोई फैंसी ड्रेस शो। आपके मूँह से शायद निकले ह्ययेपगला गए हैं क्या?ह्ल

बस ठीक ऐसा ही बाजारवाद को बढ़ाती ब्रांड्स को लगता है। वो हँसते हैं आप पर मन ही मन क्योंकि आप उसी फजी राज परिवार से हैं जैसा सड़क पर आपने घूमता देखा। वो हँसते हैं आपको देख कर क्योंकि आप उनके जाल में फंस उनकी जेब गरम कर रहे हैं। और वो ब्रांड्स आपके सामने अब और ज्यादा जोश और संजीदगी से बताते हैं कि आप जो कर रहे हैं वो सही है क्योंकि आपके ह्यपरिवार की सेहत और सुरक्षा और खुशीह्ल के लिए वो सब जरूरी है। और आप फिर इमोशनल गेम में उनके फंस गए।

खैर, अब राजा साहब ने इतना प्रचार कर दिया अपने राजा होने का कि वो अगर अपने नॉर्मल रूप में घूमेंगे को उन्हें अजीब लगेगा और शायद शर्मिंदा महसूस करेंगे। इसलिए अब राजा साहब ओढ़े रहते हैं वही घिसा हुआ राजसी चोला जिसके पीछे से झाँकती है असलियत।

वैसे न जाने क्यों राजा साहब का सुनते ही शादियों में गेट पर खड़े उन चमकीले कपड़ों और नकली मूंछों और भाले लिए राजसी सुरक्षा कर्मी याद आ गए। जिन्हें मेजबान ने शायद किसी राजसी आभास के लिए खड़ा किया था लेकिन असलियत आपको पता होती है। अंदर न राजा होता है न रानी, और प्लेट पर मिलती है वही पुड़ी-पनीर और ग्लास में होता है वही पानी। सब सोच कर हंसी आ रही है।अब अगर नार्मल बाजार से खरीदारी करते तो जाहिर है ज्यादा तनख़्वाह बचती, ज्यादा तसल्ली रहती, और टेंशन कम रहते क्योंकि जेब में बच रहा है ज्यादा कैश।

# धार्मिक निष्ठा हर काल में हिन्दूओं का रक्षक रही है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**समाज** की मजबूती प्रेम से संभव है। अगर किसी व्यक्ति को जंगल में अकेले भेज दिया और सभी साधन उसके पास हो तब भी वह खुश नहीं रहता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, यह सभी जानते हैं और शौक से गुलामी भी की जाए तो बुरी नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि तन, मन और धन के समर्पण की बात की जाती है। तन और धन का समर्पण ज्यादा कठिन नहीं है लेकिन मन का समर्पण सबसे कठिन है। कंचन तजना सरल है सरल त्रिया का मोह, लेकिन मन जो मान से बना है और उसे मांद से समझना आसान होता है। उसमें जीव सबसे ज्यादा घिरा होता है। इसमें सबसे ज्यादा लोग फंसते हैं। जिसने मन का समर्पण कर दिया वह मान-अपमान से उपर हो जाता है।

लक्ष्मण का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि लक्ष्मण का मन राम को समर्पित था। लक्ष्मण ने जितनी बार क्रोध किया वह राम के अपमान पर किया, चाहे चित्रकूट में भरत पर, गंगा पार कराते निसाध पर, धनुषभंग के क्रम में परशुराम पर। जीव सबसे ज्यादा मान अपमान में फंसता है और इससे ही अहंकार पैदा होता है। इस मन को हम प्रेम के माध्यम से ही समर्पित करते हैं।

भारतीय समाज में जब प्रेम था तब भारत दुनिया का सबसे समृद्ध और सुदंर देश था। भारतीय मन कभी हिंसक और साम्रज्यवादी नहीं रहा। मौर्य वंश के बाद गुप्त वंश तक लगभग 800 वर्षों तक पूरे विश्व में भारत का डंका बजता रहा। यूरोपीय देश भारत से व्यापार करते थे। लोग बहुत समृद्ध थे। प्रेम और त्याग की भावना से भरे थे। यूरोपीय देश अरब होकर भारत से व्यापार करते थे। अरब के लोगों को इस व्यापार के कारण भारत की समृद्धि की जानकारी मिली।

इस कारण नादिरशाह, तैमूरलंग जैसे कई अरबी शासकों ने भारत पर आक्रमण कर लूट-पाट की और लौट गये। दूसरी ओर भारत की समृद्धि के कारण यूरोपीय देशों ने भारत तक आने को समुद्री मार्ग खोजना चाहा क्योंकि अरब देशों में चुंगी अधिक हो गयी। इसी क्रम में कोलंबस 1498 में निकला और अमेरिका की खोज हो गयी, जिसे रेड इंडियंस कहा गया। फिर वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की। अंग्रेजों ने इसी समृद्धि के कारण देश को गुलाम बना लिया। दुनिया की सबसे अच्छी आबोहवा भारत के गंगा युमना के मैदानी क्षेत्र और पंजाब के पंचनद क्षेत्र की है। समतल मैदान, उपजाउ भूमि, धर्म में आस्था रखने वाले लोग। दूसरे विश्व युद्ध में ब्रिटेन तबाह हो गया और भारत को आजाद करना उसकी बाध्यता हो गयी। इस बीच मुगलों ने शासन किया और उन्हें भारतीय समाज ने सहजता से स्वीकार किया। उस काल में भी धार्मिक निष्ठा हमारी सुरक्षा कवच के तौर पर काम करती है। समाज को एक करने में धर्म का महत्वपूर्ण योगदान है। पूरे विश्व में ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम की स्थापना प्रेम बढ़ाने के लिये ही की गयी है जिससे धर्म की स्थापना स्वतः होती है। श्री राम का जीवन संतोष, प्रेम, त्याग और तप का जीवन था । यही कारण है कि आज भी भारतीय जीवनशैली एक मात्र संतोष प्रधान है। जो दिया अच्छा दिया। न्यायालय के उपर दयालय की कल्पना है। ईश्वर और कुदरत के बीच का सूक्ष्म अंतर भारतीय संतों ने दुनिया को बताया। स्वामी सदगुरु शिवर्धमानंदजी ने कहा था कि भारत समृद्ध था और फिर देश को समृद्ध होने से कोई नहीं रोक सकता है। कोई भी संप्रदाय देश की मूल भावना से हटकर कार्य करें तो असंतोष पनपेगा इसलिए सभी को देश के मूल भावना का, मूल प्रकृति का सहयोगी वृति का ख्याल रखना चाहिए।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम मुख्य स्थानः छोटका राजपुर, बक्सर, बिहार)

# ड्राई आई सिंड्रोम से बचें

**रितु ढिल्लों**

**आंखें** कुदरत का अनमोल रतन हैं। इनका ध्यान रखें। लंबे समय तक लैपटॉप और मोबाइल का इस्तेमाल करने से बच्चों में ड्राई आई सिंड्रोम की समस्या आम हो गई है। यूं तो पहले भी टीवी ज्यादा देखने वाले बच्चों में ऐसी परेशानी देखी जाती थी, लेकिन कोविड-19 के चलते बच्चों की पढ़ाई ऑनलाइन होने से यह समस्या बढ़ गई। बच्चे ही नहीं, बड़े भी ड्राई आई सिंड्रोम का शिकार हो रहे हैं। लेकिन मोबाइल और लैपटॉप के अंधाधुंध प्रयोग ने बच्चों को ऐसा बांधा कि लगातार एक ही जगह पर नजरें टिकाए रहने से न तो उनकी आंखों का व्यायाम हो पाता है और न ही बीच-बीच में जरूरी आराम मिल पाता। समय के हिसाब से ऑफिस या स्कूल के काम का भले ही अंदाज बदला हो, लेकिन अपनी आंखों का ध्यान हर किसी को रखना चाहिए।

कोशिश करें कि समय-समय पर आपकी आंखों को आराम मिले और लगातार आप किसी स्क्रीन की तरफ देखते नहीं रहें।

**क्या हैं लक्षण**

आंखों में जलन और खुजली होने के साथ ही दृष्टि धुंधली होने लगती है। ऐसा भी देखा गया है कि आंखों से पानी आना भी ड्राई आई सिंड्रोम का लक्षण हो सकता है। सामान्यतः आई सिंड्रोम के लक्षण हैं-आंखों में जलन (इचिंग) महसूस होना, आंखें भारी होना, आंखे शुष्क होना, आंखें लाल होना, दृष्टि धुंधली होना। ऐसी समस्या आए तो चिकित्सक से परामर्श लें। इस समस्या से बचाव के लिए विटामिन-ए युक्त चीजों का अधिक सेवन करें। साथ ही पेय पदार्थ अधिक लें। बच्चों को अनावश्यक रूप से मोबाइल का इस्तेमाल करने से रोकें। चिकित्सक की सलाह के बिना आंख में कुछ भी न डालें।

**इस सिंड्रोम के कारण और निदान**

मुख्य कारणों में शामिल हैं, लंबे समय तक डिजिटल डिवाइस का इस्तेमाल करना, ज्यादा समय तक एसी में रहना, लगातार कॉन्टेक्ट लैंस का प्रयोग करना, फैटी एसिड वाले भोजन का न करना, बहुत ज्यादा किताबें पढ़ना। आई सिंड्रोम की परेशानी से बचने के लिए जरूरी है कि लगातार स्क्रीन के सामने न रहें, ब्रेक लेते रहें, विटामिन-ए युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें, पेय पदार्थों का सेवन अधिक करें, तंबाकू और एल्कोहल के प्रयोग से बचें और साबुत अनाज, फल और सब्जियों का सेवन करें।

# ओरल हेल्थ को लेकर रहें सजग

**मिताली जैन**



जब भी ओरल हेल्थ की बात होती है तो आमतौर पर लोग दिन में दो बार ब्रश करना ही पर्याप्त समझते हैं। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। आपके दांतों के साथ-साथ जीभ की सफाई करना भी उतना ही जरूरी है। हालांकि कई बार जीभ की क्लीनिंग को पूरी तरह से इग्नोर किया जाता है। जिसके कारण जीभ पर एक सफेद परत जम जाती है। जिसके कारण ना सिर्फ मुंह से बदबू आती है, बल्कि इसे बैक्टीरियल इंफेक्शन होने व अन्य कई समस्याएं होने का खतरा भी रहता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप अपनी जीभ की सफाई किस तरह से बेहद आसानी से कर सकते हैं-

## लहसुन

आमतौर पर जब लहसुन को भोजन में शामिल किया जाता है और आप उसका सेवन करते हैं तो इससे मुंह से स्मेल आती है। लेकिन क्या आपको पता है कि यह आपकी जीभ की सफाई में भी मददगार है। दरअसल, जब इसे कच्चा खाया जाता है तो यह बैक्टीरिया को खत्म करता है, जिससे जीभ जल्दी ही क्लीन हो जाती है।

## एलोवेरा का करें इस्तेमाल

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, एलोवेरा में एंटी-इंफलेमेटरी व हीलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। यह जीभ और मसूड़ों पर कीटाणुओं को मारने में मददगार साबित हो सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए एक बड़ा चम्मच एलोवेरा का रस मुंह में लें और इसे कुछ मिनटों के लिए घुमाएँ, और इसे थूक दें। फिर अपने मुंह को गर्म पानी से कुल्ला करें। आप इसे दिन में कई बार दोहरा सकते हैं।

## नमक आएगा काम

जीभ साफ करने के लिए नमक सबसे अच्छा और सस्ता उपाय है। यह आपकी जीभ से गंदगी व डेड स्किन सेल्स को बेहद आसानी से हटाता है। इसके लिए आप जीभ पर कुछ नमक छिड़कें और एक मिनट के लिए टूथब्रश से हल्के से ब्रश करें। फिर अपने मुंह को पानी से कुल्ला। दिन में दो बार दोहराएं। आपको पहली बार में भी अंतर नजर आएगा।

## हल्दी

हल्दी किचन में इस्तेमाल किया जाने वाला महज एक मसाला नहीं है, बल्कि यह मुंह के लिए एंटीसेप्टिक दवाओं का एक उत्कृष्ट विकल्प है। इसके इस्तेमाल के लिए आप नींबू और हल्दी को मिलाकर एक पेस्ट बनाएं। अब 2 मिनट के लिए जीभ पर इस पेस्ट को रगड़ें। आखिरी में गर्म पानी से अच्छी तरह कुल्ला करें।

# हम भक्त हैं महाकाल के



**त्रिपुरारी कुमार पाण्डेय**

**हम भक्त हैं ,**
**उस महादेव के ,**
**जो देवों के देव हैं ,**
**कालों के काल हैं ,**
**कहलाते महाकाल हैं !**

**हम भक्त हैं ,**
**उस शिव शम्भू के ,**
**जो गले में लपेटे नाग हैं ,**
**कहलाते नागराज हैं !**

**हम भक्त हैं ,**
**उस शिव शंकर के ,**
**जो हर बाधा विघ्नेश्वर हैं ,**
**जो डमरू त्रिशूलधारी हैं ,**
**कहलाते त्रिपुरारी हैं !**

**हम भक्त हैं ,**
**उस विश्वेस्वर के ,**
**जो रहते हैं पत्नेश्वरधाम में ,**
**जो भक्तों के पालनहार हैं ,**
**कहलाते पशुपतिनाथ हैं !**

**हम भक्त हैं ,**
**उस पसेरियनाथ के ,**
**जो रहते हैं हरदम साथ में ,**
**कहलाते भूतनाथ हैं !**

**हम भक्त हैं ,**
**उस गंगाधर के ,**
**जो जटा में समेटे गंगा हैं ,**
**जो सर पे सजाये चन्द्रमा हैं ,**
**रुद्राक्ष ,त्रिपुण्ड जिनकी शोभा है**
**जो कहलाते भस्मरमैया हैं !**

**मलयपुर ,जमुई (बिहार )**

# आधी आबादी की हिस्सेदारी

**रविरंजन**



केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के अधीन आने वाले राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय ने अपने सावधिक श्रम शक्ति सर्वेक्षण (पीएलएफएस) का सालाना सार-संक्षेप जारी कर दिया है। रिपोर्ट में जुलाई 2021 से जून 2022 के बीच की अवधि को शामिल किया गया है। इसका अर्थ यह है कि इसमें कोविड-19 की तबाही मचाने वाली दूसरी लहर के तत्काल बाद की अवधि को रखा गया है।

पीएलएफएस का इस्तेमाल देश में बेरोजगारी दर का आकलन करने के लिए किया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020-21 की तुलना में 2021-22 के दौरान इस मानक में गिरावट आई और ग्रामीण इलाकों में यह 3.3 फीसदी से घटकर 3.2 फीसदी तथा शहरी इलाकों में 6.7 फीसदी से घटकर 6.3 फीसदी रह गया। गिरावट की यह दिशा अप्रत्याशित तो नहीं लेकिन संतोषजनक है। ऐसा इसलिए कि महामारी के बाद हालात लगातार सुधर रहे हैं।

बहरहाल, देश में नियमित बेरोजगारी दर से जुड़े कई सवाल हैं जिनके जवाब तलाश करने हैं। इसमें श्रम शक्ति में शामिल वे लोग आते हैं जो रोजगार की तलाश कर रहे लेकिन उसे पाने में नाकाम हैं। इसमें बड़ी तादाद में वे लोग शामिल हैं जो स्वरोजगार करते हैं, प्रच्छन्न बेरोजगारी की मौजूदगी और निर्वाह के लिए किए जाने वाले ऐसे काम हैं जो लोगों को रोजगार तलाशने वालों की श्रेणी में जाने से रोकते हैं। ऐसे में श्रम शक्ति भागीदारी दर (एलएफपीआर) पर काफी ध्यान है जो एक तरह से अर्थव्यवस्था के आकलन का बेहतर मापक है।

बढ़ती एलएफपीआर खासकर महिलाओं के मामले में इसमें इजाफे को देश की संभावित आर्थिक वृद्धि में इजाफे को लेकर अहम प्राथमिकता माना जाता है। उस नजरिये से देखें तो पीएलएफएस कोई खास ढांचागत अंतर नहीं दिखाता।

एलएफपीआर की बात करें तो 15 वर्ष से अधिक आयु की ग्रामीण महिलाओं के लिए 2021-22 में यह 36.6 फीसदी रही और इसी उम्र की शहरी महिलाओं के लिए 23.8 फीसदी। इसके विपरीत 15 वर्ष से अधिक आयु के 78.2 फीसदी ग्रामीण पुरुषों की तुलना में शहरों में यह 74.7 फीसदी है। ग्रामीण महिलाओं के लिए एलएफपीआर ऊंची है क्योंकि महिलाएं आमतौर पर अपने घर के आसपास कृषि कार्यों में पुरुषों की तुलना में अधिक संलग्न रहती हैं।

पीएलएफएस की अनिवार्य तौर पर एक दशक से अधिक पुराने समकक्ष सर्वे से तुलना नहीं की जानी चाहिए लेकिन इस बात पर व्यापक सहमति है कि भारत में महिला एलएफपीआर नहीं बढ़ रहा है बल्कि इसमें गिरावट ही आ रही है। अतीत में सांख्यिकीविदों ने दलील दी है कि ये कम एलएफपीआर उन कामकाजी महिलाओं की हकीकत को शामिल नहीं कर पाती है जो परिवारों और देश की अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग हैं।

दूसरे शब्दों में कहा जाए तो महिलाओं के उस घरेलू काम को एलएफपीआर में शामिल किया जाना चाहिए जिसके लिए उन्हें कोई वेतन नहीं मिलता। परंतु एलएफपीआर के पीछे विचार यह आकलन करने का है कि अर्थव्यवस्था किस हद तक संभावित कर्मचारियों को प्रोत्साहित और समायोजित करने में कामयाब हो सकी। ऐसे में अगर बिना वेतन भत्ते के घरेलू काम को एलएफपीआर में शामिल किया गया तो यह उपाय उतना स्पष्ट नहीं रह जाएगा।

# आइये ट्रेकिंग करें इन गर्मियों में

रमेश पठानिया

अगर आप हाइकिंग, ट्रेकिंग में रुचि रखते हैं तो हिमाचल एक खूबसूरत विकल्प है। कुल्लू मनाली में कई खूबसरत ट्रेक हैं जो अप्रैल, मई और जून के महीने में किये जा सकते हैं। यह सब इतने कठिन भी नहीं हैं। जैसे कुल्लू से बिजली महादेव, थार्ट से माहुट या माहुटी नाग। आज जिस ट्रेक पर आपको लेकर चल रहा हूं, वह माहुटी नाग मंदिर का ट्रेक है। कुल्लू से बिजली महादेव के रास्ते जाते हुए आप थार्ट से यह ट्रेक शुरू कर सकते हैं वाइल्ड एडवेंचर कैंप से एक पगडंडी जाती है। जो आपको एक खूबसूरत चरागाह, सारी पधर तक ले जाती है। चीड़, देवदार के पेड़ों के बीच के मनमोहक चरागाह देखते ही बनती है। बलखाती पगडंडी पुराने देवदार के गगनचुम्बी पेड़ों के बीच से होकर गुजरती है। बीच में विशालकाय चट्टाने हैं और कहीं कहीं गुफाएं हैं, जिनमें बारिश या मुसीबत के समय आप शरण ले सकते हैं। यह गुफायें कितनी पुरानी है इसका कोई अनुमान नहीं है। लिखणु जोत होते हुए आप पाहुरुआड़ पहुंचते हैं जहां इतनी बड़ी चट्टानें हैं कि आप उनका आकार देखकर हैरान हो जायेंगे। वहां से पार्वती घाटी का विहंगम दृश्य दिखता है। इसके आसपास कई गुफाएं हैं जिनमें जाना खतरे से खाली नहीं है। उनकी लम्बाई-चौड़ाई का कोई अनुमान भी नहीं लगाया जा सकता।

इसकी ट्रेक खासियत यह है कि चारों और से घने पेड़ों से घिरा है और कई चट्टानों पर ब्रह्मी भाषा में कुछ शिलालेख भी हैं। बड़ी चट्टानों पर पानी के निशान हैं, जो कितने पुराने हैं इनका कोई अनुमान नहीं है। यहां पर जैसे-जैसे ऊंचाई बढ़ती जाती है, कोणधारी पेड़ों की संख्या और प्रकार भी बदलते जाते है। जैसे चीड़, देवदार, रई तोश, कायल और रखाल के बड़े पेड़ मिलते हैं। इन सब की लकड़ी भवन निर्माण में प्रयोग की जा सकती है। रखाल एक ऐसा पेड़ है जिसकी छाल और पत्तों से चाय बनती है, जो स्वास्थ्य के लिये बहुत लाभकारी है इसे ग्रीन-टी भी कह सकते हैं। फ्लाण बसंत में पहाड़ पर खिले वाला पहला फूल है। मार्च-अप्रैल में अगर आप भाग्यशाली हैं तो आप को बर्फ भी मिल सकती है। 6 किमी इस ट्रेक में जब आप बैरिंग टॉप पहुंच कर चारों और नजर घुमाएंगे तो आपको सारी पहाड़ियां जो आपको कुल्लू से बहुत ऊंची लगती हैं बहुत बोनी दिखाई देंगी।

बैरिंग टॉप के बाद डेढ़ किमी चलने के बाद आप सीधे माहुटी नाग के मंदिर के पहले दर्शन करते हैं। छोटा-सा लकड़ी का मंदिर है नाग देवता का जिसके पास जाना मना है। देवभूमि में बहुत से मंदिरों में एक सीमा तक ही आप जा सकते हैं कुछ में प्रवेश खास उत्सव के समय ही किया जा सकता है। धार्मिक मान्यताएं यहां की शैली और परम्परा में हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# गर्भपात और पूर्व प्रसव से बचने वाली दवाईयों से कैंसर का खतरा

**प्रिया शर्मा**



कई बार गर्भवती महिलाऐं गर्भपात और समय से पूर्व प्रसव से बचने के लिए दवाइयों का सेवन करती हैं। लेकिन इससे लंबे समय में उनके साथ-साथ उनके गर्भ में पल रहे बच्चे पर भी नकारत्मक प्रभाव पड़ता है। गर्भपात या समय से पूर्व बच्चे का जन्म रोकने के लिए दी जाने वाली एक दवा का महिला के गर्भाशय पर बुरा प्रभाव पड़ता है, जिससे बच्चे में कैंसर का खतरा अधिक है। यह निष्कर्ष ह्यूस्टन स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास हेल्थ साइंस सेंटर के साइंटिस्टों की तरफ से की गई रिसर्च में सामने आए है। यह निष्कर्ष अमेरिकन जर्नल ऑफ अब्स्टेटिक्स एंड गाइनकोलाजी में प्रकाशित हुए है।

साइंटिस्ट्स के मुताबिक, 17-ओएचपीसी (17-डलढउ) नामक दवा एक सिंथेटिक प्रोजेस्टोजन है, जिसका इस्तेमाल 1950-1960 से लेकर वर्तमान समय में भी पूर्व प्रसव रोकने के लिए गर्भवती महिलाओं को दी जाती है। प्रोजेस्टेरोन गर्भावस्था के दौरान गर्भ को बढ़ने में मदद करता है और इसके साथ ही गर्भवती महिला में प्रारंभिक संकुचन की रोकथाम करता है, जिसकी वजह से ही गर्भपात का खतरा बढ़ता है। इस अध्ययन की लेखिका, कैटलिन सी मर्फी के मुताबिक, गर्भावस्था के दौरान दवा लेने वाली महिलाओं से पैदा हुए बच्चों में सारी उम्र कैंसर का रिस्क सामान्य बच्चों की तुलना में दोगुना बना रहता है।

क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

अध्ययन के शोधकताओं ने बताया कि 1960 में या उसके बाद पैदा हुए लोगों में कोलोरेक्टल यानी आंत और मलाशय कैंसर, पैंक्रिएटिक कैसर, थायराइड कैंसर समेत कई अन्य बीमारियां देखी गईं लेकिन इसका कोई ठोस कारण किसी को पता नहीं था। इसी के मद्देनजर शोधकताओं ने जून 1959 से जून 1967 के बीच एक योजना के तहत जिन महिलाओं ने प्रसव-पूर्व देखरेख की सेवाएं लीं, उनके डेटा के साथ ही कैलिफोर्निया कैंसर रजिस्ट्री के डेटा की भी समीक्षा की।

स्टडी का निष्कर्ष

इस अध्ययन में शोधकताओं ने 18,751 से लोगों के आंकड़ों का अध्ययन किया, जिसमें से 1,008 लोगों को कैंसर हुआ था और इन लोगों में से 234 लोग गर्भावस्था के दौरान दवा 17-ओएचपीसी के संपर्क में आए थे। वयस्क होने पर कैंसर ग्रसित होने वाले लोगों की संख्या दोगुनी थी, जो गर्भावस्था के दौरान इस दवा के संपर्क में आए थे। खास बात यह कि 65 प्रतिशत लोग 50 साल से कम उम्र में ही कैंसर पीड़ित हुए।

केटलीन सी मर्फी ने बताया कि स्टडी में पाया गया कि गर्भावस्था के दौरान इस दवा के इस्तेमाल से बच्चों का शुरूआती विकास बाधित हो सकता है, जिससे दशकों बाद कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि स्टडी में इस दवा के प्रयोग से सिंथेटिक हार्मोन का प्रभाव भी देखने को मिला। उन्होंने आगे कहा कि जो प्रक्रिया या बदलाव हमारे साथ गर्भ में होते हैं, वे कई दशकों बाद कैंसर के विकास के लिए महत्वपूर्ण जोखिम कारक हैं। उन्होंने कहा कि 17-ओएचपीसी लेने का कोई लाभ नहीं है और यह दवा समय से पहले जन्म के जोखिम को भी कम नहीं करता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने अक्तूबर 2020 में प्रस्ताव दिया था कि इस विशेष दवा को बाजार से वापस ले लिया जाए।

पर्यावरण की चिंता




साभारः कॉर्टून मूवमेंट डॉट कॉम

# टीएमयू की इसरो के साथ ऊंची उड़ान

**प्रो. श्याम सुंदर भाटिया**




**तीर्थंकर** महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) मुरादाबाद ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के संग मिलकर एक ऊंची उड़ान भरी है। गर्व की बात यह है कि इसरो ने टीएमयू को अपना नोडल सेंटर बनाने की सहमति जता दी है। इसरो के स्टार्ट प्रोग्राम के तहत इस नोडल सेंटर में यूजी और पीजी स्टूडेंट्स को प्रशिक्षित किया जाएगा। बशर्ते यूजी के फाइनल ईयर के स्टुडेंट्स पात्र होंगे। नोडल सेंटर के जरिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। इस प्रोग्राम के तहत वैज्ञानिकों को स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नवीनतम एवं उत्कृष्ट तकनीकों के अध्ययन के संग-संग रिसर्च करने का स्वर्णिम अवसर मिलेगा।

टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने इसरो की इस हरी झंडी को यूनिवर्सिटी के लिए बड़ा दिन बताते हुए कहा, इसरो के इस स्टार्ट प्रोग्राम के संग टीएमयू की साझेदारी नया इतिहास लिखेगी। अक्षत जैन ने कहा, हम अपने स्टुडेंट्स को ज्ञान-विज्ञान के संग-संग प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों में प्रशिक्षित करने के प्रति संकल्पित हैं। टेक्नोलॉजी अवेयरनेस ट्रेनिंग-स्टार्ट प्रोग्राम की ओर से ई-क्लासेज 15 अप्रैल से 08 मई तक चलेंगी। इस स्टार्ट प्रोग्राम से टीएमयू के बीटेक सीएस, बीटेक एआई, बीटेक डेटा साइंस, एमटेक सीएस, एमसीए, बीसीए, बीएससी ऑनर्स- सीएस, बीएससी एनिमेशन, बीसीए- मोबाइल एप्लीकेशन एंड वेब टेक्नोलॉजी, बीसीए-क्लाउड टेक्नोलॉजी एंड इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी आदि कोर्सेज के स्टुडेंट्स लाभांवित होंगे।

उल्लेखनीय है, इसरो देशभर के शैक्षणिक संस्थानों में स्टार्ट-2024 प्रोग्राम का शंखनाद करने जा रहा है। देशभर के फिजिकल साइंसेज और टेक्नोलॉजी के यूजी और पीजी कोर्स चलाने वाले संस्थान इसके पात्र होंगे। इसरो के इन मानकों की कसौटी पर ही तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी को इसके लिए चुना गया है। स्टार्ट प्रोग्राम का मुख्य मकसद युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र के प्रति आकर्षित करना है ताकि हम वैश्विक चुनौतियों का सामना कर सकें। इस प्रशिक्षण के दौरान अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न मॉडयूल शामिल होंगे, जिसमें चयनित स्टूडेंट्स को प्राथमिक जानकारी दी जाएगी। इसरो ने विषयवार प्रशिक्षण की तीन श्रेणियां निर्धारित की हैं।

टीएमयू की ओर से हिना हाशमी को कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। हिना का कहना है कि इच्छुक स्टुडेंट्स 08 अप्रैल से 12 अप्रैल तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। स्टार्ट प्रोग्राम में चयन का आधार एप्टीटयूड के अलावा शैक्षणिक प्रदर्शन और मेरिट होगी। इसरो के मानक के अनुरूप टीएमयू में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं- स्मार्ट लेक्चर हॉल्स, वातानुकूलित ऑडिटोरियम, हाई स्पीड इंटरनेट आदि उपलब्ध हैं।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के मुख्य कार्यों में देश के लिए अंतरिक्ष सम्बंधी तकनीक उपलब्ध करवाना व उपग्रहों, प्रमोचक यानों, साउन्डिंग राकेटों और भू-प्रणालियों का विकास करना शामिल है। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम डॉ. विक्रम साराभाई की संकल्पना है। उन्हें भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का जनक कहा गया है। वे वैज्ञानिक कल्पना एवं राष्ट्रनायक के रूप में जाने गए। 1957 में स्पूतनिक के प्रक्षेपण के बाद उन्होंने कृत्रिम उपग्रहों की उपयोगिता को भांपा। 1962 में 'अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए भारतीय राष्ट्रीय समिति' (इनकोस्पार) का गठन किया गया। इसके सभापति के रूप में डॉ. साराभाई को नियुक्त किया गया।

भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की स्थापना के साथ ही इसने अनुसंधित रॉकेट का प्रक्षेपण शुरू किया। 1969 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का गठन किया गया और जून, 1972 में, अंतरिक्ष विभाग की स्थापना की गई। आज अंतरिक्ष में भारत की सबसे बड़ी कामयाबी का परचम लहरा है। इसरो ने एक साथ रिकॉर्ड 104 सैटेलाइट का प्रक्षेपण कर इतिहास रचा है। इन 104 उपग्रहों में भारत के तीन और विदेशों के 101 सैटेलाइट शामिल हैं। प्रक्षेपण के कुछ देर बाद पीएसएलवी-सी37 ने भारत के कार्टोसैट-2 श्रृंखला के पृथ्वी पर्यवेक्षण उपग्रह और दो अन्य उपग्रहों तथा 103 नैनो उपग्रहों को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया। भारत ने इससे पहले जून 2015 में एक बार में 57 उपग्रहों को प्रक्षेपण किया था।

# संचार क्रांति के युग में बदलती अपराध की परिस्थितियां

**डॉ अम्बरीश गौतम**

**वर्तमान** समाज वैश्विक समाज है , जहाँ पर लोगों का संपर्क एक भाग से दूसरे भाग तक वर्चुअल तरीके से हो रहा है। यह वर्चुअल तरीका लोगों के लिए संपर्क का एक नया माध्यम विकसित कर रहा है। और लोग दूर रहते हुए भी एक दूसरे के साथ नजदीकी महसूस कर रहे हैं। चूँकि सभी संपर्क माध्यम बेतार तकनीकी के माध्यम से जुड़े हैं , इसलिए वहाँ पर व्यक्ति को उपस्थित रहना आवश्यक नहीं होता है। इसका सकारात्मक प्रभाव समाज पर पड़ा है और व्यक्ति दिन प्रतिदिन की सूचनाओं को एक स्थान से दूसरे स्थान भेज रहे हैं और प्राप्त कर रहे हैं। सुचना प्रसारण के इन माध्यमों में मुख्य रूप से सोशल मिडिया को रखा जाता है. जिसमें फेसबुक, व्हाट्सप्प, इंस्टाग्राम , टेलीग्राम प्रमुख हैं। इन माध्यमों से लोग न सिर्फ सूचनाओं का संग्रहण एवं प्रसारण कर रहे हैं बल्कि वे अपने पुराने व बिछड़े लोगों से संपर्क भी स्थापित कर रहे हैं। परन्तु यह कहा भी जाता है की किसी भी व्यवस्था के दो पहलु होते हैं सकारात्मक एवं नकारात्मक। सकारात्मकता इसके सही एवं सफल प्रभावों को दशार्ती है और नकारात्मकता गलत प्रभावों को.

मूल रूप से सूचना तकनिकी के माध्यम से आर्थिक अपराधों को अंजाम दिया जा रहा है , चाहे वह अकाउंट हैक कर पैसे निकालने की हो या अकाउंट डिटेल्स से शॉपिंग हो या सेक्सटॉर्सन हो. इन सभी में वर्चुअल ताकतों का व्यापक प्रयोग हो रहा है। सामान्यतः इन वर्चुअल माध्यमों से आर्थिक अपराध करना ज्यादा आसान हो गया है। इन सभी वर्चुअल अपराधों में मूल रूप से बिना किसी इन्वेस्टमेंट के अपराध को अंजाम दिया जाता है और छल, भय एवं सेक्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। परन्तु अब अपराधियों ने अपराध के नए तरीके खोजे हैं। इसके अंतर्गत वे लोगों को काम करने हेतु पैसों का प्रलोभन देकर , आसान तरीके से ऑनलाइन काम का ऑफर देकर अपना शिकार बनाते हैं। इसमें सबसे पहला स्तर होता है की व्हाट्सप्प के माध्यम से किसी भी व्यक्ति को एक मैसेज भेजा जाता है , जिसमें अपराधी लिखते हैं की क्या मैं आपका कुछ समय ले सकता हूँ, मेरे पास आपके लिए गुड न्यूज है। मैं फलां आगेर्नाईजेशन के एच आर डिपार्टमेंट से हूँ। हमारी कंपनी इंस्टाग्राम मर्चेंट के साथ काम कर रही है। जिसमें हम बहुत सरे लोगों को नियुक्त कर रहे हैं। नियुक्त हुए व्यक्ति को प्रतिदिन इंस्टाग्राम के वीडियो को लाइक एवं शेयर करना होगा और इससे आप प्रतिदिन 3हजार से 8 हजार तक कमा सकते हैं। इसके लिए आपसे कोई चार्ज नहीं लिया जायेगा। जैसे ही आप उसको स्वीकार करते हैं तो वह इंस्टाग्राम के तीन वीडियो लिंक भेज देता है। और आपसे कहता है की इन लिंक्स पर क्लिक कर वीडियो को लाइक करें और प्रमाण के तौर पर तीन स्क्रीनशॉट भेजें। जब आप इन प्रक्रियाओं को पूरा करके उसे भेजते हैं तो वह आपसे कहता है की कृपया ऑनलाइन रहें , आपको भुगतान किया जा रहा है। उसके बाद वह आपको पेमेंट कोड भेजता है। इसके बाद वह आपको दूसरा लिंक भेजता है, जिसमें बताता है की यह कंपनी के रिसेप्सनिस्ट का लिंक है। उसको पेमेंट कोड भेजें। जब आप उसके रिसेप्शनिस्ट से कनेक्ट होकर कोड भेजते हैं तो वह आपसे उसका भी स्क्रीनशॉट मांगता है। और बोलता है की अब आप रिसेप्शनिस्ट के संपर्क में रहें वहीँ से आपको पेमेंट होगा



इसके बाद टेलीग्राम पर आप उसके सोकॉलेड कंपनी के रिसेप्शनिस्ट से कनेक्ट हो जाते हैं। फिर रिसेप्शनिस्ट आपसे कुछ डिटेल्स मांगती है जिसमें नाम , उम्र , जेंडर, प्रोफेशन, व्हाट्सप्प न. एवं ईमेल एड्रेस होता है। जब आप उसको ये सूचनाएं प्रदान कर देते हैं तो फिर आपसे दूसरी सुचना मांगती है जिसमें आपका नाम , बैंक का नाम , बैंक अकाउंट न , बैंक का कोड देना होता है। जब आप इन सूचनाओं को भी उसे प्रदान कर देते हैं तब वह आपको उसे अपने कांटेक्ट लिस्ट में जोड़ने के लिए बोलती है और जब आप उसे कांटेक्ट लिस्ट में जोड़ लेते हैं तब रिसेप्शनिस्ट की तरफ से सुचना दी जाती है की आप पार्ट टाइम ग्रुप से जोड़ दिए गए हैं। फिर आपको पहले तीन स्क्रीनशॉट का 150 रुपये आपके अकाउंट में आ जाता है। इसके बाद रिसेप्शनिस्ट फिर से तीन वीडियो लिंक आपको भेजती है और बोलती है की इसको लाइक करके स्क्रीनशॉट शेयर करिये। जब आप उसको शेयर करते हैं तो पुनः आपके अकाउंट में 150 रुपये आ जाते हैं। इस प्रकार चार से पांच बार करने के बाद वह आपको अपने जाल में पूर्णतया फंसा हुआ मानती है और अपना जाल फैलाना शुरू करती है। अगली बार के तीन लिंक में दो विडिओ को लाइक करने का ऑप्शन आता है जो पूर्व की तरह का ही होता है परन्तु तीसरा लिंक इसमें आपको ठगने का होता है। जिसे वे प्रीप्रेड टास्क कहते हैं। इसमें वह बताती है की मर्चेंट के मार्केट डिमांड के अनुसार आप प्रीपेड प्लान ले सकते हैं।

# बालिकाओं की सुरक्षा के हों गम्भीर प्रयास

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**लड़कियों** को सशक्त बनाने और समाज में उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के महत्व को उजागर करने के लिए भारत में हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह लड़कियों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देते हुए उनकी ताकत और क्षमता का जश्न मनाने का दिन है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाना शुरू किया गया था। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों के बीच जागरुकता फैलाना व बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरुकता को बढ़ावा देना इसको मनाने का मुख्य उदेश्य है। 24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था। उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2024 का विषय है आइए हम अपनी लड़कियों को मजबूत, स्वतंत्र और निडर बनाएं।

भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढ़ने के बावजूद भी वह अनेक कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उसके आगे बढ़ने में बाधाएं उत्पन्न करती हैं। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियों को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओं को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गयी है।

देश में यह बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं, लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है, जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया।

देखा जाए तो अगर समाज में बेटियों को भी उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो वह किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेंगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है। तो इसमें कोई गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाएं। उन्हें इतना सशक्त बनाएं कि खुद गर्व से कह सकें की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है। भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिए जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषों की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढ़िवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जाएगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा।

आज लड़किया लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। दुश्कर से दुश्कर कार्य लड़कियां सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनौने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेंगे ना ही किसी को करने देगें तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा।

# रामचरितमानस के गूढ़ तत्वज्ञान

**स्वामी आनंदम**

**सुंदरकांड** पढ़ते हुए 25 वें दोहे पर ध्यान थोड़ा रुक गया । तुलसीदास जी ने सुन्दर कांड में, जब हनुमान जी ने लंका मे आग लगाई थी, उस प्रसंग पर लिखा है -*हरि प्रेरित तेहि अवसर चले मरुत उनचास।*

*अट्टहास करि गर्जा कपि बढ़ि लाग अकास।।*

अर्थात : जब हनुमान जी ने लंका को अग्नि के हवाले कर दिया तो --

भगवान की प्रेरणा से उनचासों पवन चलने लगे।

हनुमान जी अट्टहास करके गर्जे और आकार बढ़ाकर आकाश से जा लगे।

मैंने सोचा कि इन उनचास मरुत का क्या अर्थ है ? यह तुलसी दास जी ने भी नहीं लिखा। फिर मैंने सुंदरकांड पूरा करने के बाद समय निकालकर 49 प्रकार की वायु के बारे में जानकारी खोजी और अध्ययन करने पर सनातन धर्म पर अत्यंत गर्व हुआ।

तुलसीदासजी के वायु ज्ञान पर सुखद आश्चर्य हुआ, जिससे शायद आधुनिक मौसम विज्ञान भी अनभिज्ञ है ।

आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि वेदों में वायु की 7 शाखाओं के बारे में विस्तार से वर्णन मिलता है।



अधिकतर लोग यही समझते हैं कि वायु तो एक ही प्रकार की होती है, लेकिन उसका रूप बदलता रहता है, जैसे कि ठंडी वायु, गर्म वायु और समान वायु, लेकिन ऐसा नहीं है।

दरअसल, जल के भीतर जो वायु है उसका वेद-पुराणों में अलग नाम दिया गया है और आकाश में स्थित जो वायु है उसका नाम अलग है। अंतरिक्ष में जो वायु है उसका नाम अलग और पाताल में स्थित वायु का नाम अलग है। नाम अलग होने का मतलब यह कि उसका गुण और व्यवहार भी अलग ही होता है। इस तरह वेदों में 7 प्रकार की वायु का वर्णन मिलता है।

ये 7 प्रकार हैं-

**1.प्रवह,**
**2.आवह,**
**3.उद्वह,**
**4. संवह,**
**5.विवह,**
**6.परिवह**
**7.परावह।**

1. प्रवह : पृथ्वी को लांघकर मेघमंडलपर्यंत जो वायु स्थित है, उसका नाम प्रवह है। इस प्रवह के भी प्रकार हैं। यह वायु अत्यंत शक्तिमान है और वही बादलों को इधर-उधर उड़ाकर ले जाती है। धूप तथा गर्मी से उत्पन्न होने वाले मेघों को यह प्रवह वायु ही समुद्र जल से परिपूर्ण करती है जिससे ये मेघ काली घटा के रूप में परिणत हो जाते हैं और अतिशय वर्षा करने वाले होते हैं।

2. आवह : आवह सूर्यमंडल में बंधी हुई है। उसी के द्वारा ध्रुव से आबद्ध होकर सूर्यमंडल घुमाया जाता है।

3. उद्वह : वायु की तीसरी शाखा का नाम उद्वह है, जो चन्द्रलोक में प्रतिष्ठित है। इसी के द्वारा ध्रुव से संबद्ध होकर यह चन्द्र मंडल घुमाया जाता है।

4. संवह : वायु की चौथी शाखा का नाम संवह है, जो नक्षत्र मंडल में स्थित है। उसी से ध्रुव से आबद्ध होकर संपूर्ण नक्षत्र मंडल घूमता रहता है।

5. विवह : पांचवीं शाखा का नाम विवह है और यह ग्रह मंडल में स्थित है। उसके ही द्वारा यह ग्रह चक्र ध्रुव से संबद्ध होकर घूमता रहता है।

6. परिवह : वायु की छठी शाखा का नाम परिवह है, जो सप्तर्षिमंडल में स्थित है। इसी के द्वारा ध्रुव से संबद्ध हो सप्तर्षि आकाश में भ्रमण करते हैं।

7. परावह : वायु के सातवें स्कंध का नाम परावह है, जो ध्रुव में आबद्ध है। इसी के द्वारा ध्रुव चक्र तथा अन्यान्य मंडल एक स्थान पर स्थापित रहते हैं।

इन सातो वायु के सात सात गण हैं जो निम्न जगह में विचरण करते हैं **1. ब्रह्मलोक,**

**2. इंद्रलोक,**
**3. अंतरिक्ष,**
**4. भूलोक की पूर्व दिशा,**
**5. भूलोक की पश्चिम दिशा,**
**6. भूलोक की उत्तर दिशा**
**7. भूलोक कि दक्षिण दिशा।**

इस तरह 7 गुणा 7 = 49। कुल 49 मरुत हो जाते हैं जो देव रूप में विचरण करते रहते हैं। अद्भुत ज्ञान। हम अक्सर रामायण, भगवद् गीता पढ़ तो लेते हैं परंतु उनमें लिखी छोटी-छोटी बातों का गहन अध्ययन करने पर अनेक गूढ़ एवं ज्ञानवर्धक बातें ज्ञात होती हैं !

# भाजपा ने राजनीति को सेवा करने का सर्वोत्तम माध्यम बनाया

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**देश** के राजनीतिक इतिहास में छह अप्रैल का दिन खास अहमियत रखता है। अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा भारतीय जनता पार्टी के पहले अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी ने आज ही के दिन, 1980 में यानी 44 साल पहले, पार्टी की स्थापना के समय ये शब्द कहे थे। शायद उन्होंने यह बात पार्टी के कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए कही होगी लेकिन उस समय पार्टी कार्यकताओं या फिर विपक्षी दलों में शायद ही किसी ने सोचा होगा कि आने वाले दिनों में अटल जी की बातें सही साबित होंगी। 1984 के लोकसभा चुनाव में केवल दो सीटें हासिल करने से लेकर 2019 के चुनाव में 303 सीटें जीतने वाली भाजपा ने अपने इस शानदार सफर में कई उतार-चढ़ाव भी देखे, बड़े झटके भी खाए और मायूसी भी महसूस की।

2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में पूर्ण बहुमत की एनडीए सरकार का गठन हुआ, तब से तस्वीर में बदलाव आया है। पिछले दस वर्षों में आम आदमी को इस बात का आभास हुआ है कि राजनीतिज्ञ अगर सेवा करने के भाव से राजनीति करें तो कितना बड़ा और व्यापक बदलाव देश और आम आदमी की जिंदगी में लाया जा सकता है। भाजपा की रीति-नीति और संकल्पों की डगर पर चलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह साबित कर दिया कि राजनीति सेवा का सबसे सशक्त माध्यम है। परिवारवादी दल जो अपने परिवारजनों के विकास और उत्थान में सारी ऊर्जा खपाते हैं, वह राजनीति को सेवा का नहीं, बल्कि मेवा का माध्यम मानते हैं। उनकी डिक्शनरी में परिवार पहले और देश बाद में आता है।

तीन मार्च, 2024 को बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में जन विश्वास महारैली में इंडी अलायंस की रैली में बोलते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के परिवारवाद वाली टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा था कि उनकी कोई संतान नहीं है। वो पत्नी के साथ नहीं रहते। कैसे जानेंगे कि परिवार क्या होता है? लालू प्रसाद की आपत्तिजनक टिप्पणी के अगले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तेलंगाना के आदिलाबाद में जनसभा को संबोधित कर रहे थे तो उन्होंने विपक्ष की ओर से उनके परिवार को लेकर किए गए हमले का परोक्ष रूप से जवाब दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, ह्यमैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। जिनका कोई नहीं है, वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत ही मेरा परिवार है। जो दल एक परिवार या व्यक्ति द्वारा द्वारा संचालित हो रहे हैं, उनके लिए परिवार ही सर्वोपरि है। उनकी सारी ऊर्जा परिवार के विकास और कल्याण में ही खर्च होती है। उनके एजेंडे में आम आदमी का विकास और कल्याण अंतिम पायदान पर होता है। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की विचारधारा ने भारतीय राजनीति की इसी विचारधारा को पलटने का काम किया है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के अन्य नेता कहते हैं कि हमारे लिए नेशन फर्स्ट है। विपक्ष के लिए तो फैमिली फर्स्ट इसे सारा देश अब अनुभव करने लगा है।

भाजपा के चाहे दो सांसद रहे हों या 303 भाजपा ने राजनीति को हमेशा सेवा का माध्यम माना। और ये बात उसके चरित्र और आचरण से झलकती भी है। राजनीति का चरित्र-चित्रण, उसके नेतृत्व में प्रतिबिंबित होता है। सही राजनीतिक नेतृत्व किसी भी संस्था या अभियान को जन-जन के बीच पहुंचा सकता है और उसे जनभागीदारी का प्रतीक बना सकता है। वैश्विक महामारी कोरोना के समय में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वर्तमान भारत सरकार ने जिस प्रकार से गरीबों एवं असहायों की सहायता के लिए राजनीतिक दूरदृष्टि के साथ शासन एवं प्रशासन का कार्य किया है, वह संस्थाओं के नेतृत्व का श्रेष्ठ उदाहरण है। कोरोना के समय विपक्ष ने नकारात्मक भूमिका निभाई। देश में बनी वैक्सीन से लेकर तमाम व्यवस्थाओं का उपहास उड़ाया। देश की जनता को भ्रमित करने का काम किया।

इसमें कोई दोराय नहीं है कि विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाले भारत जैसे देश में कोरोना के संकट से निपटते हुए गरीबों, मजदूरों, किसानों, शोषितों और वंचितों के हितों की रक्षा करने से लेकर देश की आर्थिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने तक का कार्य, किसी चुनौती से कम नहीं था। लेकिन संकट के ऐसे समय में प्रधानमंत्री ने देश के सभी राजनीतिक दलों को एक साथ जोड़ने का समेकित प्रयास करते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाने और जन-कल्याण करने के लिए सरकार की भावी प्राथमिकताओं और योजनाओं को धरातल पर उतारा है।

राजनीति का मूल उद्देश्य जनता के सामाजिक-आर्थिक कल्याण को अधिकतम करना है। यदि राजनीति का पूरी तरह से सही और सकारात्मक दिशा में प्रयोग की जाए तो विकास के नए शिखर छुए जा सकते हैं, मानवता की सेवा की जा सकती है और देश को निरंतर आगे बढ़ाया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी साफ-सफाई जैसे छोटे से बिंदु से लेकर गरीबों को आवास की सुविधा के बारे में एक साथ सोचते हैं। उनकी सोच के दायरे में किसान, महिलाएं, युवा, दलित, आदिवासी, वंचित और देश का एक-एक नागरिक है।

प्रधानमंत्री मोदी में सेवा के गुण पार्टी की रीति-नीति और विचारों की वजह से प्रभावी हैं, क्योंकि भाजपा के संस्थापकों ने सेवा भाव से ही राजनीतिक क्षेत्र में कदम बढ़ाया और अपनी आने वाली पीढ़ियों में भी सेवाभाव को कूट-कूट कर भरने का काम किया। कहा जाता है कि व्यक्ति अपने कर्मों का फल भोगता है। प्रधानमंत्री ने देश की और देशवासियों की सेवा करने में दिन-रात एक किया। आज आदमी अपना भला-बुरा सब बहुत अच्छे से समझता है। उसे पता है कि कौन राजनीति को सेवा का माध्यम मानता है, और कौन सत्ता हासिल करके अपना पेट भरना चाहता है। इसलिए देशवासी विपक्ष के दुष्प्रचार, प्रलोभन और मायाजाल में नहीं फंसे। वर्तमान में देश में आम चुनाव का माहौल है। तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी चुनावी मैदान में है।

देश की जनता भलीभांति यह समझ चुकी है कि उसका कल्याण और उत्थान वही व्यक्ति कर सकता है जो 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार समझता है। जो बिना किसी भेदभाव और पूर्वाग्रह के प्रत्येक व्यक्ति की सेवा में जुटा रहता है। वर्ष 2023 में भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा था, "आज अस्तित्व के संकट से जूझ रही पार्टियां हमारे खिलाफ साजिश करती रहेंगी।

लेकिन हमें परेशान होने की जरूरत नहीं, क्योंकि गरीब, वंचित, दलित, आदिवासी 'कमल' की रक्षा कर रहे हैं।" उन्होंने कहा, भाजपा भारत के लिए दिन-रात काम कर रही है, और हमारी पार्टी मां भारती, संविधान और राष्ट्र को समर्पित है। उम्मीद की जानी चाहिए कि दूसरे दल भी भाजपा से इस सेवाभाव को ग्रहण कर राष्ट्र और राष्ट्र वासियों के कल्याण और उत्थान के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# रामनवमी, ईद और हिंदू नववर्ष को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

- सोशल मीडिया पर होगी कड़ी निगरानी, अफवाह फैलाने वालों पर की जायेगी कार्रवाई : डीसी
- जुलूस की सीसीटीवी से निगरानी, ड्रोन व वीडियो रिकॉर्डिंग होगी : एसएसपी
- प्रशासन ने की केंद्रीय शांति समिति व रामनवमी अखाड़ा समिति के साथ बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा टाउन हॉल में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने केन्द्रीय शांति समिति एवं रामनवमी अखाड़ा समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर आगामी पर्व त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था, शांति व्यवस्था एवं जनसुविधाओं तथा सुगम यातायात व्यवस्था के संदर्भ में चर्चा कर सबसे सहयोग की अपील की और कहा कि शांतिपूर्ण, सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संयमित तथा अनुशासित तरीके से पर्व मनायें।

डीसी अनन्य मित्तल ने कहा कि पर्व-त्योहार खुशियां मनाने और बांटने का अवसर होता है, ऐसा वातावरण बनायें कि लोग परिवार के साथ आपकी खुशियों में शामिल हो सकें। पूरे देश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू है, अतः आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप आयोजन समिति के लोग इस बात का ध्यान रखें। जिला प्रशासन नागरिक सुविधाओं की बेहतरी का ध्यान रखेगी, लोग संयमित एवं अनुशासित तरीके से पर्व-त्योहार मनायें। शांति समिति सदस्यों से अपील है कि जुलूस में चलते समय शराब या किसी अन्य मादक पदार्थ का सेवन कर के कोई व्यक्ति शामिल नहीं हो इसका ध्यान रखेंगे। जुलूस के साथ गाड़ियों में शराब इत्यादि न रखें। डीजे का लाउडस्पीकर या ध्वनि उत्सर्जित करने वाले अन्य उपकरण का उपयोग मानक के अनुसार करें। जुलूस में ऐसे गाने नहीं बजने दें, जो अश्लील हो या धार्मिक उन्माद फैलाये, जिससे शांति का माहौल खराब हो। जिला प्रशासन सोशल मीडिया पर सख्त निगरानी रखेगी, सावधानी से सोशल मीडिया का उपयोग करें, किसी तरह के अफवाहों पर ध्यान नहीं दें, भ्रामक एवं अपुष्ट खबरों का सत्यापन प्रशासन से जरूर करा लें। किसी भी प्रकार से जुलूस के पुराने रूट चार्ट में विचलन की अनुमति नहीं दी जाएगी। साफ-सफाई, पेयजल, सड़क मरम्मतीकरण, जर्जर बिजली पोल मरम्मतीकरण, पेड़ों के टहनी की छंटाई जैसे कुछ सुझाव को लेकर संबंधित पदाधिकारी को तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया।

एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि जुलूस में भारी वाहनों के उपयोग से परहेज करें, जितना छोटा वाहन हो उतना बेहतर। लाठी, तलवार या अन्य प्रकार की कलाबाजी जुलूस में वे लोग ही करें, जिन्हें कलाबाजी ठीक तरीके से आती है। आग या कांच से कलाबाजी दिखाने से युवा परहेज करें। सभी अखाड़ा समिति अपने वॉलंटियर की सूची थाना में उपलब्ध करा दें ताकि समन्वय बनाकर कार्य किया जा सके। सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को लेकर पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी बरती जाएगी। आपके उत्सव के माहौल में कोई बाधा नहीं पहुंचाये इस उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा सभी एहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं। ड्रिंक एवं ड्राइव को लेकर सघन अभियान चलाया जायेगा।




बैठक को संबोधित करते डीसी अनन्य मित्तल और बैठक में उपस्थित रामनवमी अखाड़ा और शांति समितियों के प्रतिनिधि।

# झारखंड में गीता और सीता समेत सभी 14 भाजपा प्रत्याशी जीतेंगे : लक्ष्मीकांत वाजपेयी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई ने आज कहा कि झारखंड में गीता और सीता समेत सभी 14 सीटों पर भाजपा की जीत तय हो गई है, और इसमें सुई की नोक के बराबर भी शक नहीं है। झारखंड इस बार सीता और गीता की जीत का भी गवाह बनेगा। उनका इशारा दुमका सीट से पार्टी की प्रत्याशी सीता सोरेन और शिवम सीट से पार्टी प्रत्याशी गीता कोड़ा की ओर था।

लक्ष्मीकांत वाजपेई शनिवार को तुलसी भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व और हर बूत पर भाजपा कार्यकर्ताओं की ताकत हमारी जीत का संबल है। यह पूछे जाने पर कि धनबाद सीट पर ढुल्लु महतो जैसे एक दागी व्यक्ति को भाजपा जैसी सुचिता और स्वच्छ राजनीति का दावा करने वाली पार्टी ने कैसे प्रत्याशी बना दिया? वाजपेई ने कहा कि हमारे प्रत्याशी ढुल्लू महतो में कोई कमी नहीं है और वह जीतने जा रहे हैं। विरोधी दल के लोग हमारे प्रत्याशी के खिलाफ चाहे कितना भी प्रचार कर लें। रही बात प्रत्याशी के बारे में तो पार्टी आला कमान का निर्णय हमारे लिए अंतिम निर्णय है। प्रत्याशी कौन है? क्या है? न तो मैं और नहीं हमारे कार्यकर्ता देखने जा रहे हैं। उनका एक ही लक्ष्य है देश के 400 सीटों पर कमल खिलाना। इसलिए मैं आलाकमान के निर्णय पर कोई टिप्पणी करने की हैसियत नहीं रखता।

यह पूछे जाने पर की झारखंड के कई सीटों पर प्रत्याशी को लेकर पार्टी कार्यकताओं में असंतोष है, ऐसे में क्या पार्टी कार्यकताओं के सम्मान को रखते हुए पार्टी अंतिम समय में प्रत्याशियों के नाम में कोई फेरबदल कर सकती है? लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि बिल्कुल नहीं। हम कोई बदलाव नहीं करने जा रहे हैं। घोषित प्रत्याशी को लेकर ही हम चुनाव लड़ेंगे और हर हाल में विजई होंगे। चुनाव बाद हम देखेंगे कि पार्टी के अनुशासन और चाल-चरित्र के अनुरुप विजयी प्रत्याशी काम करें। यह सब मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने के बाद ही किया जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी किन मुद्दों पर चुनाव लड़ रही ह? इसके जवाब में लक्ष्मीकांत वाजपेई का कहना था, भविष्य के भारत का निर्माण, पहले 100 दिन का एजेंडा प्रधानमंत्री द्वारा तय कर लिया जाना और शपथ लेते ही पहले 100 दिन के एजेंडे पर काम करने में पीएम जुट जाएंगे और हर भारतीय नागरिक को ऊजार्वान, खुशहाल और भविष्य की संभावनाओं से परिपूर्ण बनाना ही पार्टी का लक्ष्य है।

यह पूछे जाने पर कि झामुमो नेत्री और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी उनके पति के साथ अन्याय कर रही है और एक साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया है? लक्ष्मीकांत वाजपेई का कहना था कि कल्पना सोरेन मेरी छोटी बहन की तरह है। मैं उन पर कोई टिप्पणी या छिटाकंसी करना नहीं चाहता। वह कुछ भी कर सकती है लेकिन मेरी बहन कल्पना को बताना चाहिए कि ईडी और सीबीआई उनके पति को कोर्ट में ही पेश करती है। अगर वह निर्दोष हैं तो कोर्ट से उन्हें जमानत मिल जाएगी। उन्हें भारतीय न्याय प्रक्रिया पर विश्वास रखना चाहिए।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते लक्ष्मीकांत वाजपेयी। साथ में भाजपा प्रत्याशी विद्युतवरण महतो व जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा।

## हर नागरिक को अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक रहना होगा : डॉ कल्याण कुमार

- विश्व स्वास्थ्य दिवस 2024

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, तामोलिया, जमशेदपुर के कंसलटेंट - जनरल मेडिसिन एंड डायबिटोलॉजी डॉ कल्याण कुमार का कहना हैं कि इस वर्ष के विश्व स्वास्थ्य दिवस 2024 की थीम ही इसके महत्व को स्पष्ट करती है। हर साल विश्व स्वास्थ्य दिवस की बदलती थीम जीवन के सर्वोच्च उत्साह स्वास्थ्य के प्रति हमारी भूमिका और भागीदारी को प्रबल बनाती है। व्यक्ति को अपनी भूमिका के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति अपने अधिकार के प्रति भी जागरूक होना चाहिए। शनिवार को जारी प्रेस विज्ञाप्ति में डॉ कल्याण कुमार ने कहा कि व्यक्ति को अपनी बीमारी और उसकी प्रगति के बारे में अच्छी तरह से सूचित और समान रूप से शिक्षित होना चाहिए। हर कोई गुणवत्तापूर्ण और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने का हकदार है।



बीएनएमएच के कंसल्टेंट डा कल्याण कुमार।

# कपाली दिलनवाज हत्याकांड में केके बच्चा और मन्नू गिरफ्तार

- दोनों आरोपी हैं शातिर बदमाश, जेल भेजे गये

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**चांडिल।** चांडिल एसडीपीओ सुनिल कुमार राजवाड़ ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कपाली के रहमतनगर स्थित शाहिद बगान में युवक मोहम्मद दिलनवाज के हत्याकांड का खुलासा किया है। दिलनवाज के हत्या करने के आरोप में कपाली पुलिस ने डांगोडीह के रहने वाले मोहम्मद हसनैन अंसारी उर्फ जावेद उर्फ केके बच्चा तथा नवाब आरजू उर्फ मन्नू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने हत्या में उपयोग किये गये कंक्रीट पत्थर के अलावे एक बाइक एवं दो मोबाइल को जब्त कर लिया। प्रेसवार्ता में एसडीपीओ ने बताया कि 4 अप्रैल को रहमत नगर स्थित शाहिद बगान में मो दिलनवाज कुछ लोगों के साथ गांजा एवं नसीले पदार्थ का सेवन कर रहा था। दिलनवाज एवं मो हसनैन के बीच किसी बात को लेकर बहसबाजी शुरू हो गई। इस दौरान मोहम्मद हसनैन ने पास रखे कंक्रीट पत्थर से मोहम्मद दिलनवाज के सिर पर मार दिया।



गिरफ्तार अपराधियों को प्रेस के सामने पेश करते एसडीपीओ व सहयोगी पदाधिकारी।

# डीसी-एसएसपी ने घाटशिला प्रखंड में की चुनावी तैयारियों की समीक्षा बैठक

- डिस्पैच सेंटर से कलस्टर एवं कलस्टर से बूथ की दूरी, क्रिटिकल मतदान केन्द्र आदि की विस्तार से की गयी समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री किशोर कौशल द्वारा प्रखंड मुख्यालयों में बैठक कर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में जिले के वरीय पदाधिकारियों ने आज घाटशिला प्रखंड मुख्यालय में समीक्षात्मक बैठक की। मौके पर डीडीसी मनीष कुमार, रूरल एसपी ऋषभ गर्ग, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, डीटीओ धनंजय, एसडीएम घाटशिला, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ, एसडीपीओ घाटशिला व सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे। बैठक में डिस्पैच सेंटर से कलस्टर एवं कलस्टर से बूथ की दूरी, रूट चार्ट, कम्यूनिकेशन प्लान, क्रिटिकल मतदान केंद्र की समीक्षा की।



## घर से प्लांट तक सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें कर्मचारी : आरके सिंह



- टाटा मोटर्स में नये स्थायीकर्मियों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स के प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र पर शनिवार को एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला टाटा मोटर्स में नये स्थायी कर्मियों के लिए की गयी। इसमें प्रशिक्षक के तौर पर टाटा मोटर्स के पूर्व वरीय प्रशिक्षक एवं विभिन्न पदों पर सेवा देने वाले लेखक एवं ज्ञान विद्या चंदेश्वर खां उपस्थित हुए। यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह, प्रबंधन के एच आर हेड मोहन घंट, ई आर हेड शौमिक राय ने उद्घाटन किया। अध्यक्ष ने कहा कि टाटा मोटर्स को अपनी कंपनी समझकर आप सब काम करें और इस नई ऊंचाई तक ले जायें। सभी कर्मी घर से लेकर प्लांट तक सुरक्षित कार्य करें।

# हमारा प्रत्याशी सिर्फ नरेंद्र मोदी और कमल फूल : लक्ष्मीकांत

- हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाजपा का 45वां स्थापना दिवस
- जनसंघ काल के कार्यकताओं को किया सम्मानित
- आमजनों के बीच हुआ लड्डू वितरण, चला बैठकों का दौर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को अपना 45वां स्थापना दिवस मनाया। दिल्ली से लेकर रांची एवं जमशेदपुर महानगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने घरों पर पार्टी का ध्वज लगाकर एवं विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी का स्थापना दिवस मनाया और जनसेवा का संकल्प लिया। साकची स्थित भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर पार्टी के स्थापना दिवस को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रभारी राज्यसभा के सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस दौरान जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर महानगर जिला प्रभारी एवं कांके के पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम, पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर लोकसभा के संयोजक नंदजी प्रसाद, सह संयोजक एवं पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू समेत पार्टी के वरीय नेताओं के संग सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने पार्टी के नेताओं के संग पार्टी के ध्वज का सम्मानपूर्वक ध्वजारोहण किया। इस दौरान पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं ने भारत माता के चित्र एवं पार्टी के पितृपुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया एवं उनके बताये राष्ट्र प्रथम एवं अंत्योदय के पथ पर चलने का संकल्प लिया।



पार्टी स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते झारखंड भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी।

## स्पीड न्यूज

### हिंडाल्को के यूनिट हेड मैनक का निधन, कई लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर।** कठौतिया कोल माइंस हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के यूनिट हेड मैनक चक्रवर्ती जी का लिवर कैंसर होने के कारण अस्वस्थ चल रहे थे। जिनका इलाज के दौरान हैदराबाद में असामयिक निधन हो जाने के कारण उनके पैतृक आवास खड़कपुर से कठौतिया कोल माइंस पलामू तक शोक का लहर से सभी लोग कार्यरत श्रमिकों आश्चर्यचकित थे। कहा कि मैयनक चक्रवर्ती बहुत ही मृदुल भाषी, श्रमिकों का दर्द, कर्मठ, मेहनतकश एवं जुनूनी व्यक्तित्व के धनी थे। ये कभी भी कर्तव्य पथ पर विचलित नहीं होते हुए कुशलतापूर्वक सारी समस्याओं का निपटारा किया करते थे। इनका शव हैदराबाद से कोलकाता एयरपोर्ट लाया गया। तत्पश्चात सड़क मार्ग से खड़कपुर पैतृक आवास लाया गया तथा अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। मौके पर जनता मजदूर संघ की ओर से मजदूर नेता राकेश सिंह के नेतृत्व में संघ का प्रतिनिधि मंडल श्रद्धा सुमन एवं श्रद्धांजलि समर्पित की।

### रामजन्मोत्सव और हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी पर चर्चा

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की प्रखंड बैठक प्रखंड मुख्यालय विश्राम पुर में संपन्न हुई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के सभी पंचायतों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। 09 से 24 अप्रैल तक राम जन्मोत्सव और हनुमान जन्मोत्सव के आयोजन पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। आचार संहिता के कारण सभी कार्यक्रम मंदिर केंद्रित होंगे। प्रखंड में कम से कम 51 जगहों पर कार्यक्रम करना है। निर्णय लिया गया कि प्रखंड में अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल को अनिवार्य रूप से आयोजित किया जाएगा। 05 से 15 जून तक प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को बजने के बारे में भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिला प्रवेक्षक के रूप में जिला बजरंग दल सह संयोजक हिमांशु पांडेय, नावा बाजार प्रखंड अध्यक्ष रामबली, विश्राम पुर प्रखंड के रामभक्त विक्रम आदित्य बक्स राय जी, संतोष कुमार गुप्ता, शिंकू आदित्य झा, सत्यम सोनी, रोशन, विकास गुप्ता, उर्फ मोनू, अंश सोनी और अभिषेक सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

### वाहन चेकिंग के दौरान स्कार्पियो से 15 लाख नकद बरामद

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने व किसी प्रकार की कोई व्यवधान उत्पन्न न हो इसे लेकर पलामू पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। जिले के सभी थाना क्षेत्र व सीमावर्ती क्षेत्रों पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने पूरे मुस्तैदी के साथ चेकपोस्ट स्थापित कर पुलिस को तैनात कर दी है। इसी दौरान गढ़वा सीमा पर स्थित चेकपोस्ट पर वाहनों की सघन जांच की जा रही थी। इसी बीच गढ़वा की ओर से एक स्कार्पियो डालटनगंज की ओर आ रही थी। जिसे एफएसटी की टीम ने रोककर उसकी तलाशी ली। वाहन से 15 लाख रूपये बरामद किया गया। इसकी सूचना तत्क्षण पुलिस के वरीय अधिकारियों को दी गयी। सूचना पाने के साथ ही मजिस्ट्रेट एवं सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच करने लगे। इस संबंध में एसडीपीओ श्री प्रसाद ने बताया कि वाहन में दो लोग सवार थे। उनसे पूछताछ की जा रही है।

### डीएवी के पूर्व छात्र ने प्राप्त किया गेट 2024 में पूरे देश में 62वां स्थान

**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में विद्यालय के पूर्व छात्र हर्ष कुमार सुपुत्र स्वर्गीय सज्जन गुप्ता एवं सरिता देवी को सम्मानित किया गया। हर्ष कुमार को गेट 2024 की परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 62वां स्थान प्राप्त हुआ है। हर्ष कुमार ने एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज से 2019 में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार से इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन में बी.टेक किया।

## एक नजर में

### नीरज की याद में प्रजापति भवन में रक्तदान शिविर



**जमशेदपुर।** प्रजापति भवन काशीडीह कुम्हारपाड़ा में नीरज की याद में शनिवार को नीरज येस डैड मेमोरियल फाउंडेशन ने रक्तदान शिविर का आयोजन झारखंड कुम्हार कल्याण संघ के संस्थापक सह प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्र देव प्रसाद के नेतृत्व में किया गया। उद्घाटन भाजपा नेता निर्भय सिंह ने किया। रक्तदान करने आये लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और रक्तदान किया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी और जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोग से कुल 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसे सफल बनाने में इंद्र देव प्रसाद, वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी के संस्थापक हरि सिंह राजपूत, तेतर प्रजापति, हरिशंकर पंडित, बासुदेव प्रसाद, गणेश प्रसाद, अमन तिवारी, विवेक प्रसाद, आशुतोष सिन्हा, धर्म देव प्रसाद का सहयोग रहा।

### विजया गार्डेन में वरिष्ठ नागरिकों के लिए संगीत संध्या



**जमशेदपुर।** कोरेको क्लब के सौजन्य से विजया गार्डन क्लब हाउस में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विक्रम संवत नववर्ष 2081 संगीत संध्या की गयी, जिसमें क्लब के सदस्यों ने गीतों से आयोजन को मनमोहक बनाया। मुख्य अतिथि के रूप में शहर के जाने माने समाजसेवी और बिल्डर शिव शंकर एवं आशुतोष कुमार थे। इस कार्यक्रम में शहर के लगभग 100 से भी ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों ने संगीतमय संध्या का आनन्द उठाया। कार्यक्रम की शुरुआत अनिका किरण के गाये भजन तू प्यार का सागर है के साथ हुई। वरिष्ठ नागरिक फोरम के एस एन सिंह ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी बहुमूल्य भूमिका निभायी। इसे सफल बनाने का श्रेय क्लब के चेयरमैन डॉ जे एल पी राजू और जेम्स डेविस को जाता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रीति किरण और अजय साहू ने किया। गायकों में उमंग, राणा, एम वर्मा, गायत्री, श्वेता, आलोक, अंजन, के के शर्मा, रीना, अजय, ज्योति का नाम शामिल है।

### अंतर्राष्ट्रीय लोक संस्कृति संगोष्ठी में शामिल हुए डॉ मनोज पाठक और डॉ तपन मंडल




**जमशेदपुर।** कोलकाता में सेंटर फॉर फोकलोर स्टडीज एंड रिसर्च द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय लोकसंस्कृति संगोष्ठी में अरका जैन यूनिवर्सिटी के अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ मनोज पाठक व कोल्हान विश्वविद्यालय के बहरागोड़ा कॉलेज के बांग्ला विभागाध्यक्ष डॉ तपन मंडल ने झारखंड का प्रतिनिधित्व किया। संगोष्ठी का मूल विषय फोकलोर एंड पोस्टमॉडर्निज्म यानि लोककथा व उत्तर आधुनिकतावाद था जिसमें जापान, बांग्लादेश समेत कई देशों के एवं भारत के कई राज्यों से वक्ता व शोधार्थी सम्मिलित हुए। डॉ मनोज पाठक ने कहा कि उत्तर आधुनिकतावाद, विखंडन और कथाओं के प्रति संदेह पर जोर देने के साथ, संस्कृति और ज्ञान की पारंपरिक समझ को चुनौती देता है। दूसरी ओर, लोक कथाएं समुदायों के भीतर पीढ़ियों से चली आ रही मौखिक परंपराओं, रीति-रिवाजों और मान्यताओं को शामिल करती हैं, जिन्हें अक्सर प्रामाणिकता और सामूहिक स्मृति के भंडार के रूप में माना जाता है। उन्होंने डिजिटल मीडिया और वैश्वीकरण की भूमिका पर विचार करते हुए कहा कि ऑनलाइन साधन और डिजिटल प्लेटफॉर्म लोककथाओं के निर्माण, प्रसार और परिवर्तन के साथ नया आकार प्रदान करता है। डॉ तपन मंडल ने कहा कि यह उत्तर आधुनिकता के तरल और बहुलवादी परिदृश्य के भीतर सांस्कृतिक बातचीत और प्रतिरोध के स्थल के रूप में लोककथाओं के महत्व को रेखांकित किया जाना चाहिए। साथ ही परंपरा और नवाचार के अभिसरण में निहित चुनौतियों और अवसरों को भी उजागर करने की आवश्यकता है। उक्त संगोष्ठी के मुख्य अतिथि जापान के वरिष्ठ लेखक, अनुवादक व संगीतकार हीरोमित्सु हिराता एवं संगोष्ठी अध्यक्ष डॉ काकली धारा मंडल ने दोनों ही वक्ताओं की वक्तृता एवं लोक संस्कृति के संरक्षण में किये गए कार्यों की प्रशंसा की।

### व्यवहार नयायालय में विशेष लोक अदालत 27 को

**जमशेदपुर।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जमशेदपुर द्वारा आयोजित विशेष लोक अदालत में वाद निष्पादन हेतू 21अप्रैल से 26 अप्रैल तक समझौता पूर्व बैठक तथा 27अप्रैल को विशेष लोक अदालत का आयोजन व्यवहार नयायालय जमशेदपुर एवम अनुमंडल नयायालय घाटशिला में समय 8 बजे पूर्वाह्न से कार्य समाप्ति तक चलेगा। डालसा के सचिव नितीश निलेश सांगा ने कहा कि झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर तथा अनुमंडल विधिक सेवा समिति घाटशिला द्वारा दिनांक 21 अप्रैल से 26 अप्रैल तक सुबह 8 बजे से समझौता पूर्व बैठक तथा 27 अप्रैल पूर्वाहन 8 बजे से कार्य समाप्ति तक व्यवहार न्यायालय जमशेदपुर तथा घाटशिला मे विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें चेक बाउन्स तथा बिजली के मामलों का निष्पादन विशेष अभियान चलाकर किया जायेगा। विशेष जानकारी के लिए हेल्प लाईन नंबर 9608564699 पर संपर्क किया जा सकता है। इसी कड़ी में आज शनिवार को सुबह 7 बजे प्रधान जिला एवम सत्र न्यायधीश की उपस्थिति में इलेक्ट्रिसिटी, एनआई ऐक्ट के वादों को विशेष लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक निष्पादन हो, इस पर गहन चर्चा की गयी।

# बटलर के विराट शतक से राजस्थान ने लगाया जीत का चौका

## कोहली का शतक बेकार गया, बटलर के तूफान में उड़ा बेंगलुरू, राजस्थान ने 6 विकेट जीता मैच



### बटलर ने विजयी छक्का के साथ पूरा किया अपना शतक

जोश बटलर इंडियन प्रीमियर लीग में अपना 100वां मैच खेल रहे थे। बटलर केएल राहुल के बाद दूसरे खिलाड़ी बने जिन्होंने अपने 100वें आईपीएल मैच में शतक लगाया है। हालांकि, आरसीबी के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए ऐसा लग रहा था कि बटलर अपना शतक पूरा नहीं कर पाएंगे। क्योंकि 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर टीम को जीत के लिए सिर्फ 1 रन की जरूरत थी, लेकिन 94 रन के स्कोर पर बैटिंग कर रहे बटलर ने मोहम्मद सिराज के खिलाफ सिक्स लगा दिया, जिससे बटलर ने ना सिर्फ अपना शतक पूरा किया बल्कि एक ओवर पहले ही राजस्थान को जीत दिला दी।

एजेंसी

**जयपुर।** जोश बटलर के नाबाद शतक और संजू सैमसन की तूफानी बैटिंग से राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें मैच में 6 विकेट से हरा दिया। मुकाबले में आरसीबी की टीम ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट कोहली की 113 रनों की नाबाद शतकीय पारी से 20 ओवर में 183 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में राजस्थान ने अपने होम ग्राउंड सवाई मानसिंह स्टेडियम में 6 गेंद शेष रहते ही मुकाबले को अपने नाम कर लिया। आरसीबी के खिलाफ इस मैच में राजस्थान की शुरूआत बहुत ही खराब रही थी। जायसवाल बिना खाता खोले ही पवेलियन वापस लौट गए थे। बिना कोई रन बनाए ही अपना पहला विकेट गंवाने के बाद राजस्थान की टीम मुश्किल में लग रही थी, लेकिन इसके बाद बटलर के साथ मिलकर संजू सैमसन ने तबाही मचा दी। इन दोनों बल्लेबाजों ने तूफानी बैटिंग से आरसीबी के गेंदबाजों के नाक में दम कर दिया। बटलर और संजू ने मिलकर इसके बाद दूसरे विकेट के लिए 148 रनों की पार्टनरशिप की। आरसीबी के खिलाफ इस मुकाबले में संजू सैमसन ने सिर्फ 42 गेंद में 69 रनों की धुआंधार पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 8 चौके और 2 बेहतरीन छक्के भी लगाये।

### आइपीएल का सबसे धीमा शतक कोहली के नाम

सबसे धीमा आइपीएल शतक (गेंदों द्वारा)

- 67 - मनीष पांडे (बेंगलुरु) बनाम डेक्कन चार्जर्स, संचुरियन, 2009
- 67 - विराट कोहली (बेंगलुरु) बनाम राजस्थान, जयपुर, 2024
- 66 - सचिन तेंदुलकर (मुंबई) बनाम केटीके, मुंबई, 2011
- 66 - डेविड वार्नर (दिल्ली) बनाम कोलकाता, दिल्ली, 2010
- 66 - जोस बटलर (राजस्थान) बनाम मुंबई, मुंबई, 2022

आइपीएल में सबसे ज्यादा शतक

- 8- विराट कोहली
- 6 - जोस बटलर
- 6 - क्रिस गेल
- 4 - केएल राहुल
- 4 - डेविड वार्नर
- 4 - शेन वॉटसन




### बेंगलुरु 183/3 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 113 | 72 | 12 | 04 |
| डु प्लेसिस कै. बटलर बो. चहल | 44 | 33 | 02 | 02 |
| मैक्सवेल बो. नंद्रे बर्गर | 01 | 03 | 00 | 00 |
| चौहान कै. यशस्वी बो. चहल | 09 | 06 | 00 | 01 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 05 | 06 | 00 | 00 |

अतिरिक्त :11

विकेट पतन : 125-1, 128-2, 155-3.

गेंदबाज : ट्रेंट बोल्ट : 3-0-30-0. नंद्रे बर्गर : 4-0 33-1, रविचंद्रन अश्विन : 4-0-28-0, आवेश खान : 4-0-46-0, युजवेंद्र चहल : 4-0-34-2, रियान पराग : 1-0-10-0.

### राजस्थान 189/4 (19.1 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| जयसवाल कै. मैक्सवेल बो. टॉपले | 00 | 02 | 00 | 00 |
| जोस बटलर नाबाद | 100 | 58 | 09 | 04 |
| सैमसन कै. दयाल बो. सिराज | 69 | 42 | 08 | 02 |
| पराग कै. कोहली बो. दयाल | 04 | 04 | 01 | 00 |
| जुरेल कै. कार्तिक बो. टॉपले | 02 | 03 | 00 | 00 |
| शिमरन हेटमायर नाबाद | 11 | 06 | 02 | 00 |

अतिरिक्त : 03

विकेट पतन : 0-1, 148-2, 155-3, 164-4.

गेंदबाज :रीस टॉपले : 4-0-27-2, यश दयाल : 4-0-37-1, मोहम्मद सिराज : 4-0-35-1, मयंक डागर : 2-0-34-0, कैमरन ग्रीन : 3.1-0-27-0, हिमांशु शर्मा : 2-0-29-0.






### आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.120 |
| कोलकाता | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| चेन्नई | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.517 |
| लखनऊ | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.483 |
| हैदराबाद | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.409 |
| पंजाब | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.220 |
| गुजरात | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.580 |
| बेंगलुरु | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -0.843 |
| दिल्ली | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -1.347 |
| मुंबई | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 316 |
| रियान | राजस्थान | 185 |
| सैमसन | राजस्थान | 178 |
| क्लासेन | हैदराबाद | 177 |
| गिल | गुजरात | 164 |


### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| चहल | राजस्थान | 08 |
| मोहित | गुजरात | 07 |
| मुस्तफिजुर | चेन्नई | 07 |
| मयंक | लखनऊ | 06 |
| खलील | दिल्ली | 06 |

**100वें मैच में शतक लगाकर बोले जोस बटलर- आज किस्मत ने मेरा साथ दिया:** जोस बटलर ने सवाई मानसिंह स्टेडियम में उन्होंने वापसी करते हुए शतक जड़ा और अपनी टीम को जीत दिला दी। अपने शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच बने बटलर ने कहा कि आज किस्मत ने थोड़ा साथ दिया। इससे पहले समय अच्छा नहीं रहा था। बस मैंने रिस्क लिया। जीत से खुश हूं। चाहे आप कितने भी समय से खेल खेल रहे हों, आपके पास अभी भी वे चिंताएं और तनाव रहता ही है। बटलर ने कहा कि दिमाग एक शक्तिशाली चीज है, बस खोदते रहो, कड़ी मेहनत करते रहो और रास्ते में तुम्हें थोड़े से भाग्य की भी जरूरत है। आखिरी गेम में मैं वास्तव में अच्छी स्थिति में था भले ही मैं 13 ही रन बना पाया। दरअसल, दक्षिण अफ्रीका में मेरा टूनार्मेंट वास्तव में अच्छा रहा था। मुझे ऐसा लगा जैसे मुझे इसे खत्म करने के लिए एक पारी की जरूरत है। बटलर ने कहा कि हमने सीजन की शुरूआत बहुत अच्छी की थी।

## आइपीएल 2024

### मुंबई इंडियंस-दिल्ली कैपिटल्स




**दोनों टीमें इस प्रकार हैं**

**मुंबई इंडियंस :** ईशान किशन , रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), टिम डेविड, गेराल्ड कोएत्जी, पीयूष चावला, आकाश मधवाल, जसप्रित बुमरा, क्वेना मफाका। प्रभाव उप: नुवान तुषारा।

**दिल्ली कैपिटल्स :** पृथ्वी शॉ, डेविड वार्नर, मिशेल मार्श, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, सुमित कुमार, रसिख दार सलाम, एनरिक नॉर्टजे, इशांत शर्मा, खलील अहमद। प्रभाव उप: अभिषेक पोरेल।

### गुजरात-लखनऊ




**दोनों टीमें इस प्रकार हैं**

**गुजरात टाइटंस :** रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), शुबमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, केन विलियमसन, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, राहुल तेवतिया, राशिद खान, नूर अहमद, उमेश यादव, दर्शन नालकंडे, मोहित शर्मा

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), क्विंटन डी कॉक, देवदत्त पडिक्कल, मार्कस स्टोइनिस, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, क्रुणाल पंड्या, रवि बिश्नोई, यश ठाकुर, नवीन-उल-हक, मयंक यादव, एम. सिद्धार्थ।

### आइपीएल की सनसनी मयंक पर रहेगी हर नजर

**लखनऊ।** आइपीएल के मौजूदा सत्र में पिछले दो मुकाबलों में सनसनाती गेंदों से कहर बरपाने वाले मयंक यादव पर रविवार को खेले जाने वाले मैच में उनकी टीम लखनऊ सुपर जायंट्स फिर से जिताऊ गेंदबाजी की उम्मीद करेगी वहीं अब तक खेले गये मुकाबलों में 50-50 की परफारमेंस देने वाले गुजरात टाईटंस के बल्लेबाज भी मयंक से पार पाने की रणनीति बना कर मैदान पर उतरेंगे। आइपीएल का पहला मैच राजस्थान से हारने के बाद एलएसजी ने पिछले दो मैचों में जबरदस्त जीत हासिल कर शानदार वापसी की है और टीम को अपने घरेलू मैदान पर जीत की हैट्रिक बनाने का शानदार मौका होगा।

### न्यूजीलैंड टीम ने अंतिम वनडे के लिए बदलाव किया

**वेलिंग्टन।** इंग्लैंड के खिलाफ श्रृखंला के आखिरी एक दिवसीय मैच में सोफी डिवाइन की न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम में बतौर कप्तान वापसी हो गयी है जबकि बर्नडाइन बेजुइडेनहौट हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाहर हो गयी हैं। क्वाड स्ट्रेन के कारण सोफी इंग्लैंड के खिलाफ पिछले तीन मैचों (पांचवें टी20ई और पहले दो वनडे) में बाहर हो गयी थी मगर श्रृंखला के आखिरी मुकाबले के लिए वह एक्शन में लौट आई हैं।

### वॉर्मअप में पेरू, पैराग्वे का आमना-सामना होगा

**लीमा।** पेरू फुटबॉल महासंघ (एफपीएफ) ने कहा कि पेरू और पराग्वे जून की शुरूआत में संयुक्त राज्य अमेरिका में एक दोस्ताना मैच खेल कर इस साल के कोपा अमेरिका के लिए अपनी तैयारी को दिशा देंगे। एफपीएफ ने एक बयान में कहा कि यह मैच सात जून को लीमा में एक स्थान पर खेला जाएगा जिसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है।

### यूएइ ने पाकिस्तानी बल्लेबाज को किया प्रतिबंधित

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) से रिश्ता तोड़कर वापस पाकिस्तान आने वाले बल्लेबाज उस्मान खान को एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड (इसीबी) ने पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। बैन का मतलब है कि 2029 तक वह यूएई में होने वाले ईसीबी के किसी भी इवेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। ईसीबी ने बयान जारी कर कहा कि बोर्ड के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के खिलाफ जाने के कारण उस्मान पर यह बैन लगाया गया है। बोर्ड ने आरोप लगाया है कि उस्मान ने उनसे अपने इरादे गलत तरीके से जाहिर किए थे।

### पाक महिला टीम की कप्तान हादसे में चुटहिल

**कराची।** पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान बिस्माह मारूफ और लेग स्पिनर गुलाम फातिमा शुक्रवार को यहां एक कार हादसे में मामूली रुप से चुटहिल हो गयीं है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक बयान के अनुसार कार दुर्घटना में उन्हें मामूली चोटें लगी हैं। दोनों खिलाड़ी वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपने श्रृखंला से पहले कराची में एक प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा ले रही हैं। हालांकि चोटों के विवरण और गंभीरता का खुलासा नहीं किया गया है। पीसीबी ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों को तुरंत प्रारंभिक चिकित्सा सहायता मिली और वर्तमान में वे अपनी मेडिकल टीम की देखभाल में हैं।

### गगनजीत भुल्लर ने जीती चंडीगढ़ ओपन ट्राफी

**चंडीगढ़।** भारत के स्टार गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए शनिवार को अंतिम दिन चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर चंडीगढ़ ओपन खिताब जीत लिया और चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में जीत का सबसे कम कुल स्कोर का रिकॉर्ड भी बनाया। भुल्लर (67-67-65-68) का कुल स्कोर 21 अंडर 267 का रहा जो चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में खिताब जीतने वाला सबसे कम स्कोर है।12 बार के अंतरराष्ट्रीय विजेता भुल्लर का यह 25वां करियर खिताब और पीजीटीआई पर 13वीं ट्राफी है। इस हफ्ते अपने घरेलू कोर्स पर खेल रहे भुल्लर की यह चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में तीसरी जीत है। उन्होंने यहां पर 72 होल के पिछले सर्वश्रेष्ठ स्कोर 20 अंडर 268 को पीछे छोड़ दिया जो अजितेश संधू और राशिद खान ने जीव मिल्खा सिंह आमंत्रण टूनार्मेंट 2019 में बनाया था।

## पेरिस ओलंपिक : बिल्किस मीर जूरी सदस्य के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली महिला बनीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर की बिल्किस मीर इस साल के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में जूरी सदस्य के रूप में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली भारत की पहली महिला बनने के लिए तैयार हैं जिसकी मेजबानी 26 जुलाई से से 11 अगस्त तक पेरिस में होनी है। पेरिस खेलों के लिए जूरी सदस्य के रूप में मीर की नियुक्ति की आधिकारिक सूचना भारतीय ओलंपिक संघ (आइओए) द्वारा जम्मू-कश्मीर प्रशासन को एक पत्र के माध्यम से दी गई थी। आइओए ने जम्मू और कश्मीर प्रशासन को लिखे पत्र में कहा, 'बिल्किस मीर, वॉटर स्पोर्ट्स प्रमोटर, डेवलपर, एथलीट, भारतीय कयाकिंग और कैनोइंग एसोसिएशन के जूरी सदस्य को पेरिस ओलंपिक खेलों में संचालन के लिए जूरी के सदस्य के रूप में नामित की गई हैं। वह पेरिस ओलंपिक में जूरी सदस्य के रूप में नियुक्त होने वाली भारत की पहली महिला हैं। बिल्किस ने इस मौके पर कहा कि यह उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है क्योंकि ओलंपिक न केवल एथलीटों के लिए बल्कि सभी के लिए 'अंतिम गंतव्य' है। ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए जूरी



सदस्य के रूप में अपनी नियुक्ति पर बिल्किस ने कहा कि उन्होंने 1998 में डल झील से एक कैनोइस्ट के रूप में अपनी यात्रा शुरू की और देश का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कहा कि वह महिला कैनोइंग टीम की पूर्व कोच हैं जो इस साल पेरिस खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी, उन्होंने कहा कि वह पिछले साल चीन के हांगझू में एशियाई खेलों में जूरी सदस्य भी थीं। अनुच्छेद 370 के तहत पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य में संवैधानिक विशेषाधिकारों को रद्द करने से पहले के दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि एक कश्मीरी लड़की के लिए उस समय खेल खेलना बहुत मुश्किल था, लेकिन उन्होंने रास्ते में आने वाली कई चुनौतियों पर काबू पाया। उन्होंने कहा कि उन्हें कैनोइस्ट के रूप में अपनी असली पहचान मिली, जो उस समय जम्मू-कश्मीर में लगभग अनसुना खेल था और उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व किया। बिल्किस ने कहा, 'यह न केवल मेरे या केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। मैं पेरिस ओलंपिक में प्रतिष्ठित जूरी के सदस्य के रूप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात मानती हूं। यह सिर्फ मेरे लिए नहीं, बल्कि उन सभी लड़कियों या महिलाओं के लिए विजय का क्षण है जो खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने की इच्छा रखती हैं, इस बार (ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए) एशिया से केवल दो जूरी सदस्यों को चुना गया है जिसमें एक जापान से हैं। अपने माता-पिता, परिवार के सदस्यों और शुभचिंतकों को धन्यवाद देते हुए बिल्किस ने कहा, 'मैंने 1998 में डल झील से एक कैनोइस्ट के रूप में अपना करियर शुरू किया, जब एक लड़की के लिए ट्रैकसूट पहनना भी एक चुनौती थी।

### स्टीव स्मिथ ने माना टेस्ट ओपनर के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने स्वीकार किया कि टेस्ट क्रिकेट में पारी का आगाज करना चुनौती पूर्ण होता है लेकिन वह अपनी इस नई भूमिका में सफलता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डेविड वार्नर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आस्ट्रेलिया ने स्मिथ को सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाया लेकिन वह अभी तक इसमें सफल नहीं रहे हैं। उन्होंने ओपनर के रूप में अभी तक जो चार टेस्ट मैच खेले हैं उनमें 28.50 की औसत से रन बनाए हैं जबकि उनके करियर का औसत 56.27 है। स्मिथ ने कहा, ह्यमैं इन चीजों पर बहुत गौर नहीं करता। मुझे लगता है कि मैं अभी बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। मुझे तकनीक के तौर पर कुछ चीजों में सुधार करने की जरूरत है लेकिन मैं अपने पूरे करियर के दौरान ऐसा करता रहा हूं और यह वास्तव में मायने नहीं रखता कि इस मामले में मैं किस स्थिति में हूं।

### मैं निश्चित रूप से टी20 विश्व कप के लिए उसका चयन करूंगा : इरफान पठान

**मुबंई।** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और टीवी कमेंटेटर इरफान पठान ने उभरते सितारे शिवम दुबे की वकालत करते हुए कहा कि अगर वह चयनकर्ता की भूमिका में होते तो वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी20 विश्वकप के लिए न सिर्फ भारतीय टीम में उसका चयन करते बल्कि उनके प्रदर्शन पर भी पैनी निगाह बना कर रखते। लाइव शो पर इरफान ने कहा, मैं निश्चित रूप से टी20 विश्वकप के लिए उसका चयन करूंगा। अगर मैं चयनकर्ता होता, तो मैं उस पर कड़ी नजर रखता। मैं वास्तव में उसे टी20 विश्व कप टीम में लूंगा क्योंकि उनमें स्पिन खेलने की अद्भुत क्षमता है। सही मायनो में कहा जाये तो वह स्पिनरों की धज्जियां उड़ा रहा है। उसे क्रीज पर जाकर स्पिनरों के खिलाफ सेट होने की कोशिश करने की जरूरत नहीं है। उन्होने कहा, हमने इसे इस आईपीएल और पिछले सीजन में भी देखा है, हमने उन्हें गुणवत्ता वाले कलाई के स्पिनरों के खिलाफ, फिंगर स्पिनरों के खिलाफ देखा है।

## हॉकी टेस्ट सीरीज में भारत की हार से शुरुआत

एजेंसी

पर्थ। भारतीय हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हॉकी टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। पर्थ हॉकी स्टेडियम में शनिवार को खेले गए मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 5-1 से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए टिम ब्रांड (तीसरे मिनट में), टॉम विकहम (20वें और 38वें मिनट में), जोएल रिंताला (37वें मिनट में) और फ्लिन ओगिलिव (57वें मिनट में) गोल किए जबकि भारत के लिए गुरजंत सिंह ने खेल के 47वें मिनट में एकमात्र गोल किया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने खेल के तीसरे मिनट में ही गोल करते हुए मैच का शानदार आगाज कर दिया। विश्व की पांचवे नंबर की ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए टिम ब्रांड ने फील्ड गोल किया और मैच के पहले क्वार्टर में ही अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद



भारत ने भी जबावी हमले किए लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। मोहम्मद राहिल ने खेल के 10वें मिनट में भारतीय टीम के लिए पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। हालांकि उन्हें सफलता नहीं मिली। खेल के दूसरे क्वार्टर में भारतीय वापसी करने के इरादे से मैदान पर उतरे लेकिन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने विश्व के चौथे नंबर की भारतीय टीम को खाता नहीं खोलने दिया। मैच के पहले हाफ के अंत तक ऑस्ट्रेलिया 2-0 की बढ़त हासिल कर चुकी थी। मैच के पहले हाफ के बाद भारतीय टीम स्कोर करने के लिए लगातार प्रयास में जुटी थी तो वहीं कंगारू टीम ने दो और गोल कर तीसरे क्वार्टर में अपनी बढ़त को और मजबूत कर लिया। इस बीच भारत ने भी गोल के कुछ मौके बनाए लेकिन खाता खोलने में असफल रहे। भारतीय टीम को खेल के अखिरी और चौथे क्वार्टर में सफलता हासिल हुई। भारतीय खिलाड़ी गुरजंत सिंह ने फील्ड गोल के जरिए टीम का खाता खोला और मैच के 47वें मिनट में गोल किया। हालांकि, तब तक भारत मैच में काफी पिछड़ चुका था वहीं ऑस्ट्रेलिया ने अपने गोल में इजाफा करते हुए स्कोर को 5-1 कर दिया और मैच में एकतरफा जीत हासिल करते हुए पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। गौरतलब है कि पेरिस ओलंपिक 2024 को मद्देनजर रखते हुए भारतीय टीम इस सीरीज के जरिए अपना अभ्यास पुख्ता करना चाहती है। दोनों टीमें सात अप्रैल को इसी मैदान पर हॉकी टेस्ट सीरीज का अपना दूसरा मैच खेलेंगी।

## आरयू के डायरेक्टर्स इलेवन ने स्टूडेंट्स इलेवन को हराया

### मास कॉम आरयू में फ्रेंडली क्रिकेट मैच

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची कॉलेज मैदान में गुरुवार को स्कूल आफ मास कम्युनिकेशन के छात्रों के दो टीमों डायरेक्टर्स इलेवन और स्टूडेंट्स इलेवन के बीच क्रिकेट मैच खेला गय। इस मैच में मुख्य अतिथि वरिष्ठ खेल पत्रकार और क्रिकेट कोच चचंल भप्ताचार्य थे। 10-10 ओवर के इस मैच में डायरेक्टर्स इलेवन ने स्टूडेंट्स इलेवन को चार विकेट से पराजित किया। स्टूडेंट्स इलेवन ने पहले खेलते हुये निर्धारित 10 ओवर में 97 रन बनाये। इसमें सर्वाधिक तनय खंडेलवाल ने 48 नाबाद रन बनाये। कुमार उत्कर्ष ने 14 रन बनाये। इस मैच में विभाग की छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। डायरेक्टर्स इलेवन की कप्तानी पिंटू



दूबे तथा स्टूडेंट्स इलेवन की कप्तानी बसंत कुमार ने की। वहीं, दूसरी ओर 97 रनों का पीछा करते हुये डायरेक्टर्स इलेवन ने 9 ओवर 5 गेंदों में लक्ष्य पूरा करके मैच जीत लिया। डायरेक्टर्स इलेवन की ओर से संदीप नाम ने सर्वाधिक 25 रन बनाये। उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। डायरेक्टर्स इलेवन की ओर से संकर्षण परिपूर्णन ने तीन विकेट लिये उन्हें बेस्ट बॉलर का पुरस्कार मिला। तनय खंडेलवाल को 48 नाबाद रनों के लिये बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार मिला। विजय टीम तथा बेस्ट बॉलर, बैट्समैन मैन आफ द मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि चंचल भप्ताचार्य तथा मास कॉम के निदेशक प्रो. (डॉ.) बीपी सिन्हा ने प्रदान किया।

# नीतीश सरकार में मंत्री सुमित सिंह के भाई अजय प्रताप आरजेडी में हुए शामिल, जमुई में एनडीए की बढ़ेगी टेंशन

एजेंसी

**पटना।** बिहार में एनडीए घटक के मंत्री सुमित कुमार सिंह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ तटस्थ हैं। वहीं, जमुई के पूर्व बीजेपी नेता सह पूर्व विधायक अजय प्रताप ने कमल का साथ छोड़कर आरजेडी का दामन थाम लिया। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर महागठबंधन की प्रत्याशी अर्चना रविदास के लिए समर्थन मांगने पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव जमुई पहुंचे थे। इसको लेकर आयोजित सभा में तेजस्वी यादव के सामने अजय प्रताप आरजेडी में शामिल हो गए। वहीं, अजय प्रताप का जमुई विधानसभा क्षेत्र में अच्छा दबदबा रहा है। ऐसे में अपनी राजनीतिक विरासत को बचाने के लिए अजय प्रताप आरजेडी में शामिल हो गए। आरजेडी में अजय प्रताप शामिल होते ही जमुई में राजनीति में हलचल तेज हो गई और इसका



भारी नुकसान एनडीए घटक के लोजपा आर के प्रत्याशी अरुण भारती को उठाना पड़ सकता है।

**दिवंगत पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह के बेटे हैं अजय प्रताप :** बता दें कि अजय प्रताप जमुई के दिवंगत पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह के बेटे हैं। 2010 के विधानसभा चुनाव जेडीयू के टिकट से अजय प्रताप चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी। दूसरी बार 2015 के विधानसभा चुनाव बीजेपी के टिकट से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार का सामना करना पड़ा था। तीसरी बार भी 2020 में समता पार्टी के टिकट से मैदान में उतरे, लेकिन तीसरी बार भी हार गए।

**देखने को मिलेगी कड़ी टक्कर :** जमुई विधानसभा के वोटर्स में अजय प्रताप का अच्छा प्रभाव है। ऐसे में पूर्व विधायक अजय प्रताप का आरजेडी में शामिल होने के बाद लोजपा आर के प्रत्याशी अरुण भारती और आरजेडी प्रत्याशी अर्चना रविदास के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है, लेकिन आगामी 19 अप्रैल को मतदान के समय जमुई की जनता ही इस पर फैसला करेगी कि किसको विजयी मुकुट पहनाना है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की विभिन्न कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक, दिए कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी एवं अब तक की गई कार्रवाई के निमित विभिन्न कोषांगों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर गठित सभी कोषांगो के नोडल पदाधिकारियों से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इनमें मुख्य रूप से पर्सनल एवं कंप्यूटराइजेशन सेल, इलेक्टोरल सेल एवं इवीएम मैनेजमेंट सेल, ट्रेनिंग सेल, एमसीसी, एमसीएमसी, ल एंड अर्डर सेल, कंप्लेन मनिटरिंग सेल, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मनिटरिंग सेल, स्वीप सेल, आईटी सेल, पोस्टल बैलट, इडीसी सेल, मीडिया एवं पब्लिसिटी सेल, मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम एवं



बैठक करते डीसी व अन्य

हटलाइन सेल, अब्जर्वर सेल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सेल, स्ट्रन्ग रूम सेल, एसएमएस मनिटरिंग एवं कम्यूनिकेशन प्लान सेल, जिला डक्यूमेंटेशन सेल, नमिनेशन एवं रिसीविंग सेल, एमसीएमसी सेल, वेलफेयर सेल एवं डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन सेल की एक एक कर बिंदुवार समीक्षा की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उक्त कोषांगों के संबंधित नोडल आफिसर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी लिया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनिवार्य रूप से सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी एवं अपने अधीनस्थ पदाधिकारी, कर्मियों को सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने सभी को सक्रिय भूमिका निभाते हुए सभी निर्देशों का अनुपालन करने का निर्देश दिया। साथ ही चुनाव कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की बात कही। उन्होंने मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर स्वीप नोडल पदाधिकारी को स्वीप एक्टिविटी के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कराने के लिए निर्देश दिया। साथ ही विभिन्न स्थानों पर बैनर पोस्टर आदि के माध्यम से भी अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि अधिक से अधिक जिले के योग्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, जिससे जिले के मतदान के प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी ने बताया कि अब तक 5 शिकायत सीविजिल माध्यम से दर्ज हुए है। जिसका निष्पादन ससमय कर लिया गया है। बैठक में मुख्य रूप से एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, एसी मतियश विजय टोप्पो, गढ़वा एसडीओ विजय कुमार, रंका एसडीओ रुद्र प्रताप, श्री बंशीधर नगर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, डीआरडीए निदेशक रवीश राज सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, गोपनीय प्रभारी सह भू अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद, जिला जन संपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह समेत विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने घायल हिरण को वन विभाग को सौंपा



घायल हिरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के रपुरा गांव में शनिवार को सुबह में पानी की तलाश में भटककर आये हिरण को कुत्तों के झुंड ने काटकर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने जब भागते हिरण एवं पीछे से कुत्तों के झुंड को देखा तो उसे तत्काल बचा लिया और वन विभाग को सूचना दी। साथ ही हिरण का प्राथमिक उपचार किया। सूचना मिलने पर भवनाथपुर वन क्षेत्र के वन रक्षी सचित कच्छप, सुनील राय एवं हेमंत कुमार की टीम ने ग्रामीणों से सम्पर्क कर हिरण को अपने कब्जे में ले लिया और हिरण को लेकर भवनाथपुर चले गये। बताया जाता है कि वनरक्षी द्वारा घायल हिरण का इलाज कराया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका और दफना दिया गया।

## मनरेगा का कार्य पोकलेन मशीन से करवाने वाले लाभुक, पोकलेन चालक तथा अज्ञात मालिक पर प्राथमिकी दर्ज

**डंडई।** प्रखंड के सोनेहारा पंचायत में पोकलेन और जेसीबी मशीन से मनरेगा की योजना कुआं खुदाई मामले में पंचायत सचिव दीपक कुमार तिवारी व रोजगार सेवक प्रमोद कुमार प्रजापति ने जांच किया है। जांच के क्रम में अधिकारियों ने पाया है कि मनरेगा के कुआं पोकलेन मशीन से खुदाई की गई है। जांच को लेकर बीडीओ जागो महतो ने बताया कि अखबार के माध्यम से जानकारी मिली थी कि सोनेहारा पंचायत में मनरेगा का कुआं पोकलेन मशीन से खोदा गया है। जिसको लेकर पंचायत सचिव दीपक कुमार तिवारी और रोजगार सेवक प्रमोद कुमार प्रजापति को जांच करने के लिए निर्देशित किया गया था। जांच के बाद पाया गया है कि कुआं पोकलेन मशीन से खोदा गया है। जो मनरेगा की योजना में मशीन के द्वारा कार्य कराना मनरेगा अधिनियम के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि कूप लाभुक अमरेश प्रजापति, पोकलेन चालक शुभम कुमार तथा अज्ञात पोकलेन मालिक पर प्राथमिक दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना वित्तीय वर्ष 2023-2024 की थी। आगे उन्होंने बताया कि मनरेगा योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है इस योजना में किसी भी तरह का मशीन का प्रयोग करना वर्जित है। यदि कोई भी व्यक्ति मशीन का प्रयोग करके मनरेगा का कार्य करवाता है तो जानकारी मिलते ही जांच कर संबंधित लोगों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना में पंचायत के मुखिया पति के द्वारा 35000 रुपए का रिश्वतखोरी की बात भी सामने आई है। जिसका जांच किया जा रहा है। यदि घूसखोरी की बात पुष्टि होती है तो दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## दो बहनों के बीच विदाई सामग्री का किया गया वितरण





विदाई सामग्री देती संस्था के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के गरीब की बेटियों के लिए कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी सहारा बनकर आगे आ रहा है। सोसाइटी की ओर से शनिवार को जिला मुख्यालय के जोबरईया गांव के जरूरतमंद सुनील कुमार बिंद की पुत्री व उंचरी मोहल्ला निवासी रामजी राम की पुत्री को विवाह सामग्री दिया गया।

सोसाइटी के जिला प्रबंधक बबन उर्फ अयूब खान ने बताया कि बाल विवाह को रोकने, लड़कियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संस्था की ओर से विवाह सामग्री का वितरण किया जाता है।

संस्था की ओर से बर्तन सेट, बेडशीट, तकिया, रजाई तोशक, बक्सा वर वधू के कपड़े और श्रृंगार का सामान दिया जाता है।

उन्होंने बताया कि कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी झारखंड बिहार में हजारों लड़कियों को शादी में सहयोग कर चुका है। अब यह संस्था छत्तीसगढ़ व महानगर मुंबई में भी जागरूक करने का कार्य शुरू कर दी है। बहुत जल्द मुंबई में भी सामुहिक विवाह कराकर अपने गरीब बहनों का डोली सजाने का कार्य करेगा। उन्होने कहा की गढ़वा जिला में संस्था की ओर से सामाजिक और जागरूकता कार्यक्रम लगातार किए जा रहे हैं। संस्था गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग, गरीबों के बीच कंबल, बच्चो के बीच किताब, खाद्य सामग्री का वितरण और बाल विवाह भ्रूण हत्या दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान भी चलाती है।

मौके पर शहर अफिस इंचार्ज बबन खान, टिंकू तिवारी, प्रतिमा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है : बाबूलाल



मंचासीन प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** देश विरोधी ताकतें नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते नहीं देखना चाहती है। विश्व के कई देश भारत की तरक्की से परेशान है। क्योंकि उन्होंने भारत को विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में खड़ा कर दिया तथा देश विकसित देशों को टक्कर दे रहा है। इसलिए उन्होंने देश में अपने दलाल छोड़ रखें है जो देश के खिलाफ साजिश रचने में लगे हैं। भाजपा कार्यकर्ता एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर ऐसी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दें। उक्त बातें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गढ़वा एवं रमना में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है। भाजपा व पीएम मोदी का कोई विकल्प नहीं रह गया है। वह जो संकल्प लेते हैं उसके पूरा होने की गारंटी है। इस सरकार ने भविष्य का विजन तैयार कर रखा है। झारखंड की सरकार में भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा लगा है। सरकार में शामिल लोग खनिज संपदा को लूटने व लूटवाने में लगे हैं। अवैध तरीके से जमीन की खरीद बिक्री में पूरा महकमा लगा हुआ है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कल्पना पूछती है कि आखिर हेमंत को किस गलती के लिए जेल भेज दिया गया। तो मैं उन्हें कहना चाहता हूं कि कल्पना सोरेन ईडी द्वारा 91 पेज का चार्टशीट किसी से पढ़वा ले उन्हें पता चल जाएगा कि हेमंत की गलती क्या है। कार्यक्रम को सांसद विष्णुदयाल राम, अलखनाथ पांडेय, विधायक भानू प्रताप शाही, पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी, ठाकुर प्रसाद महतो, मुकेश निरंजन सिन्हा, दुर्गा जौहरी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, सूरज गुप्ता, रामचंद्र केशरी, प्रमोद चौबे, संतोष दुबे आदि ने संबोधित किया। मौके पर विनय चौबे, ओमप्रकाश केशरी, चंदन जायसवाल, रितेश चौबे, प्रमोद चौबे, संजय ठाकुर, अंजली गुप्ता आदि उपस्थित थे।


## लापता

नाम :– मनीष नारायण
उम्र :– 50 साल
पता :– हवाई नगर, रोड न0–A04 दिशा नर्सिंग होम के बगल मे, बिरसा चौक
थाना :– जगनाथपुर
जिला :– राँची
रंग :– साँवला
लम्बाई :– 5 फुट 8 इंच
पहनावा :– लाल टी–सर्ट और ब्लू पैंट और चप्पल




उक्त व्यक्ति दिनांक 03/04/2024 को अपने घर से बिना कुछ कहे घर से निकल गए है। जिसका अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है।
कृपया अगर यह व्यक्ति कहीं नजर आए तो इस नम्बर पर संपर्क करें –
फोन न0 – 8789442283, 9939365770, 7004788759, 7827484288


## प्रधानाध्यापक की मनमानी से लकड़ी पर बनाया जाता है विद्यालय का मध्याह्न भोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के पुरहे पंचायत स्थित दवनकारा गांव के राजकीय त उत्क्रमित मध्य विद्यालय में भारी अनियमितता को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में ग्रामीण सह विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष राघव चंद्रवंशी, सचिन विश्वकर्मा, सूरज विश्वकर्मा, उपेंद्र यादव, अवधेश यादव, राजू कुमार,



लकड़ी पर बनता मध्याह्न भोजन

बबलू विश्वकर्मा, ललित विश्वकर्मा, सुनील यादव आदि ने बताया कि प्रधानाध्यापक राजकुमार राम के द्वारा मध्याह्न भोजन में भारी अनियमितता बरती जाती है और मनमानी तरीके से लकड़ी पर भोजन बनवाया जाता है। मेन्यू से हटकर इनके द्वारा बच्चों को भोजन परोसा जाता है।

इतना ही नहीं मयाह्न भोजन के लिए किराना एवं फल दुकान से कोरा यानी सादा वाउचर मंगाकर इनके द्वारा मनमाना अपने से वाउचर पर बिल बनाकर विभाग में पेश कर अवैध रूप से रुपए की निकासी की जाती है।

## शिव चबुतरा क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग

गढ़वा। थाना क्षेत्र के मकरी के बसेरियालेवा टोला निवासी सुदेश्वर पाल ने स्थानीय थाना में अपने भाई विजयमल पाल के खिलाफ शिव चबुतरा को क्षतिग्रस्त कर देने का आरोप लगाते हुए आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में सुदेश्वर पाल ने बताया कि वर्षों पूर्व पिताजी ने शिव चबुतरा की स्थापना की थी।

## पेज एक का शेष

### एक की मौत, रांची...

डॉक्टरों की टीम घायलों का इलाज में जुट गयी। एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। उसके शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया है।

**मृतक की शिनाख्त :** पुलिस ने मृतक बाइक सवार की पहचान तारकेश्वर महतो (42 ) के रूप में की। वह होंडा शाइन बाइक (जेएच 01 डीआर 6136) से रांची से रामगढ़ की तरफ आ रहे थे। उन्हें भी ट्रक ने जोरदार टक्कर मारी थी। तारकेश्वर प्रसाद महतो वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के सारूबेड़ा के रहने वाले थे।

**अफरातफरी मच गयी :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पाइप लदा बेकाबू ट्रक रांची से हजारीबाग की ओर जा रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ। खबर मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर जांच में जुटी। घायल सभी लोगों को इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रक की टक्कर से बस डिवाइडर से टकराकर पलट गयी। इस भीषण हादसे में दो दर्जन से ज्यादा यात्री घायल हो गये। मौके पर चीख-पुकार मच गयी।

**सीसीएल के दो अफसरों की हालत गंभीर :** रांची-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर चुटूपालू घाटी सड़क हादसे में घायल सीसीएल के दो पदाधिकारियों की हालत गंभीर बनी हुई है। उनकी पहचान कर्मा कोलियरी के असिस्टेंट मैनेजर भारत केसरी और कुज्जू जीएम ऑफिस में डिप्टी मैनेजर के पद पर पदस्थापित सीतेश कुमार के रूप में हुई है। वे दोनों वेन्यू कार से रामगढ़ की तरफ आ रहे थे। उनकी कार को ट्रक ने जब अपनी चपेट पर में लिया तो उनके कार के परखच्चे उड़ गए। ट्रक ने उनकी गाड़ी को मुख्य मार्ग से घसीटते हुए सीधे पहाड़ की तरफ पहुंचा दिया, जहां ट्रक और कार दोनों गाड़ियों की चट्टान से टक्कर हो गयी। पुलिस ने जब दोनों को गाड़ी से बाहर निकाल तो ऐसा लगा जैसे वह उनका आखिरी समय है। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल भर्ती कराया गया। उसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। रांची में वे दोनों अभी भी जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं।

### बंगाल में एनआइ की ...

हिंसक भीड़ ने गिरफ्तारी की औपचारिकताएं पूरी करने के लिए एनआईए टीम और उसके सुरक्षा घटक को भूपतिनगर पुलिस स्टेशन की ओर बढ़ने से रोकने की कोशिश की। एनआईए ने इस संबंध में स्थानीय पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करायी है।

**रात में छापामारी क्यों : ममता :** एनआइए की टीम पर हमले को ले पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का बयान सामने आया है। ममता ने कहा, 'उन्होंने आधी रात को छापा क्यों मारा? क्या उनके पास पुलिस की अनुमति थी? स्थानीय लोगों ने उसी तरह प्रतिक्रिया व्यक्त की, जैसे अगर कोई अन्य अजनबी आधी रात को उस जगह पर जाता। ममता ने कहा, 'वे चुनाव से ठीक पहले लोगों को क्यों गिरफ्तार कर रहे हैं? भाजपा क्या सोचती है कि वो हर बूथ एजेंट को गिरफ्तार कर लेगी? एनआईए को क्या अधिकार है? ये सब भाजपा को समर्थन देने के लिए कर रहे हैं। हम पूरी दुनिया से भाजपा की इस गंदी राजनीति के खिलाफ लड़ने का आह्वान करते हैं।

**ममता का कुशासन : भाजपा :** वहीं भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो शेयर कर घटना की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा, 'ममता बनर्जी के कुशासन के तहत पश्चिम बंगाल हमेशा की तरह अराजक बना हुआ है। ईडी अधिकारियों पर हमले के बाद अब एक और केंद्रीय एजेंसी निशाने पर आ गयी है। सैकड़ों ग्रामीणों ने न सिर्फ एनआईए टीम को आरोपियों को गिरफ्तार करने से रोका, बल्कि उनकी गाड़ियों पर पथराव भी किया। इससे पहले करोड़ों रुपये के राशन घोटाले के सिलसिले में शाहजहां शेख के घर पर छापा मारने गए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर भीड़ ने हमला किया था।

### रांची की उलगुलान महारैली ...

शनिवार को उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की और महारैली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए जरूरी निर्देश दिये। बैठक में पार्टी के केंद्रीय महासचिव और कोषाध्यक्ष विनोद पांडेय भी शामिल थे। कल्पना सोरेन ने कहा कि कैसे जब उनके नेता हेमंत सोरेन ने झारखंड की हक और अधिकार की बात की, अपना हक केंद्र से मांगा तो झूठे मामले में फंसा कर उन्हें जेल भेज दिया गया। उन्होंने उलगुलान महारैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी जिला इकाई से अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

**आज और कल भी करेंगी फिर बैठक :** रविवार को भी कल्पना सोरेन आठ जिले के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। सात को भी केंद्रीय कार्यालय में हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो, गढ़वा, पलामू, कोडरमा, गिरिडीह, प. सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला महासचिव और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन...

मामले को लेकर धुर्वा थाना में कांड संख्या 107/ 2023 दर्ज किया गया था। इसमें केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और रघुवर दास, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक अमित मंडल, समीर उरांव, सांसद निशिकांत दुबे सहित 41 नामजद एवं कई अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अर्जुन मुंडा की ओर से इसी प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह हाई कोर्ट से किया गया है।

### लोकतंत्र की मर्यादा ...

मोदी की गारंटी नहीं देने की है। बीते दिन चूरू में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा था। इसके बाद शनिवार को जयपुर में सोनिया गांधी ने पीएम मोदी पर प्रहार करते हुए कहा कि वह खुद को देश से ऊपर समझते हैं। खुद को महान बताने वाले हैं। ऐसे नेता देश में सिर्फ. डर का माहौल तैयार कर रहे हैं। वहीं श्री खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी रोज झूठ बोलते हैं। उन्हें आम लोगों की चिंता नहीं है। किसान परेशान हैं, हजारों लोग आत्महत्या करके मर रहे हैं । वे केवल अपना महिमामंडन करते हैं। इससे पहले पार्टी के घोषणापत्र को न्यायपत्र बताते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि इसका नाम न्याय पत्र इसलिए रखा गया है क्योंकि यह संघर्ष की आवाज है। ये एक संघर्ष की आवाज है, इस देश की आवाज है जो आज न्याय मांग रही है।

### कांग्रेस के घोषणापत्र में...

**जितना कीचड़ उछालोगे, उतना कमल खिलेगा :** पीएम ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा, वे जितना कीचड़ उछालेंगे, कमल उतना ही खिलेगा। मोदी चट्टान की तरह खड़ा है। पिछले 10 वर्षों में लूट और भ्रष्टाचार की बीमारी का परमानेंट इलाज कर इनकी दुकान का शटर गिरा दिया। ये सब तो ट्रेलर है, अभी तो बहुत कुछ करना है। आपका सपना-मोदी का संकल्प है। 2047 तक भारत को विकसित कर , दुनियां की तीसरी आर्थिक ताकत बनाना है।

**घमंडिया गठबंधन मोदी से परेशान है :** पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार थी तो जो पैसा भेजा जाता, उसे बीच में ही लूट लेते थे। जांच में पता चला कि कांग्रेस ने 10 करोड़ से ज्यादा फर्जी लाभार्थी बनवाकर रखे थे, जो कभी पैदा नहीं हुएष ये पैसा कांग्रेस के बिचौलिए के पास जाता था। पीएम ने कहा कि 'मैंने जांच एजेंसियों को खुली छूट दी है। कांग्रेस के एक सांसद के यहां से 300 करोड़ रुपए नकद पकड़े गये। यही कारण है कि घमंडियां गठबंधन मोदी से परेशान है। इसलिए चिढ़ता है गाली देता है। 'मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ, ये कितना भी बोलते रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी की लड़ाई जारी रहेगी। आपका आशीर्वाद है तो मैं लड़ता रहूंगा।

# भाजपा ने हाशिये पर पड़े लोगों को दी आवाज : मोदी

## प्रधानमंत्री ने पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकार्ताओं को दी शुभकामना, कहा- 140 करोड़ देशवासियों के सपनों का प्रतीक बन गयी पार्टी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के 45वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं को शुभकामनायें देते हुये शनिवार को कहा कि उनके त्याग एवं तप से भाजपा 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं एवं सपनों का प्रतीक बन गयी है, जिसे लोग 21वीं सदी में भारत का योग्य नेतृत्वकारी दल मानते हैं। श्री मोदी ने सुबह एक्स पर कई पोस्ट में स्थापना दिवस का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के स्थापना दिवस पर, मैं पूरे भारत के सभी साथी पार्टी कार्यकताओं को शुभकामनायें देता हूं। मैं उन सभी महान महिलाओं और पुरुषों की कड़ी मेहनत, संघर्ष और बलिदान को भी बड़ी श्रद्धा के साथ याद करता हूं, जिन्होंने वर्षों तक हमारी पार्टी का निर्माण किया। मैं बड़े विश्वास के साथ कह सकता हूं कि हम भारत की पसंदीदा पार्टी हैं, जिसने हमेशा राष्ट्र प्रथम के आदर्श वाक्य के साथ काम किया है।

**योजनाओं और नीतियों ने गरीबों और वंचितों को ताकत दी है, जो लोग दशकों तक हाशिये पर थे**

उन्होंने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि भाजपा ने अपने विकासोन्मुख दृष्टिकोण, सुशासन और राष्ट्रवादी मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के लिये अपनी पहचान बनायी है। हमारे कार्यकर्ताओं द्वारा संचालित, हमारी पार्टी 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतीक है। भारत के युवा हमारी पार्टी को एक ऐसी पार्टी के रूप में देखते हैं जो उनकी आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है और 21वीं सदी में भारत को नेतृत्व प्रदान कर सकती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे केंद्र हो या राज्य, हमारी पार्टी ने सुशासन को नयी परिभाषा दी है। हमारी योजनाओं और नीतियों ने गरीबों और वंचितों को ताकत दी है, जो लोग दशकों तक हाशिये पर थे, उन्हें हमारी पार्टी में एक आवाज और आशा मिली। हमने सर्वांगीण विकास प्रदान करने की दिशा में काम किया है, जिससे प्रत्येक भारतीय के लिये जीवनयापन में आसानी को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने भारत को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, सांप्रदायिकता और वोट बैंक की राजनीति की संस्कृति से भी मुक्त किया है, जो देश पर सबसे लंबे समय तक शासन करने वालों की पहचान थी।

मोदी ने कहा कि हमें राजग का अभिन्न अंग होने पर भी गर्व है, जो राष्ट्रीय प्रगति और क्षेत्रीय आकांक्षाओं के बीच पूर्ण सामंजस्य प्रदर्शित करता है। राजग एक जीवंत गठबंधन है, जो भारत की विविधता को समाहित करता है। हम इस साझेदारी को संजोते हैं, और मुझे यकीन है कि आने वाले समय में यह और भी मजबूत होगी।



**गाजियाबाद में प्रधानमंत्री के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब**

**गाजियाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में रोड शो किया। जैसे ही रोड शो शुरू हुआ, वैसे ही लोगों ने जय श्री राम के उद्घोष से पूरा इलाका गूंज उठा। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री योगी व प्रत्याशी अतुल गर्ग ने चुनाव चिह्न कमल का फूल भी ले रखा था। प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए लोग खासे उत्साहित दिन रहे थे। मोदी,योगी के नारे भी लगा रहे थे। कई भाजपा कार्यकर्ता पीएम मोदी का मुखौटा भी पहने हुए हैं।**

## प्रधानमंत्री आज करेंगे बिहार और बंगाल में सभाएं

**नयी दिल्ली।** आम चुनाव में भाजपा के चुनाव अभियान का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को बिहार और पश्चिम बंगाल में चुनाव सभाओं को संबोधित करेंगे। श्री मोदी रविवार को दोहपर 12 बजे बिहार में नवादा में जनसभा को संबोधित करेंगे और वहां से पश्चिम बंगाल में जलपाईगुड़ी में पार्टी द्वारा 3.15 बजे आयोजित दूसरी चुनाव सभा में भाग लेंगे। नवादा और जलपाईगुड़ी सीटों पर मतदान पहले चरण में 19 अप्रैल को कराया जाएगा। नवादा सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सभा सांसद विवेक ठाकुर को प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर कुल आठ प्रत्याशी हैं। अनुमान है कि भाजपा का मुकाबला राष्ट्रीय आरजेडी के सरवन कुशवाहा से होगा। इस सीट पर बसपा ने रंजीत कुमार को उतारा है।

## स्पीड न्यूज

### कांग्रेस ने मप्र, गोवा के लिए 6 प्रत्याशियों के नाम किए घोषित

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने मध्य प्रदेश, गोवा तथा दादर नगर हवेली में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम शनिवार को घोषित किये। महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने मध्य प्रदेश के लिए तीन गोवा की दो तथा दादर नगर हवेली की एक लोकसभा सीट पर चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किये हैं। उत्तर गोवा लोक सभा सीट के लिए रमाकांत क्लब तथा दक्षिण गोवा लोकसभा सीट के लिए कैप्टन विरियाटो फनार्डीस को टिकट दिया गया है। मध्य प्रदेश के मुरैना से सत्यपाल सिंह शिकारवार (नीतू) ग्वालियर से प्रवीण पाठक खंडवा से नरेंद्र पटेल, दादर नगर हवेली (अजजा) से अजीत रामजी भाई महला को टिकट दिया है।

### बीजापुर में मुठभेड़ तीन नक्सली ढेर

**बीजापुर।** जिले के उसूर थाना क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर डोलीगुट्टा के पहाड़ी-जंगल में शनिवार सुबह नक्सलियों के साथ सुरक्षा बल जवानों की मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं। जवानों ने मौके से एलएमजी और एके-47 सहित कई हथियार बरामद किए हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं। मुठभेड़ के बाद आसपास सघन सर्चिंग जारी है। मारे गये तीन नक्सलियों में 25 लाख के इनामी नक्सली प्लाटून 02 के कमांडर सागर को जवानों ने ढेर कर दिया है।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 तक बढ़ी

**नयी दिल्ली ।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को इडी के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी। श्री सिसोदिया न्यायिक हिरासत में हैं और उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री को सबसे पहले पिछले साल पहले 26 फरवरी को सीबीआई ने और बाद में नौ मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ट्रायल कोर्ट, दिल्ली उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय ने दोनों मामलों में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था।

### चीनः कोयला खान दुर्घटना में चार मरे

चांगशा । चीन के हुनान प्रांत के लेंगशुइजियांग शहर में कोयला खदान दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि घटना शुक्रवार शाम 08:30 बजे हुयी और बचाव अभियान शुक्रवार देर रात दो बजे तक चला। घटना के कारणों की जांच जारी है।

### अमेरिका में भूकंप के झटके, हिली इमारतें

**वाशिंगटन।** पूर्वोत्तर संयुक्त राज्य अमेरिका के कुछ स्थानों पर भूकंप के तेज झटकों से इमारतें हिलने लगीं। भूकंप का अहसास होते ही लोगों घरों और कारों से बाहर निकल आए। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने शुक्रवार सुबह 10:23 बजे आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.8 बताई है। पूर्वोत्तर संयुक्त राज्य अमेरिका में इसके झटके फिलाडेल्फिया से बोस्टन तक महसूस किए गए। मैनहट्टन और पांच नगरों में तेज झटकों से इमारतें हिलने लगीं।

### सिंगापुर में 36 ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**सिंगापुर।** सिंगापुर के सीएनबी ने शनिवार को कहा कि नशील पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाये गये अभियान में 36 लोगों गिरफ्तार किया गया। एक बयान में कहा गया कि टेलीग्राम पर ऑनलाइन चैट एप्लिकेशन का इस्तेमाल करके नशीले पदार्थों की गतिविधियों लिप्त लोगों के खिलाफ सीएनबी अभियान में मंगलवार को गिरफ्तारियां हुई हैं।

# समाज के लिए जो खतरा बनेगा उसका राम नाम सत्य निश्चित

## उप्र के सीएम योगी ने अपराधियों को दी खुली चेतावनी

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि जो भी समाज की सुरक्षा के लिए खतरा बनेगा, उसका राम नाम सत्य (अंतिम संस्कार) निश्चित है। उन्होंने यह बात शुक्रवार देर शाम भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी सतीश कुमार गौतम के लिए अलीगढ़ में एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि किसी ने कभी नहीं सोचा था कि बेटियां और व्यापारी रात में बिना किसी चिंता के बाहर निकल सकते हैं। हम बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए राम नाम सत्य (अंतिम संस्कार) सुनिश्चित करते हैं। हम भगवान राम के नाम का जाप करते हुए अपना जीवन जीते हैं। राम के बिना कुछ भी संभव नहीं है, लेकिन जब कोई समाज की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करता है, तो राम नाम सत्य भी निश्चित है।

**जो सपना था वह अब हकीकत बन रहा है :** मुख्यमंत्री योगी ने निरंतर प्रगति और विकास के लिए

**▶▶ बेटी व व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरा बनने वाले का होगा अंतिम संस्कार**

मतदान के महत्व पर जोर दिया। योगी ने कहा कि 10 साल पहले जो सपना था वह अब हकीकत बन रहा है, और यह आपके वोट के मूल्य के कारण हो रहा है। एक गलत वोट देश को भ्रष्टाचार की गहराई में ले जाता। पहले अराजकता, कर्फ्यू और अराजकता थी। योगी ने कहा कि बेटियां, हमारे युवा खतरे में थे।

**भविष्य की गारंटी सुनिश्चित :** आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की और उन्हें देश भर में चल रहे बुनियादी ढांचे के विकास का श्रेय दिया. ह्लजब आपने मोदी जी को अपना वोट दिया, तो यह मोदी के नाम के तहत है, आपने अपने भविष्य की गारंटी सुनिश्चित की. चाहे वह विश्व स्तरीय संरचनाएं हों, राजमार्ग हों, हवाई अड्डे हों, रक्षा गलियारे हों, मेडिकल कॉलेज या विवि हों, वे सभी बनाए जा रहे हैं।



**भ्रष्टाचार और अराजकता के खिलाफ जीरो टॉलरेंस**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि संगठन ही सेवा है। कोरोना के दौरान पीएम ने भाजपा के कोटि-कोटि कार्यकताओं को यह मंत्र देकर उन्हें जनता-जनार्दन की सेवा में लगाया था। योगी ने कहा कि दुनिया ने माना है कि आतंकवाद चुनौती है। इससे मुक्ति मिलनी ही चाहिए। इसलिए सरकार का भ्रष्टाचार, अराजकता के खिलाफ जीरो टॉलरेंस है। योगी आदित्यनाथ शनिवार को सहारनपुर में भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल व कैराना से उम्मीदवार प्रदीप चौधरी के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर मां शाकुंभरी की पावन धरा पर कोटि-कोटि कार्यकर्ताओं को बधाई दी। सीएम ने कहा कि सहारनपुर उत्तर प्रदेश की नंबर एक की लोकसभा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह क्रम चुनाव परिणाम में भी देखने को मिलेगा। सीएम ने कहा कि सौभाग्यशाली हैं कि हमने बदलते हुए भारत को देखा है।

## चुनाव आयोग ने मांगी एनआइए टीम पर हमले की रिपोर्ट

**कोलकाता।** एनआइए की टीम पर शनिवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर में एक आक्रामक भीड़ के हमले से सियासी तूफान खड़ा हो गया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एनआईए अधिकारियों पर ही महिलाओं पर हमले के आरोप लगाए हैं तो वहीं विपक्ष ममता बनर्जी के बयान की चौतरफा निंदा कर रहा है। इस बीच चुनाव आयोग ने पुलिस से इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एनआईए ने कहा कि लोगों ने उनकी टीम पर हमला किया जिसमें उसके एक सदस्य को चोटें आईं और एजेंसी का एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। भारतीय चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के माध्यम से पूर्वी मेदिनीपुर जिले के जिला मजिस्ट्रेट से हमले के बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। पश्चिम बंगाल में तीन महीने में केंद्रीय जांच एजेंसी पर यह दूसरा हमला है। इससे पहले पांच जनवरी को संदेशखाली में स्थानीय लोगों ने ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमला किया था, जिसमें निलंबित तृणमूल नेता शेख शाहजहां को गिरफ्तार किया गया है।

# 200 से भी नीचे सिमट जायेगी भाजपा : खड़गे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि मोदी सरकार 2024 के आम चुनाव को लेकर भले ही बहुत आत्मविश्वास जता रही है लेकिन जमीनी हालात बता रहे हैं कि इस बार के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के वही हाल होना हैं जो 2003 04 के आम चुनाव में उसके इंडिया शाइनिंग नारे का हुआ था।

श्री खडगे ने कहा कि मोदीजी दुनिया भर के हर विषय पर चर्चा करते हैं लेकिन कभी आपने सुना कि महंगाई, बेरोजगारी, अमीर और गरीब की बढ़ती खाई, किसानों की आमदनी पर कोई चर्चा हुई। मोदी सरकार का 2024 के चुनाव में वही हाल होगा जो 2003-04 में इंडिया शाईनिंग नारे का हुआ था। भाजपा 200 से भी नीचे सिमट जायेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 2024 के चुनाव के लिए देश के सामने पांच न्याय और 25 गारंटी का एजेंडा रखा है। इसमें युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय शामिल है। युवा न्याय में हर शिक्षित युवा की पहली नौकरी पक्की और एक लाख रुपए सालाना स्टाइपैंड

**मोदी सरकार का इंडिया साइनिंग वाला होगा हाल**



मिलेगा जबकि नारी न्याय में गरीब परिवार की महिला को सालाना एक लाख की मदद देंगे। किसान न्याय में किसानों की कर्ज माफ कर एएसपी की कानूनी गारंटी देंगे।श्रमिक न्याय में मनरेगा में 400 रुपए रोज न्यूनतम मजदूरी मिलेगी और हिस्सेदारी न्याय के तहत सामाजिक, आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति और हर वर्ग की गिनती या जातीय जनगणना होगी।

श्री खड़गे ने कहा कि पांच अप्रैल को मोदीजी ने राजस्थान में कहा कि 10 सालों में उन्होंने विकसित भारत की नींव रख दी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का विकास होगा तभी देश का विकास होगा। जिस व्यक्ति ने 10 सालों में देश को तबाह और बर्बाद किया वो विकसित भारत की नींव रखने की बात कर रहा है।

# लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ हो : राजनाथ सिंह

**सिंगरौली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के चुनाव एक साथ होने चाहिए। इसी तरह नगर पंचायत, नगर पालिका और जो भी चुनाव होने हैं, वो देशभर में एक साथ होने चाहिये। बार-बार चुनाव से देश के पैसों की बर्बादी होती है। रक्षा मंत्री सिंह शनिवार को मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में बैढ़न स्थित रामलीला मैदान में भाजपा उम्मीदवार राजेश मिश्रा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में विशेषज्ञों ने मान लिया था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार नहीं बन रही है, लेकिन हमें प्रदेश की जनता पर भरोसा था और वो कायम रहा। प्रदेश की जनता ने भाजपा को पूर्ण



बहुमत की सरकार दी। अब फिर चार महीने के बाद लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। मेरा मानना है कि बार-बार चुनाव का होना बंद होना चाहिए। एक देश-एक चुनाव होना चाहिए। लोकसभा के साथ विधानसभा, नगर पंचायत, पालिका, सभी का चुनाव एक साथ कराना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि नागरिकता कानून मुसलमान भाइयों के लिए हितकर है।

## सीबीआइ ने तीन नवजात को बचाया

**नयी दिल्ली ।** सीबीआइ ने शिशु तस्करों के एक नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है और दिल्ली तथा हरियाणा में सात अलग-अलग स्थानों पर तलाशी के दौरान तीन नवजात शिशुओं को बचाया है। सीबीआई ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने तलाशी के दौरान 5.5 लाख नगद, कई आपत्तिजनक वस्तुएं और अन्य दस्तावेज भी बरामद हुए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के हिस्से के रूप में, सीबीआई ने दिल्ली और हरियाणा में सात ठिकानों पर तलाशी ली। सीबीआई ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान उसने सिर्फ डेढ़ दिन और 15 दिन के दो शिशुओं और एक महीने की एक बच्ची को भी बचाया है।

# यूक्रेन पर रूस का हमला, 10 की मौत और 23 घायल

**▶▶ 24 निजी घरें व 9 अपार्टमेंट ब्लॉक सहित 40 से अधिक इमारतें हुयीं क्षतिग्रस्त**

एजेंसी

**कीव।** पिछले 24 घंटों में यूक्रेन पर रूसी हमलों में कम से कम 10 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को ये जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जापोरीज़िया के गवर्नर इवान फेडोरोव ने कहा कि दक्षिणी शहर जापोरीज़िया में मिसाइल हमलों में चार लोग मारे गए और 23 घायल हो गए।

फेडोरोव ने कहा कि हमले में 24 निजी घरों और नौ अपार्टमेंट ब्लॉक सहित 40 से अधिक इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। इसके अलावा, खार्किव के मेयर इहोर तेरेखोव के



अनुसार, यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर पर रात भर हुए मिसाइल हमलों में छह लोग मारे गए और 11 अन्य घायल हो गए।

तेरेखोव ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि हमले में उत्तरी शेवचेनकिवस्की जिले के आवासीय इलाकों को निशाना बनाया गया जिसमें नौ अपार्टमेंट, तीन शयनगृह, दो किंडरगार्टन, दो स्कूल और एक गैस स्टेशन क्षतिग्रस्त हो गया। यूक्रेनी वायु सेना के कमांडर मायकोला ओलेशुक ने कहा कि रूस ने रात भर यूक्रेन पर छह मिसाइलें और 32 लड़ाकू ड्रोन लॉन्च किए। उनके मुताबिक, तीन मिसाइलों और 28 ड्रोन को इंटरसेप्ट किया गया है। कीव क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन ने कहा कि कीव को भी निशाना बनाया गया, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

## रूस पर यूक्रेन ने 53 ड्रोन से किया हमला

यूक्रेन ने रूसी सीमा के रोस्तोव क्षेत्र में 53 ड्रोन से हमला किए जिसे यूक्रेन की तरफ से अबतक के सबसे बड़े हवाई हमलों में एक माना जा रहा है। हालांकि, रूसी सेना ने सभी ड्रोन मार गिराने का दावा किया है।

इनमें से 44 ड्रोन को मोरोजोस्की में मार गिराया गया। रोस्तोव गवर्नर ने कहा कि हमले में एक पावर सवस्टेशन को क्षति पहुंची है। यूक्रेन के अधिकारियों की ओर से इस संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की गई है। रूसी मीडिया की ओर से कहा गया है कि मोरोजोस्की के पास सैन्य हवाई क्षेत्र स्थित है। हालांकि, साफ नहीं हो पाया है कि उनका निशाना सैन्य हवाई क्षेत्र था या नहीं।

# त्रिकोणीय मुकाबले में फंसे सीपीएम के सलीम

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुर्शिदाबाद लोकसभा सीट के लिए होने वाले चुनाव में मुकाबला दिलचस्प होता दिख रहा है। माकपा ने अपनी राज्य इकाई के सचिव मोहम्मद सलीम को मैदान में उतारा है लेकिन मुर्शिदाबाद से मौजूदा सांसद व टीएमसी उम्मीदवार अबू ताहिर खान सियासी प्रतिद्वंद्वी के रूप में सलीम को ज्यादा तवज्जो न देते हुए दावा करते हैं कि उनका मुकाबला मुर्शिदाबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक और भाजपा प्रत्याशी गौरीशंकर घोष से है।

इस निर्वाचन क्षेत्र को अपेक्षाकृत एक पिछड़े क्षेत्र के तौर पर देखा जाता है जहां चुनाव के दौरान अक्सर हिंसा की खबरें लोगों को सुनने को मिलती हैं। तीनों उम्मीदवार इस बात से सहमत हैं कि मुर्शिदाबाद जिले में हिंसा बड़ा

**महासमर**

**▶▶ मुर्शिदाबाद से सीपीएम ने मोहम्मद सलीम को मैदान में उतारा, टीएमसी ने मौजूदा सांसद अबू ताहिर खान को बनाया है प्रत्याशी**

**▶▶ भाजपा विधायक गौरीशंकर घोष भी दे रहे हैं कड़ी टक्कर**

मुद्दा है लेकिन उन्हें लगता है कि लोकसभा चुनाव में इसका कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। उम्मीदवारों का मानना है कि हिंसक गतिविधियां पंचायत चुनाव के दौरान ज्यादा होती हैं। वर्ष 2003 के बाद से जिले में सभी पंचायत चुनावों में हिंसा और मौतें हुई हैं।

सलीम ने कहा कि स्थानीय जनता का प्रवासी मजदूरों के रूप में काम करना, संशोधित सीएए और तृणमूल के कुछ नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप जैसे कुछ प्रमुख मुद्दे हैं। उन्होंने कहा कि



दो सत्ता विरोधी शक्तियां संयुक्त रूप से काम कर रही हैं, एक भाजपा के खिलाफ है और दूसरी तृणमूल के खिलाफ। उन्होंने कहा कि वाम-कांग्रेस गठबंधन को इसका लाभ मिलेगा।

तृणमूल के उम्मीदवार अबू ताहिर खान ने दूसरी बार जीत हासिल करने का विश्वास जताते हुए दावा किया कि निर्वाचन क्षेत्र में सलीम से खतरा नहीं हैं। खान, 2019 लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस विधायक के रूप में इस्तीफा देकर ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल हो गये थे। उन्होंने कहा, ' मोहम्मद सलीम अपनी पार्टी के लिए कद्दावर नेता हो सकते हैं लेकिन मुर्शिदाबाद में उनका कोई जमीनी आधार नहीं है। उन्होंने दावा किया कि माकपा ने सलीम के लिए मुस्लिम बहुल सीट ढूंढ़ी है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, मुर्शिदाबाद जिले में 66 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम आबादी है जबकि हिंदुओं की तादाद 33 प्रतिशत है। भाजपा उम्मीदवार गौरीशंकर घोष ने दावा किया कि सीएए लागू करने से निर्वाचन क्षेत्र में पार्टी की संभावनाओं पर किसी प्रकार का कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। संसद में सीएए विधेयक पारित होने के बाद 2019 में मुर्शिदाबाद जिले में व्यापक स्तर पर हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे लेकिन 11 मार्च को कानून लागू किये जाने के बाद ऐसी कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई।

## अक्षरा सिंह का गाना डिफेंडर हुआ रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह का पंजाबी सिंगर मनकीरत औलख के साथ गाना डिफेंडर रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह और पंजाबी रॉक स्टार मनकीरत औलख की जोड़ी ने अपने नए गाने डिफेंडर से धमाल मचा दिया है। डिफेंडर एक हरियाणवी पॉप ट्रैक है, जिसे मनकीरत औलख के साथ हरियाणा की फीमेल सिंगर रेणुका पंवार ने आवाज दी है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !